ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 5, अंक 79, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 15

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 16


# दूसरा आतंकी भी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

जम्मू, एजेंसी



कठुआ के सैदा सुखल गांव में मोर्चा संभाले जवान। ● एजेंसी

- आतंकवादियों से मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी हुए घायल
- हथियार, गोला-बारूद, एक लाख नकदी जब्त

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे दूसरे आतंकवादी को भी सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इससे पहले मंगलवार रात एक आतंकवादी मारा गया था।

मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। बताया कि मंगलवार रात आतंकवादियों ने गांव में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें मध्य प्रदेश के निवासी सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू क्षेत्र के एडीजी आनंद जैन ने कहा कि दो आतंकवादी जो हाल में सीमापार से घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए। एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है।

# खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट का पड़ा असर

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा



- बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## एक नजर

### गैंगस्टर जयेश पुजारी पर अदालत में हमला

**बेलगावी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक कुमार को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर जयेश पुजारी ने बुधवार को कर्नाटक में बेलगावी जिला अदालत में पेशी के समय पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए। फिरौती की मांगों और गडकरी के नागपुर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए कुख्यात पुजारी ने न्यायाधीश के समक्ष अपना मामला पेश करने का मौका नहीं दिए जाने पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया तो वहां मौजूद अधिवक्ताओं और लोगों ने पुजारी से मारपीट शुरू कर दी।

### राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

**नई दिल्ली।** करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

# कुवैत में रिहाइशी इमारत में लगी भीषण आग, 49 लोगों की मौत

## हादसे में 50 से अधिक घायल, मरने वालों में 40 से अधिक भारतीय नागरिक

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- कुवैत के गृहमंत्री ने दिए घटना की जांच और इमारत के मालिक चौकीदार की गिरफ्तारी के निर्देश
- मगफ की छह मंजिला इमारत में एक ही कंपनी में काम करने वाले कई देशों के 195 श्रमिक रहते थे

दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। मरने वालों में 40 से अधिक भारतीय हैं। बाकि पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्र, नेपाल के नागरिक थे। लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेट के मंगफ क्षेत्र में अल मंगफ नामक छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। इमारत में एक ही कंपनी के 195 मजदूर रहते थे। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हो गए।



कुवैत के मंगफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां।

कुवैत के गृह मंत्रालय के सामान्य आपराधिक साक्ष्य विभाग के प्रमुख मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा कि हमें सुबह ठीक 6 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) मंगफ क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली। मृतकों में अधिकतर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के हैं जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। संबंधित इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर ले रखा था। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 965-65505246। जारी किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। कुवैत के गृहमंत्री शेख फहद ने घटना की जांच के साथ इमारत के मालिक तथा चौकीदार को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक, हरसंभव सहायता के निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने से कई भारतीयों की मौत के बाद एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। मोदी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने की भी घोषणा की। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्र, एनएसए अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा आदि मौजूद थे।

### विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत रवाना

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

# हरदोई में बालू से भरा ट्रक झोपड़ी पर पलटा, 4 बच्चों समेत 8 की मौत

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर झोपड़ी पर पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

- सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहा था परिवार, जेसीबी की मदद से शवों को बाहर निकाला
- बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर 2 के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बुधवार तड़के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास सड़क किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिला और चार बच्चे शामिल हैं। जेसीबी, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि ड्राइवर अवधेश पुलिस की गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात दो बजे के लगभग बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 निवासी अवधेश (45) पुत्र रामपाल, उसकी पत्नी सुधा (42), बेटी सुनैना (12), कोमल (7) व चार वर्षीय बुद्धू अपने डेरे (झोपड़ी) के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। जबकि पास में दूसरी चारपाई पर अवधेश की बेटी हीरो (25) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (26) उसकी पुत्री बिट्टो (6) और 2 वर्षीय बेटा बिहारी सो रहे थे। इसी बीच बालू से ओवरलोड ट्रक चुंगी नंबर-2 स्पीड ब्रेकर के पास पहुंचते ही सो रहे लोगों के ऊपर पलट गया, सभी लोग बालू के नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और किसी तरह बिट्टो को खींचकर बाहर निकाला,लेकिन बाकी लोग दबे रहे। सूचना पर एसएचओ मल्लावां निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से बालू हटवा कर ट्रक के नीचे दबे आठ लोगों को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा, लेकिन रास्ते में ही सभी की मौत हो चुकी थी। बिट्टो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ड्राइवर अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक राजकीय सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# निर्धारित समय में मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नपा में 7 व ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन तय

**अमृत विचार :** प्रदेश के लोगों को अब निर्धारित समय में नया बिजली कनेक्शन मिलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नगर पालिका क्षेत्र में 7 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन की समय सीमा तय की गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत आदेश जारी किए हैं।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कनेक्शन के लिए जहां बिजली लाइन बनाने की आवश्यकता नहीं है, वहां तय अवधि में कनेक्शन दे दिया जाए। वितरण लाइन के विस्तार या नया ट्रांसफार्मर लगाने के मामलों में 90 दिन के भीतर नया कनेक्शन दिया जाए।

### 29,820 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में बुधवार को फिर बिजली मांग का पिछला रिकार्ड टूट गया। अधिकतम मांग बढ़कर 29,820 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने यह मांग पूरी कर नया रिकार्ड बनाया। बिजली आपूर्ति के मामले में प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में नंबर वन पर पहुंच गया है।

# दीवार गिरने से भाई-बहन समेत तीन की मौत

**बहराइच।** बुधवार तड़के रामगांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर माफी गांव में छत पर सो रहे पांच लोगों पर पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के मकान की जर्जर दीवार गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर रहीश के पुत्र गुफरान (5), पुत्री मिसबा (3) और भांजे इमरान (10) की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल रहीश (35) व उनकी पत्नी शरीफुन निशा (30) जिला अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, जिस मकान की दीवार गिरी, वह काफी पुराना व जर्जर है। मकान मालिक अपने परिवार सहित दूसरे गांव में रहता है।

# रायबरेली सीट छोड़ें या वायनाड

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी

## दुविधा में राहुल



- कांग्रेस नेता ने कहा-मेरे फैसले से दोनों क्षेत्रों के लोग खुश होंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा कि मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं। दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है क्योंकि मैं एक इंसान हूं।

### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** सांसद बनने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सांसद बने सपा के अन्य सात विधायक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। कन्नौज सीट से सांसद बने अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से तो वहीं फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट के इस्तीफा दिया।

# मोदी वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि की 17वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

**अमृत विचार :** पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। आभार यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान की 17वीं किस्त देने वाले हैं। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी आने वाले मंगलवार को पहली बार वाराणसी आएंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान मोदी वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह किसानों को सम्मानित करेंगे और किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। जिससे काशी के लगभग 267,665 किसान लाभान्वित होंगे।

### मोदी जी-7 सम्मेलन में भाग लेने इटली जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

# मां ने चार वर्ष के इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर जला दिया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बेटे को लेकर पिता डॉक्टर के पास गया लेकिन नहीं बचा पाया
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी मां को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में मां ने चार वर्षीय इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर आग के हवाले कर दिया। खेत से लौटे पिता ने किसी तरह बेटे को आग से निकाला और चिकित्सक के पास ले गया, लेकिन चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि गांव जलालपुर हसना निवासी कपिल कुमार की पत्नी आदेश ने बुधवार की सुबह अपने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। उसने शव को जलाने का प्रयास किया। महिला ने अपने बच्चे की हत्या क्यों की, अभी पता नहीं चल सका है। पूछताछ में महिला ने कोई कारण नहीं बताया है। मायके वाले महिला को मानसिक रूप से कमजोर बता रहे हैं जबकि पति इससे इनकार कर रहा है। पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

### बेटे के शव को छूते ही पति को मारने दौड़ी

बच्चे के पिता कपिल ने बताया कि वह खेत से लौटा तो पता चला कि मेरी पत्नी ने बेटे को मार डाला है। आग में बेटे का शव रखा हुआ था। शव हटाने लगा तो पत्नी मुझे मारने के लिए दौड़ी। इस दौरान वह कह रही थी कि सबको मार दूंगी। सुबह ऐसी कोई बात नहीं थी। मैं नाश्ता करके खेत गया था। सब ठीक था, परिवार में कोई विवाद भी नहीं था।

> सूचना मिली थी कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मां ने बच्चे की हत्या कर शव जलाया है। पुलिस मौके पर पहुंची। पिता की तहरीर पर बच्चे की मां के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। – **राम अर्ज**, एसपी ग्रामीण।

# संसद सत्र 24 जून से शुरू, 3 जुलाई को समाप्त

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई को समाप्त होगा। सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज का खाका प्रस्तुत कर सकती हैं। रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

# सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 5,856 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- 12,460 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को ऑनलाइन मिलेंगे विद्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही 5,856 शिक्षक मिल जाएंगे। इसके लिए परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 51 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप पर नियुक्त शिक्षक अभ्यर्थियों का ब्योरा मांगा है। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

बता दें कि 12,460 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष 5,856 शिक्षकों को विद्यालय में तैनाती दी जाएगी। ये वह शिक्षक हैं जिनका मामला न्यायालय में लंबे समय से अटका हुआ था। अब इनके पक्ष में निर्णय आने के बाद तैनाती के लिए सचिव ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को उन विद्यालयों में तैनाती दी जाएगी। जहां पर पहले से शिक्षकों कमी है। इस संबंध में विद्यालयों की सूचना भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से मांगी गई है।

> चयनित शिक्षक अभ्यर्थी जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया है। उनको विद्यालय आवंटन की कार्यवाही राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर मांगी गई है। इसके लिए 15 जून तक का समय दिया गया है। –**सुरेन्द्र कुमार तिवारी**, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद

### इन 51 जिलों में तैनात होंगे शिक्षक

फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, मथुरा, बदायूं, पीलीभीत, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, कानपुरदेहात, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलिया, शामली।




## शहर में आज



☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना सुबह 7 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हाईवे स्थित कार्यालय में दोपहर 12 :30 बजे।

## एक नजर

### बालश्रम उन्मूलन के बारे में दी गई जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** बाल श्रम निषेध दिवस पर अभियान चलाकर बालश्रम की रोकथाम के लिए दुकानों, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिकों को जागरूक किया। एएचटीयू टीम के प्रभारी ने बाल श्रम निषेध दिवस पर थाना गंज की चौकी गूजरटोला क्षेत्र में बालश्रम उन्मूलन अभियान, बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह और महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी की। बालश्रम रोकथाम के लिए दुकानदारों को हिदायत दी।

### बच्चों की लड़ाई में महिला को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी सोमपाल की पत्नी संतोष ने गांव के ही रामबाबू, उसकी पत्नी कामिनी व बेटे राहुल और सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक उसके छह वर्षीय बेटे मनीष की सुमित से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि वह शिकायत लेकर पहुंची तो रामबाबू अपनी पत्नी बच्चों के साथ भिड़ गया और मारपीट शुरू कर दी। जिसमें पीड़िता को चोटें आई हैं।

### मारपीट कर रहीं दो महिलाओं को पकड़ा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मारपीट कर रहीं दो महिलाओं को केमरी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इन महिलाओं में चंद्रवती पत्नी रोशनलाल व पूनम पत्नी सुरेन्द्र शामिल हैं। यो तालमहावर गांव का मझरा की रहने वाली हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाओं का किसी बात पर झगड़ा हो गया। पुलिस नो दोनों को पकड़ लिया। दोनों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। दोनों महिलाओं को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

# जीरो बजट में स्वास्थ्य की गारंटी है योग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** योगा प्रशिक्षक अनीता शुक्ला ने ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध, मकरासन, पादहस्तासन, त्रिकोण आसन का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि जीरो बजट में बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी योग है।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में योग शिविर चल रहा है। इसमे 12वें दिन योग प्रशिक्षक अंतरा यादव अंतर योग संस्थान एवं अनीता शुक्ला प्रशिक्षक ने सभी आसन एवं प्राणायाम कराए। आसन भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन उदर, भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, सेतु: बंध उत्तानपद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन और सवासन का अभ्यास कराया।

इस मौके पर रूपा अग्रवाल, जिलेश कुमार, मनोज कुमार, रईस अहमद, मनीष यादव, अंकित, योगेश और महिलाएं उपस्थित रहीं।



स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### योग दिवस पर होंगी निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं



**रामपुर, अमृत विचार :** दशम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में हुई बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा। योग स्वयं एवं समाज के लिए थीम पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निबंध, स्लोगन, रंगोली, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताएं होंगी। योग सप्ताह का आरंभ किला मैदान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सुबह छह बजे करेंगे। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को फिजिकल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा।

### स्काउट-गाइड और स्वयं सेवक चलाएंगे जागरूकता अभियान, हादसों में होगी कमी

# जिले में डंपर और भार वाहनों पर लगेंगे डैशकैम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए निर्धारित गति का पालन करना भी जरूरी है। इसके लिए स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं और स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। स्वार व टांडा क्षेत्रों में भार वाहनों समेत अन्य वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए, जगह-जगह अस्थायी बैरियर लगाए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की चौथी बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने जिले में चिह्नित सभी ब्लैक स्पॉट्स पर कराए गए सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा की। कहा कि जिले में चल रहे सभी डंपरों व अन्य भार वाहनों पर सात दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से डैशकैम लगेंगे। इससे किसी दुर्घटना के दौरान डंपर या ट्रक चालक के अनावश्यक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। सुबूत के तौर पर चालक के पास डैशकैम की रिकॉर्डिंग मौजूद रहेगी। जिले के अंतर्गत एनएच 24 पर पर्याप्त संख्या में साइनेज, रिफ्लेक्टर और स्क्रीन न लगाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

बैठक में मौजूद एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि सात दिनों में हाईवे पर पर्याप्त संख्या में साइनेज और रिफ्लेक्टर लग जाने चाहिए। यदि एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा हाईवे पर जरूरी सुरक्षात्मक कार्य कराने में लापरवाही बरती गई तो प्रभावी कार्रवाई के लिए उच्च स्तर से पत्राचार किया जाएगा। अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई के लिए भी अभियान चलेगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों की कमेटी गठित होगी।

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा समय से नजदीकी उच्च मेडिकल संस्थानों में रेफर किया जाए। ताकि घायलों को यथाशीघ्र बेहतर उपचार मिल जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा और एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# नैनीताल रोड पर 9 घंटे जाम में फंसे पर्यटक, गर्मी से बेहाल

## चाकू चौक पर सड़क निर्माण के दौरान सुबह आठ से शाम पांच बजे तक बाधित रहा आवागमन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चाकू चौक पर सड़क निर्माण के दौरान भीषण गर्मी के बीच वाहन सवार लोग नो घंटे तक जाम में फंसे रहे। हालांकि पुलिसकर्मी जाम खुलवाने का प्रयास करते रहे। लेकिन नैनीताल की ओर जाने वाले दिल्ली और लखनऊ के वाहन सवार पर्यटकों को रूट डायवर्जन की जानकारी नहीं हुई। इससे वे चाकू चौक तक पहुंच गए और जाम लग गया। जाम में फंसे वाहन सवार यात्रियों को गर्मी में परेशानी हुई। शाम पांच बजे तक जाम लगा रहा।

नैनीताल रोड पर कुछ माह पहले चाकू चौक बनाया गया था। इसमें 20 फिट लंबा रामपुरी चाकू मुरादाबाद से बनवाकर लगवाया गया है। इसे देखने के लिए लोग आते हैं। इसी रास्ते से पर्यटक नैनीताल के लिए जाते हैं। चाकू चौक की सड़क पर गड्ढे हो गए थे। बुधवार को इस पर कार्य शुरू हुआ। यह कार्य सुबह आठ से शाम पांच बजे तक चला। इस दौरान वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया। इसके बावजूद वाहन सवार उसी रूट पर चाकू चौक तक पहुंचते रहे और जाम लग गया। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

बताया गया कि चाकू चौक की सड़क की हालत सुधारने को लेकर ट्रैफिक पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने रूट चार्ट बनाया था। बुधवार को बिलासपुर की ओर जाने वाले वाहन चौक से पहले बाईं ओर भुर्जी मंडैया, नवीन मंडी, स्वार-मिलकखानम होते हुए, बिलासपुर से आने वाले वाहन केमरी रोड होते पहाड़ी गेट की ओर से निकाले गए। स्वार से आने वाले वाहन चौकी एकता से आश्रम पद्धति होते हुए कोसी का पुल हाईवे की ओर निकाल गए। हालांकि काम चलने के कारण वहां जाम भी लगा रहा। नवीनीकरण कार्य के समय बिलासपुर गेट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने बैरियर भी लगवाए गए थे। उधर, लोक निर्माण विभाग ने सड़क की मरम्मत के लिए सुबह आठ से दो बजे तक का समय मांगा था, लेकिन मशीन खराब हो गई। इससे बीच में काम रुक गया था।



सड़क मरम्मत के दौरान नैनीताल रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार



अधिकारियों को जानकारी देता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

> लोक निर्माण विभाग ने सुबह आठ बजे से सड़क का मरम्मत कार्य शुरू कराया था, लेकिन मशीन खराब होने पर समय बढ़ गया। पांच बजे तक सभी वाहनों रुट डायर्वट करके निकाला गया।
>
> –विजेंद्र सिंह, टीआई

मशीन सही होने के बाद काम शुरू हो सका। इस दौरान समय पांच बजे तक के लिए बढ़ा दिया गया। इस बीच वाहन सवार जाम में फंसे रहे।

### सड़क पर गड्ढों से वाहन सवार होते थे परेशान

चाकू चौक के गोल चक्कर के आसपास की सड़क काफी खस्ताहाल थी। इस पर पर्यटकों के वाहन हिचकोले खाते थे। पर्यटकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चौक से बाएं ओर भमरौआ रोड होते हुए शहजादनगर, दाएं ओर खौद होते हुए स्वार की ओर रास्ता जा रहा है। चौक के सामने रास्ता बिलासपुर की ओर जा रहा है। चौक के आसपास बने गोल चक्कर की सड़क उखड़ गई। बारिश होने से सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है। ऐसे में बिलासपुर की ओर जाने वाले पर्यटकों को परेशानी है। नैनतील भी इसी रास्ते से होकर जाया जाता है। अब अधिकारियों ने सड़क की हालत सुधारने की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन आचार संहिता लगने के बाद काम नहीं हो सका था। आचार संहिता हटते ही बुधवार को लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया था।

### 56971 लोगों को मिला गोल्डन कार्ड से योजना का लाभ : जिलाधिकारी

**रामपुर, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि ऐसे परिवार जो योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता की श्रेणी में आते हैं, उन्हें अब तक गोल्डन कार्ड जारी नहीं हो सका है तो उन लोगों को चिह्नित कर कार्ड जारी करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार की योजना आयुष्मान भारत के तहत जनपद में पात्रता की श्रेणी में आने वाले लोगों को जारी किए गए गोल्डन कार्ड की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह और योजना से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद के आठ सरकारी और 10 निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। अब तक जिले के 56971 मरीजों को इस योजना का लाभ मिल चुका है।



सीएमओ कार्यालय में शपथ लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

# सीएमओ ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की ओर से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में हुआ। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। कहा कि अपने परिजनों को तंबाकू से दूर रखें। जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं तंबाकू नियंत्रण के प्रकोष्ठ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बार बालाओं ने लगाए ठुमके, वीडियो वायरल

**मसवासी, अमृत विचार:** वाटर पार्क में बार बालाओं के डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बाद में पुलिस को जानकारी से पहले ही बार बालाओं को वाटर पार्क से हटा दिया गया।

क्षेत्र के गांव मुंशीगंज से स्वार मार्ग पर स्थित एक वाटर पार्क में बुधवार को बार बालाएं बुलाई गई थीं। बताते हैं कि बार बालाओं की वजह से एंट्री शुल्क 120 रुपये प्रति व्यक्ति कर दिया गया। पार्क में बार बालाओं के डांस करने और लोगों के उन्हें रुपये देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्वार कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही बार बालाओं को वहां से हटा दिया गया था। मौके पर बार बालाएं नहीं मिल सकी हैं। फिलहाल, मामले में जांच की जा रही है।

# शहर में खुली एक और वातानुकूलित बैंक शाखा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

• सहकारी बैंक के अध्यक्ष बोले खाताधारकों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि शहर स्थित नए भवन में बैंक के बनने से खाता धारकों को सुविधा होगी। यह पूरी तरह से वातानुकूलित एवं कंप्यूटराइज है। लंबे समय से बैंक प्रबंधन की ओर से मांग की गई थी। पुराने भवन में कम जगह असुविधा को देखते हुए बैंक के लिए नए भवन का निर्माण कराया गया।

शहर के मोहल्ला चौकी रज्जड़ के पास रिटायर्ड इंजीनियर मोहम्मद असलम खान के नई भवन में मंगलवार को बैंक शाखा का उद्घाटन किया गया। बैंक मैनेजर रिद्धि सिंह ने बताया कि गुइया तालाब के पुराने भवन में जगह की तंगी देखते हुए बैंक कमेटी ने नए भवन का चयन किया था। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश ने भंडारे का आयोजन कराया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, सुरेश चंद गंगवार, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह, दीप गोयल, हरदीप सिंह, नीलम, सुभाष चंद, विपिन कुमार लांबा, लालता प्रसाद, सुनील कुमार मिश्रा, सुदर्शन कुमार, जंग बहादुर सिंह, प्रीतम सिंह, संत किशन चौरसिया, सेवानिवृत कर्मचारी जयंती प्रसाद, हरिओम शर्मा, जयप्रकाश पाठक, ज्योति प्रकाश अग्रवाल, सुदेश चंद्र मिश्रा तथा बैंक कर्मचारी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# 5 बीघा सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार:** नगर में हलका लेखपाल व पुलिस टीम ने पांच बीघा सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। कब्जाधारकों में कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

नगर में पूर्व प्रधान कलीम खान के ईंट भट्ठे के पास स्थित सरकारी भूमि गाटा संख्या 240 पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। कब्जे को हटाने के लिए अभियान के तहत बुधवार को हलका लेखपाल मनोज यादव अपनी टीम व स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने पैमाइश कर कब्जा की गई सरकारी भूमि को मुक्त कराकर हदबंदी कर दी। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सरवन सिंह लेखपाल राहुल कुमार आदि साथ रहे। इस कार्रवाई से कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह सरकारी भूमि पर हुए कब्जों को हटवाए जाने के लिए उप जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं। इसके चलते जिले भर में अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर हुए कब्जों को हटवाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि लोग दोबारा कब्जा करते हैं, तो कब्जाधारकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासनिक अधिकारियों ने टांडा, बिलासपुर, मिलक, शाहबाद और सदर तहसीलों में कब्जा हुई जमीनों को कब्जामुक्त कराए, जाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।



भूमि को कब्जा मुक्त कराती टीम। ● अमृत विचार

> जिले में सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कब्जा करने वाले ने दोबारा उसी भूमि पर कब्जा किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को मिलकखानम पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने आरोप लगाया था कि नौ जून को आरोपी महेंद्र घर में घुस आया था। उसने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था। उसके शोर मचाने पर लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बुधवार को पुलिस ने जिठनिया अड्डे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

शिक्षा | भीषण गर्मी से बचाने के लिए शिक्षक नेताओं ने की अवकाश बढ़ाने की मांग

# 18 से खुल जाएंगे सरकारी स्कूल, बच्चों को होगी परेशानी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूल खुलने में छह दिन शेष हैं, लेकिन भीषण गर्मी जारी है। इसे देखते हुए शिक्षक नेता चिंतित हैं। स्कूलों में अवकाश बढ़ाने के लिए लगातार अधिकारियों को ज्ञापन दे रहे हैं। इस भीषण में स्कूल आने वाले बच्चों को बचाया जा सके। हालांकि अभी तक अवकाश आगे बढ़ाने का शासन की ओर से आदेश नहीं मिला है।

20 मई से परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए थे। अब 18 जून को फिर से ग्रीष्म अवकाश खत्म होने के बाद स्कूल खुलेंगे। स्कूल खुलने में छह दिन रह गए हैं। लू ने लोगों को घरों में कैद करने को मजबूर कर दिया है। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर को सड़कें सूनी हो जाती हैं। ऐसी भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक नेता सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश स्तर से लेकर जिले लेवल तक के अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा रहे हैं।

कुछ रोज पहले भी कुछ शिक्षक नेताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर स्कूलों के अवकाश बढ़ाए जाने की मांग की है। ताकि स्कूल आने वाले बच्चों को इस भीषण गर्मी से बचाया जा सके।



> बेसिक स्कूलों में ग्रीष्मकाल अवकाश बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजा गया है। ताकि अवकाश बढ़ाए जा सकें।
>
> – आनंद प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



> भीषण गर्मी को देखते हुए 18 जून से खुलने वाले स्कूलों के अवकाश को बढ़ाया जाए। ताकि बच्चें लू से बच सकें। इस बारे में अधिकारियों को ज्ञापन देकर जानकारी दी जा चुकी है।
>
> – डॉ. राजवीर सिंह जिलाध्यक्ष उप्र जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ



> इस समय निरंतर लू और भयंकर गर्मी हो रही है। ऐसे में बच्चों को स्कूल में एक बजे तक रोकना आसान नहीं है। 18 जून से खुल रहे स्कूलों के अवकाश 30 जून तक बढ़ाए जाने की मांग की है।
>
> – कैलाश पटेल, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



> जून में लू चल रही है। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। 18 से स्कूल खुलेंगे। मांग की है कि स्कूलों का अवकाश बढ़ा दिया जाए।
>
> – चरन सिंह महामंत्रीस प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो0:- 9027872845, 9838333303
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-.........



Resonance® Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers

AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

42.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 :15 | सूर्यास्त 07 :13

## एक नजर

### डूंगरपुर के एक मामले में दो गवाह कोर्ट में हुए पेश

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में बचाव पक्ष के दो गवाह कोर्ट में पेश किए गए। अब इस मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां पर मकानों पर बुलडोजर चलवाने, मारपीट और लूटपाट करने का आरोप है। इस मामले में सपा नेता आजम खां सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। इस मामले की सुनवाई एमपी- एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। बुधवार को बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह इकराम और फुरकान पेश किए। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि इस मामले में अब गुरुवार को सुनवाई होगी।

### पुलिस ने एक घंटे में ही बालक को किया बरामद

**रामपुर, अमृत विचार :** खेलते हुए पांच वर्ष का बालक गायब हो गया। सूचना के बाद पुलिस पहुंच गई। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर पुलिस ने एक घंटे बाद बालक को गुरुद्वारे में खेलते हुए बरामद कर लिया। थाना मिलकखानम क्षेत्रान्तर्गत के अंतर्गत पीआरवी 1416 को एक बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली कि करीब पांच वर्ष का बालक सुबह 10 .30 बजे घर के बाहर खेल रहा था, वह गुम हो गया है। प्रभारी निरीक्षक व चौकी ईचार्ज माटखेड़ा ने ऑपरेशन दृष्टि के अन्तर्गत लगाए गए कैंमरो को चेक किया। पता चला कि गुमशुदा बालक गुरुद्वारे की तरफ जा रहा है। उसे गुरिद्वारे से सकुशल बरामद कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया।

### किशोरी को भगा ले गया किशोर, तहरीर दी

**स्वार, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते किशोर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी घर में रखी 30 हजार की नकदी और सोने चांदी के आभूषण अपने साथ ले गई। किशोरी के पिता ने किशोर को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी है। नगर से सटे गांव निवासी एक किशोर का गांव की ही एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी के परिजनों को इस बारे में पता चला तो उन्होंने उस पर पाबंदी लगा दी।

# अवैध संबंधों के शक में व्यापारी ने ही पुत्री को मारी थी गोली, गिरफ्तार

## बिलासपुर क्षेत्र के नवाबगंज की घटना, आरोपी को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बिलासपुर क्षेत्र में नाबालिग पुत्री पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक का दावा है कि अवैध संबंधों के शक में पिता ने ही पुत्री को गोली मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया गया कि बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किराना व्यापारी की दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं। इनमें उनकी 17 वर्षीय मझली पुत्री समेत सभी लोग छह जून की रात सो रहे थे। मौसम खराब होने की वजह से गांव में बिजली नहीं थी। उनकी मझली पुत्री बाथरूम में जाने के लिए दूसरी मंजिल से नीचे उतर कर आ रही थी। तभी किसी व्यक्ति ने घर के दरवाजे पर आवाज लगाई थी। आरोप है कि उनकी पुत्री दरवाजे के पास पहुंचकर अंजान व्यक्ति से कुछ पूछती, तभी उस पर फायरिंग कर दी गई थी। इसमें एक गोली उनकी पुत्री की जांघ में लगी थी। आरोप है कि गोली मारने वाला व्यक्ति अंधेरे में फरार हो गया था। परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचे तो घायल नाबालिग दरवाजे के पास पड़ी थी। रात में ही घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही थी। एसपी ने क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दी थी। बुधवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों से जानकारी और साक्ष्य संकलन किए गए। बताया कि किराना व्यापारी की पुत्री रात्रि में घर मौजूद नहीं थी, जब वह वापस आई तो अवैध संबंध के शक में जान से मारने की नीयत से व्यापारी ने नाबालिग पुत्री पर फायर किया था। इसके बाद थाने में व्यापारी ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब इस मामले में बुधवार को पुलिस ने आरोपी व्यापारी को घटना में प्रयुक्त तमंचे के साथ घर से गिरफ्तार किया है।

### घटना के बाद 40 कैमरे भी किए चेक

नाबालिग को गोली लगने के बाद पुलिस विभाग अलर्ट हो गया था। पुलिस ने सूत्रों को भी मजबूत कर दिया था। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे 40 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। परिवार के संबंध में जानकारी की गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि छह जून को लड़की कहीं चली गई थी। परिजनों ने उसे आता देख लिया था। पिता ने इस घटना को अंजाम दिया।

## युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट

**मिलक, अमृत विचारः** बहन के घर गई युवती के साथ जीजा के भाई ने छेड़खानी की। विरोध करने पर जीजा व तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। पिता के साथ कोतवाली पहुंची युवती ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवती ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसकी बड़ी बहन की शादी मिलक कोतवाली क्षेत्र के हरसुनगला प्रेम नगर गांव निवासी युवक के साथ हुई थी। 24 मई को उसकी बहन ने पुत्र को जन्म दिया था। पीड़िता का जीजा उसकी बहन की देखभाल करने के लिए 25 मई को घर से बुलाकर ले गया था। सोमवार रात जीजा के छोटे भाई ने उसे पकड़ लिया था। उसके साथ छेड़खानी करने लगा था, जब उसने विरोध किया तो उसका जीजा व बहन का ससुर आ गए थे। मामले को दबाने का दबाव बनाया था। जब युवती नहीं मानी तो तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। बड़ी बहन ने विरोध किया तो उसके साथ भी मारपीट की थी। युवती की हालत बिगड़ी देख पिता और पुत्री कोतवाली मिलक पहुंचे।

# खनन लदे डंपर में तोड़फोड़ चालक-सहायक को पीटा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचारः** लोगों ने खनन लदे डंपर को रास्ते में रोककर तोड़फोड़ की। डंपर चालक और सहायक को पीटकर घायल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों को देखकर लोग फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अभी इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।


डंपर के तोड़े गए शीशे। ● अमृत विचार

नगर में स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार को खनन लदे डंपर की टक्कर से मुख्य बाजार वार्ड संख्या छह निवासी ई-रिक्शा चालक बृजकिशोर दिवाकर के दोनों पैर कट गए थे। इसे लेकर लोग भड़क गए थे। खनन लदे वाहनों पर रोक की मांग के बाद भी मंगलवार देर रात मुख्य मार्ग पर खनन लदे डंपर को आक्रोशित लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने रोक लिया। लोगों ने डंपर के शीशे तोड़ दिए। विरोध करने पर डंपर चालक टिंकू पुत्र नेतराम ग्राम बरौरा, तहसील तिलहर, जिला शाहजहांपुर और सहायक भाहना सिंह पुत्र भाई सिंह ग्राम भगवानपुर, तहसील जलालाबाद, जिला शाहजहांपुर की पिटाई कर दी। इससे दोनों घायल हो गए। सूचना के बाद स्वार एसडीएम अवनीश कुमार, कोतवाल संदीप त्यागी और चौकी प्रभारी राहुल गंगवार मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है।


घायल भाहना सिंह।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी

**मसवासी, अमृत विचारः** बाइक सवार ने सामने से साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। इससे वह जख्मी हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना देर शाम करीब सवा आठ बजे दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर कान्हा गोशाला के नजदीक हुई। दढ़ियाल की ओर से आए बाइक सवार ने सामने से आ रहे साइकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में क्षेत्र के गांव मिलक-खौद निवासी फूल सिंह सागर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

**कार की चपेट में बाइक सवार घायल : रामपुर, अमृत विचारः** मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन निवासी राधे बाइक से किसी काम से बुधवार दोपहर को स्वार की ओर जा रहा था। मंडी के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया।

# टीम ने अतिक्रमणकारियों से वसूले 11 हजार रुपये

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत प्रशासन ने अस्थायी अतिक्रमणकारियों से 11 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है। इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा।

बुधवार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पंचायत कर्मचारियों ने नालों पर स्थायी अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला और सरकारी भूमि, अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अधिशासी अधिकारी ने सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। नगर के मेन रोड, मुख्य बाजार, काशीपुर मार्ग से स्थाई अतिक्रमण हटाया गया। दुकानदारों से पॉलीथिन और डिस्पोजल को प्रतिबंधित करने की अपील की गई। मानव जाति के लिए डिस्पोजल और पॉलिथीन बहुत घातक है इसका प्रयोग बंद किया जाए।, पॉलिथीन से नल और नालियां चोक हो जाते हैं और पशुओं की जान भी चली जाती है। सरकारी भूमि सार्वजनिक भूमि नाले एवं नालियों की भूमि पर कब्जा करने पर सत्र कार्रवाई करने की चेतावनी थी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्र, नवनीत कुमार, राहुल कुमार, नरेश कुमार, अमरनाथ, मुकेश कुमार, प्रदीप, अतुल कुमार, आदि मौजूद रहे।


मसवासी में दुकानदारों से जुर्माना वसूलती पंचायत की टीम।


सामान हटवाते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

### एसपी ने दुकानदारों से हटवाया अतिक्रमण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को गंज क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से सड़क किनारे रखा सामान हटवाया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने त्योहार, अपराध नियन्त्रण, कानून, शान्ति व्यवस्था और सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज में कई स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पैदल गश्त के दौरान सड़क किनारे बेतरतीब खडे.वाहनों एवं दुकानदारों से अतिक्रमण हटवाया।

## रिश्वत के आरोपी नायब नाजिर को भेजा गया जेल

**टांडा, अमृत विचारः** आवास आवंटन पत्रावली की नकल देने के लिए ग्रामीण से रिश्वत लेने के आरोपी नायब नाजिर को बुधवार को बरेली स्थित एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

मुरादाबाद से आई एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को तहसील में कार्यरत नायब नाजिर को क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी ग्रामीण राम सिंह से आवास आवंटन पत्रावली की नकल देने के एवज में 2400 रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। टीम प्रभारी कृष्ण अवतार ने आरोपी नायब नाजिर यूनुस खां के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। टीम ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी का मंगलवार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया। बुधवार को आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण संगठन कोर्ट बरेली में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# भैंसिया की मस्जिद के इमाम की हत्या से मसवासी में रहा सन्नाटा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचारः** मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के गांव भैंसिया में मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम की हत्या को लेकर उनके पैतृक गांव मसवासी के मोहल्ला भूबरा में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार शाम उनके शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया। मौलाना के पिता ने बताया कि गुरुवार को उनके तीजे फातिहा मस्जिद में होंगी।



मसवासी के मोहल्ला भूबरा निवासी हाफिज अकरम गांव भैंसिया की मस्जिद में इमाम थे। मंगलवार को किसी ने उनकी हत्या कर दी थी। मसवासी में उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। मौलाना अकरम के पिता आले नबी बताते हैं कि वह यहां कभी-कभी आकर परिवार वालों से मिलकर वापस चले जाते थे। हाफिज अकरम पांच भाई हैं, वह मझले थे। हाफिज अकरम की हत्या की खबर को लेकर परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मचा हुआ। बुधवार को भी रिश्तेदार उनके घर पहुंचे। उनके भाइयों का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। भैंसिया गांव की मस्जिद में काफी समय से इमामत कर रहे थे। उनका स्वभाव और व्यवहार परिवार समेत आसपास के लोगों से काफी अच्छा था। गांव में हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। मौलाना के पुश्तैनी घर सन्नाटा पसरा हुआ है। परिवार के अधिकांश लोग मुरादाबाद शव लेने के लिए गए थे। उधर, मौलाना अकरम की गोली मारकर हुई हत्या के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। उनके परिवार के पास पैतृक संपत्ति नहीं है। कुछ जमीन थी, उसे भी परिवार ने तंगी के चलते कई वर्ष पहले बेच दिया था।

# बेहतर पुलिसिंग करना ही मेरी प्राथमिकता : ज्योति

संवाददाता, भोट

**अमृत विचारः** थाना परिसर में निवर्तमान थानाध्यक्ष निशा खटाना के लिए विदाई समारोह एवं नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह का स्वागत समारोह हुआ। स्थानांतरण होने पर थाने में अधिकारियों, कर्मचारियों व नागिरकों ने उन्हें विदाई दी। नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक का पदभार ग्रहण करने पर इंस्पेक्टर ज्योति सिंह का स्वागत किया।

थानाध्यक्ष निशा खटाना के स्थानानंतरण पर थाना कार्यालय में आयोजित समारोह में नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह का स्वागत किया गया। निवर्तमान थानाध्यक्ष निशा खटाना को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में लोगों ने कहा कि निवर्तमान थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में हमेशा बेहतर पुलिसिंग सेवा दी है। इन्होंने जनता के साथ मित्रतापूर्ण रिश्ता बरकरार रखते हुए कार्य किया है। सरकारी सेवकों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन उनके कार्य हमेशा याद किए जाते हैं। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि कानून तोड़ने वालों व शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। क्षेत्रवासियों की सेवा के लिए थाना पुलिस सदैव तत्पर है। बेहतर पुलिसिंग उनकी प्राथमिकता है। थाने को बेहतर ढंग से चलाने में सबकी सहभागिता होने की बात कही।


नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक का स्वागत करती पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

हड़ताल | जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बैनामों के दाखिल खारिज पर अकारण रोक लगाने का लगाया आरोप, समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई

# तहसील में भ्रष्टाचार का आरोप, गुस्साए अधिवक्ताओं ने की हड़ताल

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचारः** अधिवक्ताओं ने तहसील स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। मंगलवार को नायब नाजिर को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था। अधिवक्ता तीन दिन से तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर हड़ताल पर हैं। अधिवक्ताओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाअधिकारी जोगिंदर सिंह को ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अधिवक्ता मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह से मिलने मुरादाबाद भी गए। लेकिन उनकी मंडलायुक्त से मुलाकात नहीं हो सकी।

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि तहसील के समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। इससे क्षेत्र की जनता, वादकारियों और अधिवक्ताओं में रोष है। उपजिलाधिकारी न्यायालय में राजस्व संहिता के बाद अकारण लंबित हैं। उपजिलाधिकारी से मौखिक रूप से वार्ता के बावजूद उनकी ओर से इस संबंध में कार्रवाई नहीं की गई है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार न्यायालायों में राजस्व संहिता के तहत दाखिल खारिज के वाद काफी समय से विचाराधीन हैं। इनका निस्तारण नहीं हो सका है। वर्गमीटर वाले बैनामों के दाखिल खारिज पर अकारण रोक लगा रखी है। इससे वादकारी और अधिवक्ता परेशान हैं। तहसील का मुख्य विभाग रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में कई वर्ष के परवाने लंबित हैं। काफी परवाने ढूंढने पर भी नहीं मिल पा रहे हैं। दाखिल खारिज के परवाने विधिवत रूप से व नियमित रूप से खतौनियों पर नहीं चढ़ाए जा रहे हैं। पैरवी करके परवाना चढ़वा लिया जाता है तो उसकी पीडी आठ-दस दिन बाद लगाई जाती है। दाखिल खारिज के आदेशों को अपडेट नहीं किया जाता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी से कई बार वार्ता की गई है। इसके अतिरिक्त रजिस्ट्रार कानून-गो कार्यालय में सैकड़ो पत्रावलियां धारा 76 राजस्व संहिता की कई-कई वर्षों से आख्या के लिए लंबित हैं। कानून गो ने आख्या प्रेषित नहीं की है। कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक कार्यालयों में राजस्व संहिता पैमाइश की पत्रावलियां काफी समय से लंबित हैं। आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क लिए पैमाइश नहीं की जाती है। दूसरे पक्ष से भी भारी सुविधा शुल्क लेकर मौके पर की गई पैमाइश आख्या बदलकर दूसरी फर्जी पैमाइश आख्या भेज दी जाती है। डीएम को ज्ञापन देने वालों में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, महासचिव दिनेश कुमार चौहान, श्योराज सिंह सैनी, कुंवरपाल सिंह, हर्षवर्धन गौड़, प्रेम सिंह, संजय सिंह और ब्रजेश आदि अधिवक्ता शामिल रहे।



टांडा में हड़ताल के दौरान चेंबरों पर बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### डीएम ने समस्याओं के निस्तारण का दिया आश्वासन

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को बताया कि कुछ गांवों की खतौनियों में अंश निर्धारण किया गया है जो घर बैठे ही कर दिया गया है। 80 प्रतिशत अंश निर्धारण गलत किया गया है। क्षेत्रीय लेखपालों ने मनमानी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। ज्यादातर लेखपाल तहसील मुख्यालय पर आते ही नहीं हैं। क्षेत्र के लोग उन्हें ढूंढते हैं। कुछ लेखपालों पर खनन कराने का भी आरोप लगाया है। कानून गो दिलीप सक्सेना का स्थानान्तरण कई माह पूर्व हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है। शीघ्र ही तहसील टांडा से कार्य मुक्त किया जाए। तहसील कार्यालयों में निजी व्यक्तियों से कार्य कराया जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय तहसील में नियुक्त क्षेत्रीय, स्थानीय लेखपाल एवं कर्मचारियों को तहसील टांडा से हटाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

> उप जिलाधिकारी तहसील में भ्रष्टाचार व्याप्त होने से इनकार करते हैं। मंगलवार को ही भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने तहसील के एक कर्मी को ग्रामीण से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा है। यही हाल तहसील समस्त न्यायालयों एवं कार्यालयों का है। वकीलों ने खराब व्यवस्था से तंग आकर हड़ताल का कदम उठाया है। डीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।
>
> **-अनिल भारद्वाज,** अध्यक्ष बार एसोसिएशन तहसील टांडा

## एक नजर

### गर्मी में छुट्टा गोवंश के लिए पानी की मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से हलकान छुट्टा गोवंश के लिए विश्व हिंदू परिषद ने चिंता जाहिर की है। विहिप के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि नगर में गोवंश घूम रहे हैं और उनके लिए पेयजल की समस्या है। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कहा है कि कोतवाली के पास सरकारी जगह में गोवंश रह रहे हैं। उनके लिए वहां पानी की व्यवस्था की जाए। बिलारी बस स्टैंड पर होदिया बनी है, उसमें दिन में दो-तीन बार ठंडा पानी भरवाया जाए। जिससे गोवंश को कुछ हद तक राहत मिल सके।

### नवागत सीओ अतुल पांडेय ने संभाला चार्ज

**मसवासी, अमृत विचार :** नए सीओ



अतुल कुमार पांडेय ने स्वार पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समय पर निराकरण करना ही उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों की धरपकड़ की जाएगी। अवैध खनन नहीं करने दिया जाएगा। खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। कोतवाली टांडा में नवागत प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### निस्वा गांव में छत से गिरकर वृद्धा की हुई मौत

**पटवाई, अमृत विचार :** छत पर सो रही वृद्धा रात में उठकर बाथरूम करने लिए नीचे आ रही थी। तभी नींद में वह छत से गिर गई। इससे उनकी मौत हो गई। गांव निस्वा निवासी राधेश्याम की पत्नी रेशमा (60) मंगलवार रात छत पर सो रही थीं। इस बीच किसी समय बाथरूम करने के लिए उठकर नीचे जा रही थीं। तभी छत से नीचे जा गिरी। गिरने की आवाज सुनकर परिजन जाग गए, जहां वृद्धा को घायल अवस्था में उठाकर उपचार के लिए कस्बे के एक निजी डॉक्टर के यहां लेकर गए। हालत गंभीर देख वहां से उन्हें रेफर कर दिया। शाहबाद सीएचसी में चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। बुधवार देर शाम परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

# लावारिस बच्चे के मामले ने खोली सिस्टम की पोल

## शहर विधायक फोन कराते रहे, डीपीओ ने नहीं दिया जवाब, कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को मिले लावारिस बच्चे की जानकारी शहर विधायक आकाश सक्सेना को मिली, तो वह आधी रात थाने पहुंच गए। देखा तो बच्चे को बुखार था। वहां इंस्पेक्टर के साथ बच्चे को जिला अस्पताल लेकर गए और उसका प्राथमिक उपचार कराया।

इसके बाद बच्चे को चाइल्ड लाइन ले जाया गया, देखा तो वहां कोई कर्मचारी ही मौजूद नहीं था। इस पर विधायक नाराज हो गये। सहयोगी से जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) को फोन मिलवाया, लेकिन फोन कॉल का जवाब नहीं मिला। इंस्पेक्टर ने भी फोन किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। एक बच्चे के मामले ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी। अब उन्होंने जिलाधिकारी से डीपीओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला सिविल लाइंस थाने का है। पुलिस को सूचना मिली कि राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज के पास एक लावारिस बच्चा है। इसकी उम्र करीब दो साल है। इंस्पेक्टर अजय शर्मा मौके पर पहुंचे और बच्चे को लेकर आ गए। उन्होंने बच्चे को दूध पिलवाया। इस बीच मामले की जानकारी शहर विधायक आकाश सक्सेना को मिली तो वह थाने पहुंचे। उन्होंने देखा तो बच्चे को बुखार था। विधायक ने अपने सहयोगी से डीपीओ को फोन कराया। करीब 20-25 कॉल के बाद भी डीपीओ ने कोई जवाब नहीं दिया। इंस्पेक्टर ने बात करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। बाद में विधायक सिविल लाइंस इंस्पेक्टर के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। जहां बच्चे का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद बच्चे को चाइल्ड लाइन ले जाया गया। चाइल्ड लाइन में कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला। यहां से रात करीब दो बजे विधायक बच्चे को लेकर राजकीय शिशु सदन पहुंचे, जहां स्टाफ ने फोन कर अधीक्षक रामेंद्र शेखर को घर से बुलाया।

विधायक ने शिशु सदन का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, तो शिवशंकर नाम के कर्मचारी की तैनाती शिशु सदन में थी, लेकिन वह मौके पर नहीं थे। जानकारी की तो पता लगा कि शिवशंकर डीपीओ के चालक हैं, जो तीन जून से एक पैन से हस्ताक्षर कर रहे हैं। यही नहीं डीपीओ ने 10 जून तक एक भी दिन शिशु सदन जाकर नहीं देखा। जिस पर विधायक ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने सुबह जिलाधिकारी जोगेन्द्र सिंह को पूरे मामले की जानकारी दे दी है।



सिविल लाइन थाने में बच्चे को देखते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

### विधायक की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने बीडीओ का चार्ज छीना

शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत के बाद जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एक्शन में आ गए। दरअसल, डीपीओ लवकुश भार्गव के पास चमरौआ के खंड विकास अधिकारी का चार्ज भी है। ऐसे में शुरूआती शिकायत के बाद ही डीएम ने लवकुश भार्गव से चमरौआ खंड विकास अधिकारी का चार्ज छीन लिया है। इस प्रकरण में डीपीओ की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं।

● **विधायक आकाश सक्सेना को शिशु सदन में मिलीं कमियां**

"एक लावारिस बच्चे की जानकारी मिली थी, जिस कारण हम सिविल लाइंस थाने गए थे। वहां से अस्पताल लेकर गए और फिर उसे महिला कल्याण विभाग से संचालित चाइल्ड लाइन लेकर गए। लेकिन, कोई स्टाफ उपस्थित नहीं था। बच्चों के प्रति डीपीओ के अमानवीय रवैये से आहत हैं। एक बच्चे के केस ने जिला अस्पताल से लेकर प्रोबेशन विभाग के अफसरों की कार्यशैली की पोल खोल दी है। हमने मामले की जानकारी जिलाधिकारी को भी दे दी है और सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है।
**-आकाश सक्सेना**, शहर विधायक



बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज व अन्य। ● अमृत विचार

# पालिका के ठेका नखासा, हड्डी और खाल की हुई नीलामी

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** नगर पालिका का ठेका नखासा और हड्डी, खाल की नीलामी हो गई है। ठेका नखासा 1,70000 रुपये में हाजी लियाकत के नाम हुई। ठेका मुर्दा हड्डी खाल कासम अली के नाम चार हजार में छूटा। नगर के कई अन्य लोग भी नीलामी में भाग लेने के इच्छुक थे, लेकिन उन्हें नीलामी की सूचना नहीं मिल सकी। उन्होंने गुपचुप ठेका करने का आरोप लगाया है।

पालिका कार्यालय में बुधवार को चेयरपर्सन साहिबा सरफराज, सभासदों और वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी की मौजूदगी में पालिका के दो ठेकों की नीलामी हुई। इस दौरान ठेकेदारों से निर्धारित जमानत राशि जमा कराई गई। ठेका नखासा की पहली बोली नेता अफसर अली ने 65 हजार रुपये की लगाई। इसके बाद अन्य लोगों ने बोली लगाई। अंत में ठेका नखासा 170000 रुपये में हाजी लियाकत अली के नाम छूटा। ठेका मुर्दा हड्डी खाल चार हजार रुपये में मोहल्ला राहूपुरा निवासी कासम अली के नाम छूटा। नीलामी में ठेकेदार नेता अफसर, मुल्ला मुशर्रफ, अकील उर्फ बिट्टू, हाजी लियाकत अली, मुस्तकीम और कारी अकील ने भाग लिया। इस दौरान नोडल अधिकारी धनीराम सैनी, सभासद तस्लीम अहमद, एम सगीर, मोहम्मद रईस उर्फ भूरा, सभासद के पति मास्टर सगीर, रोहित सैनी और मसरूर हुसैन, तसलीम पहलवान आदि मौजूद रहे।

# 20 लाख की चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, दढ़ियाल

● **लोदीपुर नायक गांव का मामला लोगों ने जाग कर गुजारी रात**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात चोरों ने छह लाख की नकदी समेत 20 लाख के जेवरात चोरी कर लिए थे। परिजनों व ग्रामीणों ने जंगल में चोरों की तलाश की थी। इस प्रकरण में बुधवार को अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव लोदीपुर नायक में जमील अहमद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पांच बेटे हैं। दो बेटे मुर्गी दाने का कारोबार करते हैं। तीन बेटे टाइल्स पत्थर का काम करते हैं। सोमवार को काम के सिलसिले में हाजी हसनैन और हाजी जुल्फिकार हल्द्वानी गए थे। भाई हाजी सरफराज, मुजम्मिल और इस्तिखार घर ही थे। सोमवार रात 11 बजे बिजली जाने के बाद परिवार के साथ सोने के लिए छत पर चले गए थे। रात किसी समय चोर छत के रास्ते घर में घुस गए थे। चोरों ने तीन भाइयों के कमरे में रखे लगभग छह लाख रुपये, 20 तोले सोना और 500 ग्राम चांदी चोरी कर ली थी। रात तीन बजे मोहल्ले में जाग होने पर परिजनों की नींद खुल गई थी। परिवार के लोग नीचे पहुंचे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। हाजी हसनैन के कमरे से तीन लाख रुपये और 20 तोले सोना, मुजम्मिल के कमरे से दो लाख 25 हजार रुपये, हाजी सरताज के कमरे से 80 हजार गायब थे। बुधवार को कोतवाली टांडा में हाजी हसनैन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चोरी के बाद लोगों के बीच दहशत है।

# पूर्व प्रधान के बेटे को गोली मारने के मामले में जांच शुरू

**रामपुर, अमृत विचार:** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने पूर्व प्रधान के बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव बैजना निवासी जुबैद अली का कहना है कि मंगलवार सुबह 10:30 बजे उसका सगा भाई इकराम अपनी दुकान पर जा रहा था। जैसे ही वह प्रानपुर में राहत जान के घर के पास पहुंचा, तो यहां मुबस्सर अली, फरदीन अली, साजीम अली, गुड्डू व नाजिश ने उसके भाई को घेर लिया था। तमंचा से उसे गोली मार दी थी। गोली उसकी पीठ में लगी। वह बाइक से नीचे गिर गया था। सभी ने उसे लाठी डंडों से पीटा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# टीम देख भागे पेड़ काटने वाले मजदूर

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नगर के साप्ताहिक बाजार में पालिका प्रशासन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करा रही है। प्रथम चरण में कॉम्प्लेक्स में करीब 80 दुकानों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बाजार परिसर में वर्षों पुराने हरे सात पाकड़ के पेड़ खड़े हैं। दुकानों का निर्माण कर रहे ठेकेदारों ने पेड़ों के मूल्यांकन के लिए वन विभाग में आवेदन किया था। वन विभाग के मूल्यांकन के बाद ठेकेदारों ने पाखड़ के पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं ली। बुधवार को ठेकेदारों ने हरे पेड़ कटवा दिए। मौके पर वन विभाग के कर्मचारियों की टीम पहुंच गई। टीम को देखकर पेड़ काट रहे मजदूर भाग गए।

शापिंग कॉम्पलेक्स बनवाए जाने के लिए बुधवार की दोपहर पेड़ कटवाए जा रहे थे। किसी ने बिना अनुमति के हरे भरे व छायादार पेड़ काटे जाने की सूचना वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी। शिकायत के बाद हरकत में आये विभाग के अधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर भेजकर प्रकरण की जांच कराने के आदेश दिए। आदेश के बाद क्षेत्रीय वन दरोगा मय टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। वन दरोगा को देख पेड़ काट रहे मजदूर आनन-फानन में भाग खड़े हुए । दुकानों का निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों से वन दरोगा ने पूछताछ की तो उन्होंने किसी भी जानकारी से इंकार कर दिया। कटे हुए पेड़ों का जायजा लेने के वाद घंटों टीम पेड़ काटने वालों को तलाशती रही लेकिन टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। वन दरोगा ठाकुर सिंह रावत ने बताया कि साप्ताहिक बाजार में खड़े पेड़ों का मूल्यांकन किया गया था। परन्तु पेड़ों को काटने की अनुमति नहीं ली गई थी। विभाग की बिना अनुमति के पेड़ों को काटा जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



मिलक में कटे हुए पेड़। ● अमृत विचार

# युवती को अगवा कर ले जाने की शिकायत

**सैफनी, अमृत विचार:** महिला ने गांव के युवक पर पुत्री को चाचा व दादा-दादी की मदद से अगवा कर ले जाने की पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपितयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

महिला का कहना है कि 10 जून की रात उसकी पुत्री घर के बरामदे में सो रही थी। सुबह जब उसके बेटे की आंख खुली तो युवती घर पर नहीं थी। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री को गांव का ही एक युवक अपने चाचा के साथ मिलकर बाइक पर अपहरण कर ले गया है। आरोप है कि इस षड्यंत्र में युवक के दादा-दादी भी शामिल हैं। युवती 20 हजार रुपये की नकदी व सोने के जेवर और एक ताबीज भी ले गई है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



प्रसन्न मुद्रा में विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# गागन नगली की टीम ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गागन नगली में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन गागन नगली और नरपत नगर की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें गागन नगली की टीम ने 44 रन से मैच जीत लिया।

बुधवार को गागन नगली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। नगली की टीम ने 10 ओवर में 139 रन बनाए। नाजिम ने 25 गेंद में 70 रन बनाए। इनमें नौ छक्के और दो चौके शामिल रहे। कप्तान फाजिल ने 13 गेंदों पर 25 रन की पारी खेली। नाजिम खानपुरिया ने पांच गेंद पर 20 रन बनाए। गागन नगली टीम के गेंदबाज यासीन व फैजान ने दो-दो विकेट लिए। नरपत नगर की टीम मात्र 95 रन पर ऑल आउट हो गई। गागन नागली की टीम ने मैच 44 रन से जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नाजिम को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार नरपत नगर टीम के खिलाड़ी जिलानी को दिया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान तफज्जुल हुसैन और कमेटी के सदस्य शाने आलम आदिल मारूफ, इकराम आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**मसवासी, अमृत विचार:** शादी का झांसा देकर किशोरी से चार माह तक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी ने मां के साथ मिलकर किशोरी को धक्के मारकर घर से निकाल दिया।

मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। इस गांव की निवासी किशोरी का सीमा से सटे उत्तराखंड राज्य के एक गांव निवासी युवक से प्रेम-प्रसंग हो गया। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर चार माह तक किशोरी को किराए के मकान में रखा। किशोरी ने बताया कि शादी का दबाव बनाने पर युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। बाद में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शादी न करने का हवाला देकर किशोरी को घर से निकाल दिया। बुधवार की देर शाम चौकी पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आपबीती बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# होटल संचालक पर कान में गर्म तेल डालने का आरोप

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नगर में स्थित एक होटल संचालक पर काम करने वाले युवक के कान में गर्म तेल डालने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।


क्षेत्र के गांव क्योरार निवासी आनंदी प्रसाद गंभीर रूप से झुलसे अपने पुत्र मूल चन्द को कोतवाली लेकर पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि नगर में हाईवे स्थित एक होटल पर उसका पुत्र काम करता है। मंगलवार रात वह घर नहीं पहुंचा, तो वह परिजन होटल पर पहुंचा। होटल पर वह बुरी तरह जख्मी था। बेटे ने उसे बताया कि होटल मालिक और होटल पर कार्य करने वाले व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की। उसके ऊपर गर्म तेल डाल दिया। इससे वह झुलस गया। वह अपने पुत्र को होटल संचालक के चंगुल से छुड़ाकर लाया। होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। होटल संचालक राम सिंह ने बताया कि युवक होटल पर कार्य करता है। चूल्हे से गर्म तेल की कढ़ाई उतारते समय उसका हाथ फिसल गया और कढ़ाई नीचे गिर गई। इससे गर्म तेल उछलकर उसके कान पर गिर गया। जिससे वह झुलस गया। एसएसआई भीमसेन ने बताया कि घायल युवक को उसका पिता कोतवाली लेकर आया। युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गोशाला में गर्मी से हो रही पशुओं की मौत

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** कान्हा गोशाला में गर्मी और भूख से गोवंश का जीवन संकट में है। कुछ दिनों में तीन गोवंश की मौत हो चुकी है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन मामले से अनभिज्ञ है।

मसवासी नगर पंचायत के संरक्षण में संचालित कान्हा गोशाला में टिनशेड के नीचे गोवंश की हालत तेज गर्मी से बिगड़ रही है। भीषण गर्मी से आए दिन गोवंश की मौत हो रही है। बीते कुछ दिनों में ही तीन गोवंश की मौत हो चुकी है। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन गोवंश को गर्मी से राहत देने के लिए अभी तक कूलरों की व्यवस्था तक नहीं करा पाया है। पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था नहीं है। सूखा भूसा ही पानी के साथ खिलाया जा रहा है। एसडीएम को निरीक्षण में पशुओं के आगे सूखा भूसा, पानी के साथ पड़ा मिला था। गोवंश को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई तो कुछ अन्य पशुओं की भी जान जा सकती है। मामले की जानकारी पर पशु चिकित्सा अधिकारी मनीष राठी ने बताया कि भीषण गर्मी से पशुओं की हालत बिगड़ी हुई है। बाहर से आए गोवंश का पॉलिथीन खाना भी जानलेवा साबित हो जाता है। इससे पशुओं की मौत होना स्वाभाविक है। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि जल्द ही कूलरों की व्यवस्था की जाएगी।



कान्हा गोशाला में पशु। ● अमृत विचार

● **हरा चारा और कूलरों की व्यवस्था नहीं, टिनशेड के नीचे बिगड़ रही गोवंश की हालत**

# यंग मैन क्लब ने रहमानिया को हराया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रहमानिया क्रिकेट क्लब टांडा और यंग मैन क्रिकेट क्लब की टीमों के बीच मैच खेला गया। यंग मैन क्लब ने रहमानिया की टीम को 39 रन से हराकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच महफूज मुन्ना को चुना गया।

यंग मैन क्लब की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 141 रन बनाए। इसमें यंगमैन क्लब के बल्लेबाज महफूज मुन्ना ने 32 रन बनाए। अब्दुर्रहमान ने 29, जुबैर आलम ने 27 रन बनाए। 18 रन अतिरिक्त मिले। रहमानिया क्लब की ओर से नाजिम व बिलाल ने तीन और रियासत ने दो विकेट लिए। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रहमानिया क्लब की टीम 102 रन ही बना सकी। यंगमैन क्लब ने 39 रनों से यह मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। रहमानिया क्लब की ओर से मुन्ना ने 23, रिजवान ने 18 और अरशद ने 16 रन बनाए। 10 रन अतिरिक्त रहे। यंगमैन क्लब की ओर से कसी हुई गेंदबाजी की गई। गेंदबाज महफूज मुन्ना और इकबाल ने तीन-तीन व मोहम्मद रिजवान ने दो विकेट लिए। यंगमैन क्लब के महफूज मुन्ना को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कमेंट्री मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया और अब्दुल रज्जाक रहे। स्कोरर नदीम गोरे, ऑनलाइन स्कोरर, आकिब गुल और मौलाना जुनैद रहे। अंपायरिंग राहत अली और मंसूर अख्तर ने की। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक, पालिकाध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद इरफान, अजीम विक्टोरिया, इस्लाम, मोहम्मद वकील, नासिर अली आदि मौजूद रहे।



मैदान पर मौजूद विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**तैयारी** 17 जून को मनेगी ईद उल अजहा, लोगों ने तेज की तैयारी, पनवड़िया के पास बाजार में हुई बकरों की खरीदारी

# बाजार में 10 से 40 हजार रुपये में बिक रहे बकरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी को लेकर पशुओं की खरीदारी तेज हो गई है। बुधवार को पनवड़िया के पास बाजार में बकरों की खरीदारी हुई। यहां 10 से लेकर 40 हजार तक एक बकरे की कीमत रही। बकरों की खरीद और बिक्री का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

17 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। इसे लेकर लोगों ने खरीदारी तेज कर दी है। लोग कुर्बानी के लिए पशुओं की खरीदारी कर रहा हैं। लोग बकरा, भेड़, ऊंट, भैंस की कुर्बानी करते हैं। बुधवार को पनवड़िया के सामने खाली मैदान पर बकरों का बाजार लगा। इसमें लोग डीसीएम, मैजिक वाहन, बाइक, साइकिलों से बकरे बेचने के लिए पहुंचे। सुबह 10 बजे से ही लोगों का वहां पहुंचना शुरू हो गया। दोपहर को भीषण गर्मी के बीच लोगों ने खरीदारी की।

अजीतपुर से आए बकरा व्यापारी नाजिम ने बताया कि वह पांच बकरे लेकर आए थे। कुछ 35 हजार में बिक रहे हैं। जबकि बाजार में ऐसे भी बकरे हैं जिसकी कीमत 40 हजार रुपये तक है। दाम बकरे की खूबसूरती के हिसाब से हैं। देर शाम तक बाजार में लोगों की भीड़ रही। लोगों ने अन्य तैयारी भी तेज कर दी है।



सिविल लाइन थाने में बैठक में लोगों को समझाते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार



बाजार में बकरे लिए खड़े लोग। ● अमृत विचार

### शांति पूर्ण तरह से मनाए पर्व : अजय

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाने के प्रभारी निरीक्षक अजय मिश्रा ने त्योहारों के दृष्टिगत में शांति समिति की बैठक की। उन्होंने लोगों से शांति के साथ ईद-उल-अजहा मनाने की अपील की और दूसरे समाज की भावना का ध्यान रखकर कुर्बानी करने पर जोर किया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति खुले में कुर्बानी नहीं करे। इस दौरान काफी लोग मौजूद रहे। उधर, अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) लालता प्रसाद शाक्य ने बताया कि ईद उल अजहा 17 जून को मनेगा। इस दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में 14 जून की शाम चार बजे पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन में होगी।

## एक नजर

### 10 लीटर शराब पकड़ी आरोपी हिरासत में

**बिलासपुर,अमृत विचार :** खजुरिया थाना पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान कनकपुर की गौंटिया को जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। उसके पास से एक जरीकेन में भरी 10 लीटर शराब बरामद हुई है। पकड़ा गया आरोपी चुन्नीलाल पुत्र पूरनलाल थाना क्षेत्र के कनकपुर गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मुख्य आरक्षी मनोज कुमार ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कराया है।

### किशोरी का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

**रामपुर,अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसको जेल भेज दिया। 20 अप्रैल को एक युवक मौका पाकर किशोरी का अपहरण करके ले गया था। इस मामले में पीड़िता की मां ने गंज थाने में आरोपी शिवम पुत्र रामपाल निवासी कोयली थाना भोट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई था। जिसको गंज पुलिस ने बिलासपुर गेट से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश। वहां से उसको जेल भेज दिया गया है।

# सीबीआई ने प्रथमा बैंक में रिश्वत लेते फील्ड ऑफिसर को पकड़ा

## देर रात तक बैंक में चलती रही कार्रवाई, अधिकारियों में हड़कंप

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचारः** मिलक क्षेत्र के गांव परम स्थित प्रथमा बैंक में किसान की शिकायत पर सीबीआई ने छापेमारी कर 3500 रुपये की रिश्वत लेते हुए फील्ड ऑफिसर को पकड़ लिया। इससे बैंककर्मियों में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम बैंक में देर रात कार्रवाई करती रही। सीबीआई के अधिकारी रिकार्ड खंगाल रहे हैं। बैंक के कई अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

गांव परम निवासी किसान मुन्नालाल प्रथमा बैंक का खाताधारक है। उसका कहना है कि बैंक शाखा में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण प्रक्रिया के दौरान बैंककर्मी किसानों से अवैध वसूली करते हैं। इस कार्य के लिए बैंक कर्मियों ने एक निजी व्यक्ति को नियुक्त किया है। इस वर्ष भी किसान ने बैंककर्मियों से नवीनीकरण की




बैंक शाखा। ● अमृत विचार

मांग की थी। बैंक के अधिकारियों ने निजी व्यक्ति से अवैध वसूली की मांग की। परेशान किसान ने इसकी शिकायत गाजियाबाद स्थित सीबीआई कार्यालय में कर दी। इस पर मिलक पहुंची सीबीआई की टीम ने बैंक अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया।

बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे किसान और सीबीआई की टीम बैंक में दाखिल हुए। किसान ने जैसे ही 3500 रुपये फील्ड ऑफिसर दिनेश कुमार को दिए तो सीबीआई टीम के अधिकारियों ने रंगे हाथ रिश्वत लेते फील्ड ऑफिसर को दबोच लिया। बैंक से ग्राहकों को बाहर निकालकर टीम ने अपनी कार्रवाई की। देर रात टीम कार्रवाई करती रही। टीम ने बैंक अधिकारियों से पूछताछ की। इससे अधिकारियों में हलचल रही।

### टीन ने देर रात तक खंगाले रिकार्ड

सूत्रों की माने तो यह बैंक पहले भी दागदार हो चुका है। इस बैंक में किसानों के साथ आए दिन कार्य कराने के नाम पर रुपये वसूले जाते हैं। कुछ समय पहले भी एक बैंक अधिकारी पर एक किसान से रुपये मांगने का मामला आ चुका है। उस अधिकारी का तबादला कर दिया गया था। बुधवार को टीम ने नए अधिकारी को पकड़ लिया। उधर, दो दिन पहले पटवाई के नदनऊ गांव में रहने वाला संजीव बीसलपुर में लेखपाल है। वह रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। मंगलवार को टांडा तहसील में एक नायब नाजिर रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। 24 घंटे के अंदर केसीसी का नवीनीकरण करने के नाम पर एक बैंक अधिकारी पकड़ा गया है।



घायल बदमाश से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

# मुठभेड़ में बदमाश घायल तीन ने किया आत्मसमर्पण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश के तीन साथियों ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अस्पताल में घायल बदमाश से पूछताछ की।

मंगलवार देर रात कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गांव मालिक फार्म डिबडिबा निवासी गैंगस्टर का आरोपी सन्नी उर्फ सानिया उर्फ संदीप चौहान अपने कुछ साथियों के साथ कार से घूम रहा है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने दो टीमों का गठन किया। पुलिस ने घेराबंदी की तो वह कच्चे मार्गों से निकल कर भागने का प्रयास करने लगे। लेकिन पुलिस ने बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। कच्चा रास्ता बंद हो जाने पर सन्नी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी सन्नी उर्फ सानिया के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गांव मालिक फारम-डिबडिबा निवासी आरोपी सन्नी उर्फ सानिया उर्फ संदीप चौहान पेशेवर अपराधी है। वह कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर भी है। आरोपियों में क्षेत्र का सनी उर्फ सानिया उर्फ संदीप चौहान, विजेंद्र पुत्र निरंजन निवासी सोढ़ी कालोनी डिबडिबा, प्रथम पुत्र धीर सिंह पाल निवासी रेलवे कालोनी रुद्रपुर उत्तराखंड, बोबी पुत्र जमना प्रसाद निवासी मोहल्ला प्रीत बिहारी कालोनी रुद्रपुर उत्तराखंड है।

## सार संक्षेप

### रंजिश के चलते युवक को पीटा, पुलिस से शिकायत

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रंजिश के चलते युवक को पीट दिया। इस मामले पुलिस को तहरीर दी है। मनोज का कहना है कि उसके गांव के ही कई लोग उससे जमीन के विवाद को लेकर रंजिश रखते हैं। रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं। आरोप है कि बुधवार शाम को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज की और मारा पीटा। इस मामले में पीड़ित ने तहरीर दी है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**रामपुर,अमृत विचार :** राम रहीम पुल पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ज्वालानगर निवासी रमेश बाइक से किसी काम से बुधवार नौ बजे शाहबाद गेट जा रहा था। तभी राम रहीम पुल पर वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### एसपी ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याएं सुनीं। उसके बाद संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया उसके बाद इन शिकायतों का समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। ताकि जल्द से जल्द शिकायतों का समाधान हो सके।

### पुलिस ने अभियान चलाकर 10 वाहनों के काटे चालान

**रामपुर,अमृत विचार :** बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को 10 वाहनों के चालान काटे। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। हादसों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद से ट्रैफिक पुलिस रोजाना वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। उसी को देखते हुए बुधवार दोपहर को ट्रैफिक पुलिस ने बरेली गेट पर अभियान चलाकर 10 वाहन चालकों के चालान काटे। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया है। टीआई विजेंद्र सिंह का कहना है कि अधिकारियों के आदेश पर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### लोकल फॉल्ट के चलते बिजली रही बाधित

**रामपुर,अमृत विचार :** लोकल फॉल्ट के चलते सिविल लाइन और ज्वालानगर की बिजली कुछ देर के लिए बंद कर दी गई। फाल्ट सही होने पर बिजली आ सकी। उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस भीषण गर्मी में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान है। लोकल फॉल्ट के चलते बिजली कई-कई घंटे तक बंद रहती है। बुधवार को सिविल लाइन और ज्वालानगर की बिजली करीब आंधे घंटे तक के लिए बंद रही। बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



नए कोतवाल का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का करेंगे निर्वहन

**टांडा, अमृत विचार :** नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह का बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बुधवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे। नवागत प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कोतवाल ने विश्वास दिलाया कि वह पूर्ण ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। क्षेत्रवासी किसी भी समस्या के संबंध में उनसे कभी भी मिल सकते हैं। स्वागत करने वालों में नगर अध्यक्ष शकील जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली,हाजी रशीद,सलीम कसगर,आशीष वर्मा,अकील नेता,अब्दुल समद,नेता तसलीम,उस्मान मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

### थाने के सामने बसें खड़े होने से लगता है जाम

**रामपुर, अमृत विचार :** रोडवेज चालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। रोजाना चालक सवारियां भरने के लिए सिविल लाइंस और आंबेडकर पार्क के सामने बसें खड़ा कर देते हैं। इनसे हाईवे पर जाम लग जाता है और सड़क हादसे का अंदेशा बना रहता है। सवारियों के लालच में चालक ई-रिक्शा बिना कुछ देखे बसों की ओर दौड़ लगा देते हैं। इस बारे में कई बार लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जानकारी दी गई। लेकिन उसके बाद भी रोडवेज चालक और परिचालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# शादी-विवाह योजना का लाभ लेने के लिए दिव्यांग करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ ले सकते हैं। ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में हुआ हो, वे 15 दिवस के भीतर आवेदन कर सकते हैं।

जिला दिव्यांगजन सश्क्तीकरण अधिकारी ने बताया कि ऐसे दंपति जिनमें केवल पति दिव्यांग हो, धनराशि 15,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा ऐसे दंपति जिनमें केवल पत्नि दिव्यांग हो, उसे 20,000 रुपये मिलेंगे। ऐसे दंपति जिनमें पति एवं पत्नि दोनों ही दिव्यांग हो, उन्हें 35,000 रुपये की एकमुश्त राशि दोनों के संयुक्त खाते में भेजी जाएगी। जो दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कराने के बाद 15 दिवस में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नक प्रपत्रों के साथ कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण में जमा कर दें। योजना में पात्रता के लिए संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र (स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश की साईट का ही मान्य होगा।) जाति प्रमाण पत्र एवं दंपति में कोई सदस्य आयकरदाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या उससे अधिक का होना अनिवार्य है।

राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता पासबुक, दंपति भारत का नागरिक हो, उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी हो या कम से कम पांच वर्ष से उसका अधिवासी हो, (निवास प्रमाण पत्र) युवक एवं युवती का आयु प्रमाण-पत्र (शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। युवक एवं युवती के आधार कार्ड की छाया प्रति एवं जिसके पास पूर्व से कोई जीवित पति या पत्नी न हो और उनके ऊपर महिला उत्पीड़न या अन्य आपराधिक वाद न चल रहा हो।

## जेष्ठ दशहरा पर्व को लेकर 15 और 16 जून को रहेगा रूट डायवर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जेष्ठ दशहरा पर्व को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने महानगर में रूट का डायवर्सन कर दिया है। हापुड़ जिले के थाना गढ़मुक्तेश्वर के अंतर्गत बृजघाट और अमरोहा के तिगरी गंगा घाट पर 16 जून को जेष्ठ दशहरा के अवसर पर 15 जून को दोपहर 12 से 16 जून को भारी वाहनों का रोड डायवर्ट किया गया है।

एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए मुजफ्फरनगर आवागमन करेंगे। इसी तरह मुरादाबाद से हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहन चंदौसी, बबराला, नरोरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए हापुड़, गाजियाबाद, दिल्ली की ओर आवागमन करेंगे। एसपी ट्रैफिक ने बताया की जरूरत पड़ने पर हल्के वाहनों और रोडवेज बसों काफी डायवर्सन किया जाएगा।

# अब 30 सितंबर तक राशन कार्ड की कराई जा सकती है ई-केवाईसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** राशन की दुकानों से मुफ्त राशन लेने वालों के लिए राहत की खबर है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अब 30 सितंबर तक लाभार्थी राशन कार्ड या फूड सब्सिडी एकाउंट को आधार से लिंक करा सकेंगे।

जिले में आठ से 25 जून तक राशन वितरण हो रहा है। लेकिन, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन लेने वालों को अब 30 सितंबर तक अपने राशन कार्ड की ई-केवाईसी करानी होगी। केंद्र सरकार ने काम शुरू करते ही देश की जनता को सहूलियत दी है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने अधिसूचना जारी की है। इसमें बताया गया कि अब राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2024 है। इससे पहले इसकी समयसीमा 30 जून थी। सरकार ने पहले भी कई बार इसकी डेटलाइन को बढ़ाया है।

हालांकि, वर्ष 2017 में जन वितरण प्रणाली के तहत लाभ लेने वालों को राशन कार्ड आधार से लिंक करना जरूरी कर दिया गया था। जिला पूर्ति अधिकारी बताते हैं कि जिले में 3,77,123 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक हैं। अंत्योदय के तहत 34,600 कार्ड धारक हैं और सभी कार्ड धारकों के राशन कार्ड आधार से लिंक करा दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक व्यक्ति को कोटेदार के पास जाकर अपना बायोमैट्रिक सत्यापन कराना होगा।

इसके लिए कोटे की दुकान पर जाकर ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। ई-केवाईसी न कराने वालों के नाम राशन कार्ड से हटा दिए जाएंगे। जिससे उन्हें मुफ्त राशन का लाभ नहीं मिलेगा। इससे पहले कार्डधारकों को ई-केवाईसी करनी होगी।

### इसलिए जरूरी है ई-केवाईसी

राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति यूनिट को ई-केवाईसी करानी होगी। क्योंकि तमाम ऐसे लोग राशन का लाभ ले रहे हैं, जो दूसरे जिलो में रह रहे हैं या फिर उनकी मौत हो चुकी है। ई-केवाईसी के लिए आधार और मोबाइल नंबर लेकर जाना होगा। ऐसे में तमाम लोगों के नाम हटने से जरूरतमंदों को सस्ते राशन का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।

● **राशन कार्ड आधार से लिंक होने के साथ सब्सिडी खाते से है जोड़ना**

> जिले के सभी कोटेदारों को कार्ड धारकों की ई-केवाईसी कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके लिए सरकार ने तिथि बढ़ा दी है, यह मेरे संज्ञान में नहीं है। गुरुवार को इस संबंध में शासन से जानकारी ली जाएगी या आदेश आ सकता है। -अभिषेक कुरील जिलापूर्ति अधिकारी


**कार्यालय ग्राम पंचायत भोट, विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर**

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोट वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, RGSA, मनरेगा, ओडीएफ+, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। उन अधिकृत फर्मों को ही निविदा मान्य होगी जो पंचायतीराज नियमावली 1970 के पैरा-54 के अन्तर्गत प्रतिबंधों को पूर्ण करती हैं तथा नियमावली में उल्लिखित प्रतिबंधों को पूर्ण करने का यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का ही होगा। केवल उन्हीं फर्मों की निविदाएँ मान्य होंगी जो नियमानुसार आयकर, व्यापारकर, आदि विभागों द्वारा पंजीकृत हैं। आपूर्ति संतोषजनक एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल तक होगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

सचिव प्रदीप कुमार — ग्राम प्रधान मैसर जहाँ



**कार्यालय ग्राम पंचायत मुतियापुरा, विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर**

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोट वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, RGSA, मनरेगा, ओडीएफ+, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। उन अधिकृत फर्मों को ही निविदा मान्य होगी जो पंचायतीराज नियमावली 1970 के पैरा-54 के अन्तर्गत प्रतिबंधों को पूर्ण करती हैं तथा नियमावली में उल्लिखित प्रतिबंधों को पूर्ण करने का यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का ही होगा। केवल उन्हीं फर्मों की निविदाएँ मान्य होंगी जो नियमानुसार आयकर, व्यापारकर, आदि विभागों द्वारा पंजीकृत हैं। आपूर्ति संतोषजनक एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल तक होगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

सचिव प्रदीप कुमार — ग्राम प्रधान सीमा



**कार्यालय ग्राम पंचायत पेमपुर, विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर**

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोट वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, RGSA, मनरेगा, ओडीएफ+, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। उन अधिकृत फर्मों को ही निविदा मान्य होगी जो पंचायतीराज नियमावली 1970 के पैरा-54 के अन्तर्गत प्रतिबंधों को पूर्ण करती हैं तथा नियमावली में उल्लिखित प्रतिबंधों को पूर्ण करने का यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का ही होगा। केवल उन्हीं फर्मों की निविदाएँ मान्य होंगी जो नियमानुसार आयकर, व्यापारकर, आदि विभागों द्वारा पंजीकृत हैं। आपूर्ति संतोषजनक एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल तक होगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

सचिव प्रदीप कुमार — ग्राम प्रधान राजेन्द्री



**कार्यालय ग्राम पंचायत अशोकपुर, विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर**

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोट वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, RGSA, मनरेगा, ओडीएफ+, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। उन अधिकृत फर्मों को ही निविदा मान्य होगी जो पंचायतीराज नियमावली 1970 के पैरा-54 के अन्तर्गत प्रतिबंधों को पूर्ण करती हैं तथा नियमावली में उल्लिखित प्रतिबंधों को पूर्ण करने का यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का ही होगा। केवल उन्हीं फर्मों की निविदाएँ मान्य होंगी जो नियमानुसार आयकर, व्यापारकर, आदि विभागों द्वारा पंजीकृत हैं। आपूर्ति संतोषजनक एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल तक होगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

सचिव प्रदीप कुमार — ग्राम प्रधान सोनिया गौतम



**कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी अशोकपुर, विकास खण्ड चमरौआ, रामपुर**

पत्रांक : मौमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन /2024-25 दिनांक : 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओ को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोट वि.खं. चमरौआ जनपद रामपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवां वित्त आयोग, RGSA, मनरेगा, ओडीएफ+, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदायें/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.2024 से 19.06.2024 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में दिन के 02 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी० | |
| 3 | बजरफुट | घन मी० | |
| 4 | 20 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 5 | 40 एम.एम. बजरी | घन मी० | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी.सी. इंटरलोकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | सरिया | प्रति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | |
| 14 | मिट्टी दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 17 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 18 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 19 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 20 | फर्नीचर / बैंच | प्रति नग | |
| 21 | सी.सी. बेंच | प्रति नग | |
| 22 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 23 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 24 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 25 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 26 | प्राइमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 27 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 28 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग/फिट | |
| 29 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 30 | बालपुट्टी | बैग | |
| 31 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 32 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 33 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 34 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / फिट | |
| 35 | लोहे के गेट | प्रति कुंतल | |
| 36 | आयरन शीट | प्रति किलो | |
| 37 | माईका शीट | प्रति गज | |
| 38 | ई-रिक्शा | प्रति नग | |

**नियम व शर्तेंः-** स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण अस्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। उन अधिकृत फर्मों को ही निविदा मान्य होगी जो पंचायतीराज नियमावली 1970 के पैरा-54 के अन्तर्गत प्रतिबंधों को पूर्ण करती हैं तथा नियमावली में उल्लिखित प्रतिबंधों को पूर्ण करने का यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का ही होगा। केवल उन्हीं फर्मों की निविदाएँ मान्य होंगी जो नियमानुसार आयकर, व्यापारकर, आदि विभागों द्वारा पंजीकृत हैं। आपूर्ति संतोषजनक एवं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल तक होगी। निविदा खोलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

सचिव प्रदीप कुमार — ग्राम प्रधान सर्वेश

## एक नजर

### अयोध्या में कमरा बुक कराने के बहाने अधिवक्ता से ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में धर्मशाला में कमरा बुक कराने के बहाने एडवोकेट से चार हजार रुपये की ठगी कर ली गई। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के रहने वाले एडवोकेट मुकुल दीक्षित ने बताया है कि उन्हें परिवार के साथ 15 जून को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाना है। उन्होंने 9 जून को अयोध्या में रुकने के लिए ऑनलाइन होटल की तलाश की। उन्हें साईं नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या स्थिति बिरला धर्मशाला की वेबसाइट दिखी। वेबसाइट पर मौजूद नंबर पर संपर्क करने पर एक व्यक्ति से बात हुई। उसने अपना नाम संजय कुमार और धर्मशाला का मैनेजर बताया। संजय ने दो कमरों को किराया चार हजार से अधिक बताया था। मुकुल ने संजय की ओर से दिए गए बैंक अकाउंट नंबर पर तीन बार में चार हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। संदेह होने पर रकम वापस मांगी तो संजय ने मना कर दिया। उसने धमकी दी कि जो करना है कर लें लेकिन पैसे वापस नहीं होंगे। मुकुल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी धर्मशाला के नाम पर 10 दिन पहले अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल से भी ठगी हुई थी।

# वाहनों की फिटनेस कराएं स्कूल संचालक

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम निर्देश के अनुपालन में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें एजेंडा बिंदुओ व उसके कार्यवृत्त में एकरूपता लाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को लेकर बैठक में चर्चा की गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मई में आयोजित बैठक में लिए गए समस्त निर्णयों पर कार्रवाई की समीक्षा की गई। निर्देशों का अनुपालन समय से करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा, वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक के विभिन्न सड़क निर्माण एजेंसियों के ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा, परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा विगत माह में विभिन्न अपराधों में किए गए चालानों व लाइसेंस निलंबन की समीक्षा की। जनपद में संचालित सभी प्रकार के संस्थानों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन व आयोजित गतिविधियों से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की।

उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में मृत घायल व्यक्तियों के आश्रितों को हिट एंड रन योजना के अंतर्गत लंबित चल रहे केसों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया कि वह विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में जुलाई में वृद्धि लाई जाए तथा जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस नहीं है, वह अपने वाहनों की फिटनेस परिवहन विभाग से करा लें। बैठक में एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, बीएसए अजीत कुमार, लोनिवि निर्माण खंड-1 के अधिशासी अभियंता सुनील सागर, जल निगम के अधिशासी अभियंता मोहित राय, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार, एआरटीओ प्रशासन आन्जनेय सिंह, जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन, डिप्टी सीएमओ डॉ. हरीश कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी भरत भूषण, एआरएम नरेश चंद्र गुप्ता, एनएचएआई उप महाप्रबंधक संदीप यादव, जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह व अभियन्त्रण विभाग के अभियंता ग्रामीण एमए खान, एनएचआई के सहायक अभियंता शांतनु, आवास विकास के सहायक अभियंता हेमंत राज, एलडीएम कैनरा बैंक मनीष कुमार, प्रभारी निरीक्षक यातायात दिनेश कुमार, जीजीआईसी मुक्ता अग्रवाल, टीएमयू डायरेक्टर डॉ. एमपी सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉ. रवि गंगल, शाजिद अली व अमित गुप्ता आदि शामिल रहे।

# इलाहाबाद का नौशाद आलम गिरफ्तार

- अखबार में विज्ञापन देकर जरूरतमंदों की करता था तलाश, ठगी करने के बाद ब्लॉक कर देता था नंबर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोन दिलाने के नाम पर जरूरतमंदों से ठगी करने वाला अभियुक्त नौशाद आलम (28) पुत्र मोहम्मद शब्बीर गिरफ्तार हो गया है। यह इलाहाबाद में मंडी मुंडेरा के पास मीरा पट्टी में मकान नंबर 153 का रहने वाला है। इसे मझोला थाना पुलिस ने धर दबोचा है। नौशाद के पास से 21 मोबाइल फोन, लैपटॉप, यूको बैंक की पासबुक, दो पैन कार्ड, पांच डेबिट कार्ड, समेत काफी सामग्री बरामद हुई है। पुलिस की इस कार्रवाई पर एसएसपी ने टीम को शाबाशी भी दी है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि अभियुक्त नौशाद आलम बुधवार को सम्राट अशोक नगर स्थित स्कोप डिजिटल ऑफिस से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी कर रहा था, उसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार लिया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया है कि वह अपने मोबाइल फोन से लोगों को लोन कराने का लालच देकर उनसे फीस के नाम पर रुपये अपने मनचाहे खाते में ट्रांसफर करता था। अभियुक्त ने बताया है कि वह पहले अखबारों में लोन दिलाने के संबंध में विज्ञापन छपवाता था। हाल ही में इसने 7 जून को नोएडा के एक अखबार में भी विज्ञापन छपवाया था। जिसमें लिखे मोबाइल नंबर पर लोगों ने लोन के लिए संपर्क किया था। जिनसे वह अप्लाई चार्ज के रूप में 1500 से 1600 रुपये वसूलता था। इसके बाद डॉक्यूमेंट के नाम पर बैलेंस शीट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, चरित्र प्रमाण पत्र, आईटीआर आदि बनवाने की फीस के तौर पर भी वह 4,000 से लेकर 5,500 रुपये तक जमा करवाता था। इसके बाद ग्राहक को चार-पांच दिन इंतजार करने का समय देता था।



पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

एक सिम को 7 से 10 दिन तक प्रयोग करता था। लोग झांसे में आकर उसके बताए गए खाता नंबर पर भुगतान करते थे। पैसा खाते में आते ही वह धनराशि को एटीएम से निकाल लेता था। फिर ग्राहकों के आने वाले फोन को रिसीव नहीं करता था या फिर उनके नंबरों को ब्लॉक कर देता था।

### नौशाद के पास प्रेस का आईकार्ड भी बरामद

सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि आरोपी नौशाद आलम के पास से पुलिस ने 21 मोबाइल, लैपटॉप, पासबुक यूको बैंक, दो पेन कार्ड, पांच डेबिट कार्ड, प्रेस आई कार्ड, 6 खाली सिम पैक, 8 सिम कवर प्लास्टिक बीएसएनएल, 36 सिम, 230 रुपये और एक बैग भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में मझोला थाने के दरोगा मनोज पवार व अंकुर चौधरी, हेड कांस्टेबल प्रमोद शर्मा, कांस्टेबल सूरज शामिल रहे हैं।

# जागरूकता से दिलाएं जिले को बाल श्रम से मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उप श्रमायुक्त कार्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोध दिवस पर बुधवार को गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह ने की।

सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार ने अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के अलावा बाल श्रम मुक्त कराए वार्ड के पार्षदों, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी, काउन्सलर प्रोबेशन आदि का स्वागत किया गया।

बाल श्रम मुक्त घोषित वार्डों के पार्षदों ने अपने अनुभव साझा किए। व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधियों से अपर श्रम आयुक्त ने आह्वान किया कि अपने क्षेत्र के व्यापारी बन्धुओं से बाल श्रम को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि वह बच्चों के पुनर्वास और उनकी देखभाल के लिए कार्य कर रहे हैं। दुकानों, होटलों, मोटर गैराज व अन्य व्यवसायों में भी बालश्रम की सम्भावना रहती है जो सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध है। बताया गया कि वित्तीय वर्ष में बालश्रम मुक्त वार्ड 10 और वार्ड 5 के पार्षदों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रयास से दोनों वार्डों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कृषि, गैर-कृषि, स्वरोजगार, गृह आधारित प्रतिष्ठान, घरेलू कार्य व किसी प्रकार का अन्य श्रम सम्मिलित होगा। इस योजना में पात्र परिवार/पात्रता में ऐसे परिवार जिसमें माता-पिता या पिता की मृत्यु हो चुकी है, या दोनों स्थायी रूप से दिव्यांग हो, अथवा ऐसे परिवार जिसमें महिला या माता परिवार की मुखिया हो, माता या पिता अथवा दोनों किसी गम्भीर असाध्य रोग से ग्रस्त हो, या भूमिहीन परिवार के कामकाजी बच्चों को आर्थिक सहायता की धनराशि प्रत्येक महीने बालक को 1000 रुपये, बालिका को 1200 रुपये दिए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना से 104 बालक-बालिकाओं को लाभान्वित कराया गया है। अन्त में अपर श्रमायुक्त ने बाल श्रम जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए जन सामान्य से सहयोग की अपील की। गोष्ठी में पीतल मजदूर यूनियन के अध्यक्ष विजय पाल सिंह, राकेश कुमार सिंघल उपाध्यक्ष युवा बर्तन व्यापार संगठन, पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट से गरिमा सिंह, व्यापारी नेता विजय मदान, नितिन राज, पार्षद प्रशांत कुमार, चंद्रभान सिंह, नीता सक्सेना, पार्षद विवेक शर्मा के अलावा दीपक कुमार, परीक्षित शर्मा, राकेश कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




बाल श्रम निषेध दिवस पर गोष्ठी को संबोधित करते अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह व अन्य।

### किसान को पीटने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किसान को अपने पेड़ से आम तोड़ने से मना करने पर गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम कुतुबपुर अज्जू निवासी भूरे सिंह पुत्र भगवान दास ने दी तहरीर में बताया कि वह खेतीहर मजदूर है और उसके ट्यूबवेल के पास ही उसका आम का एक पेड़ है। आरोप लगाया गया है कि 5 जून को वह अपने ट्यूबवेल पर सोया हुआ था। तभी शोर सुनकर उठा तो देखा कि उसी के गांव का बनवारी उसके आम के पेड़ से आम तोड़ रहा है। उसने विरोध किया तो वह गाली-गलौज करने लगा और अपने पुत्र अमित सिंह, हुकम सिंह, अतेंद्र सिंह के साथ उसको लाठी डंडों से पीट दिया।

## एक लाख तक की वार्षिक आय वाले ले सकेंगे शादी अनुदान योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदन करने से लेकर धनराशि वितरण की प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, सरल व पारदर्शी बनाया गया है। इसमें आवेदक की आय ग्रामीण क्षेत्र में रुपये 46,080 वार्षिक व शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये वार्षिक से बढ़ाकर आय शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में 1,00,000 रुपये वार्षिक कर दिया गया है। साथ ही नवीन तकनीक के तहत आवेदन प्रक्रिया ई-केवाईसी के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के आधार नंबर अंकित करने के बाद आवेदन पत्र में आवेदक की फोटो सहित सभी सूचना स्वतः अंकित हो जाती है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एमपी सिंह ने बताया है कि शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक की आय शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में 1,00,000 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगी।

### ससुराल वालों ने महिला के साथ की मारपीट

**अगवानपुर, अमृत विचार:** थाना सिविल लाइन में आने वाले ग्राम प्रेम नगर कांठ रोड निवासी प्रीति पत्नी संजय ने आरोप लगाया कि उसके ससुर जयपाल व देवर जगराम ने उसके साथ मारपीट की। महिला ने बताया कि मंगलवार की शाम 7 बजे उसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर अगवानपुर पुलिस चौकी पहुंची। जहां आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### वंदे भारत ट्रेन पर किसानों ने किया कब्जा, अधिकारियों में मचा हड़कंप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बुधवार को देहरादून से लखनऊ जा रही अति सुरक्षित ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस पर किसानों ने कब्जा कर लिया। हरिद्वार स्टेशन पर किसानों के घुसने की सूचना से रेल मंडल मुख्यालय पर हड़कंप मच गया। रेलवे कंट्रोल रूम की खबर के बाद रेल प्रशासन और रेलवे पुलिस सक्रिय हो गई। जिसके बाद ट्रेन को नजीबाबाद में रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ ने किसी तरह किसानों को उतारा। जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस (22546) ट्रेन में हरिद्वार अपने निर्धारित समय से पहुंची। ट्रेन के चलने से पहले हरिद्वार में किसान ट्रेन के कोच में चढ़ गए। एक कोच से चढ़े किसान पूरे कोच में घूमने लगे तो ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन इंजन की ओर से घुसे किसान दूसरे छोर तक घूमे तो यात्रियों ने शिकायतें शुरू कर दीं। आरपीएफ के सीनियर डीएससी शनमुगा वाडियल ने बताया कि कंट्रोल मैसेज मिलने के बाद ट्रेन को नजीबाबाद में शाम 4:35 बजे रोकने को कहा गया। पुलिस ने सभी किसान और अवैध यात्रियों को उतारना शुरू कर दिया। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन सवार यात्रियों की शिकायत के बाद सभी अवैध यात्रियों को उतार लिया गया। नजीबाबाद में किसानों के उतरने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। इस दौरान ट्रेन लगभग 10 मिनट तक नजीबाबाद स्टेशन पर खड़ी रही।

### इमाम अकरम की हत्या के दूसरे दिन भी पुलिस खाली हाथ

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में भैंसिया गांव में स्थित बड़ी मस्जिद के इमाम मोहम्मद अकरम की हत्या का दूसरा दिन बुधवार को बीत गया। लेकिन, पुलिस की टीम में अभी तक हत्यारों की पहचान तक नहीं कर पाई हैं। इमाम के पैतृक गांव मसवासी से पुलिस की एक टीम विभिन्न पहलुओं पर जांच कर खाली हाथ लौट आई है। वैसे एसओजी, सर्विलांस, थाना पुलिस की कई टीमें इमाम के हत्यारोपितों तक पहुंचने के लिए लगी हुई हैं। इमाम और उनके करीबियों के मोबाइल की काल डिटेल खंगाल रही है। माना जा रहा है कि हत्या का कारण इमाम को मिली अपने पीर की गद्दी हो सकती है। हत्या करने वाला भी इमाम का कोई बेहद करीबी ही है। पुलिस मान रही है कि इमाम की हत्या पूरी योजना से हुई है। चूंकि, आरोपियों को पता था कि इमाम की पत्नी आमना मायके गई हुई है। वह घर पर होती तो वही घर का दरवाजा खोलने के लिए आतीं। हत्या करने वालों की योजना सफल हो गई। गांव वालों ने बताया है कि पीरजादा में रहने वाले इमाम के पीर हाजी मोहम्मद उमर उर्फ बाबू जी के हजारों की संख्या में मुरीद थे। उन्होंने अपने इंतकाल से पहले ही इमाम अकरम को खलीफा घोषित कर दिया था। बाबू जी के कई करीबी इसे लेकर दुखी और गुस्सा हो गए थे।




**कार्यालय ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा**
**वि.ख. बनियाखेड़ा जिला-सम्भल**

पत्रांक- मीमो / ग्रा.पं./ विकास कार्य/ निविदा/ कुटेशन/ 2024-25 दिनांकः 12.06.2024

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा वि०ख० बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल मे वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.24 से 20.06.24 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20.06.24 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति वैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 420 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रत्ति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुतल | |
| 14 | मिटटी दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 16 | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/ समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर / बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी. सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइंट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मी. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेन्ट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण | नग/ फीट | |
| 33 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | वालपुटटी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/ फिट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | आर्यन सीट / Roof सीट | प्रति किलो | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |
| 42 | कटर | प्रति नग | |
| 43 | फोगिंग मशीन | प्रति नग | |
| 44 | कुर्सी | प्रति नग | |
| 45 | मेज | प्रति नग | |
| 46 | कैमरा | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत

## उझारी के निकट हुई दुर्घटना, भात में जा रहा था राजेन्द्र

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** हसनपुर-संभल मार्ग पर दोस्त के साथ बहन के घर भात में शामिल होने जा रहे बाइक सवार को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे घायल बाइक सवार किशोर की उपचार को ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



मंगलवार को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर निवासी उत्तम सिंह का 14 वर्षीय बेटा राजेंद्र अपने गांव निवासी दोस्त रवि शंकर के साथ बाइक से आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर छोईया आया था। वह अपने भांजे के मुंडन संस्कार में भात में शामिल होने के लिए जा रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर-संभल मार्ग पर उझारी के नजदीक पहुंची तो किसी वाहन से ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे राजेंद्र और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल राजेंद्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे के बाद चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र था। वह दो भाइयों में छोटा था। वहीं, छात्र की मौत से मां शारदा समेत परिजनों का बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि हादसे में छात्र की मौत हुई है। इस संबंध में परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### टेम्पो की टक्कर से ई-रिक्शा में बैठी दो छात्राएं घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाईपास मार्ग पर ई-रिक्शा में डग्गामार टेम्पो ने टक्कर मार दी। टक्कर से ई रिक्शा में बैठी दो छात्राएं घायल हो गईं। घायल छात्राओं को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक छात्र की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर खालसा निवासी बबीता पुत्री दिनेश चंद्र एवं ज्योति पुत्री हरपाल नगर स्थित कोचिंग सेंटर ई-रिक्शा से आ रही थी। जैसे ही उनकी ई रिक्शा नगर के बाईपास मार्ग स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी के निकट पहुंची तो गजरौला दिशा की तरफ से आ रहे एक टेम्पो ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर से ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठी दोनों छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौका पाकर चालक टेंपो लेकर फरार हो गया। राहगीरों एवं दुकानदारों ने दोनों घायल छात्राओं को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान बबीता की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### बाइक फिसलने से किशोर घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर नगर से घर लौट रहे किशोर की बाइक फिसलने से वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा माफी निवासी मुनेश पुत्र नरेश बुधवार दोपहर नगर से सामान खरीद कर अपने घर जा रहा था, जैसे ही उसकी बाइक अलीगढ़ मार्ग पर शाहपुर कला गांव में पहुंची तो अचानक एक व्यक्ति को बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पर फिसल गई। बाइक फिसलने से सड़क पर गिरकर किशोर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल किशोर स्थानीय विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र है।

### हाईवे पर 24 घंटों में हादसों में तीन लोगों की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** हाईवे पर 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। मंगलवार रात हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। दिल्ली निवासी विशाल व सतीश कैंची धाम घूमने के लिए गए थे, वहां से लौटकर घर आ रहे थे, जैसे ही उनकी बाइक हाईवे स्थित सलारपुर गांव के पास पहुंची तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। वहीं, दूसरा हादसा बुधवार शाम चार बजे के लगभग हुआ। ख्यालीपुर ढाल के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आसिफ पुत्र अय्यूब निवासी बिजौरा की मौत हो गई, जबकि उसका साथी जुबैर पुत्र लियाकत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। वहीं तीसरा हादसा भी हाईवे पर हुआ। जिसमें कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक अशरफ अली (50) पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम कासमाबाद थाना गजरौला की मृत्यु हो गई थी। जिसके संबंध में थाना गजरौला पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर तीन हादसे हुए जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### सब्जी मंडी से ई-रिक्शा चोरी, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाईखेड़ा मिलक निवासी रोहतास पुत्र फतेह सिंह सोमवार को ई-रिक्शा लेकर अमरोहा मार्ग स्थित सब्जी मंडी आया था। उसने मंडी समिति में ई-रिक्शा खड़ी कर दी थी और सब्जी खरीदने लगा। जब रोहतास सब्जी खरीद कर लौटा तो ई रिक्शा वहां से गायब थी। रोहतास ने ई-रिक्शा की तलाश की तो कनेटा चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर ई रिक्शा ले जाते हुए कैद हो गये। पीड़ित रोहतास बुधवार को कोतवाली पहुंचा और तहरीर व वीडियो रिकॉर्डिंग देकर चोर को पकड़ने की गुहार लगाई। पहले भी सब्जी मंडी से दो ई रिक्शा चोरी हो चुकी हैं, जिनका अभी तक कोई भी सुराग नहीं लगा। कोतवाली पुलिस जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### सांड़ के हमले से युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मनिहारान निवासी मनोज पुत्र महेश गुप्ता उम्र 35 वर्ष बुधवार सुबह घर से बाजार को राशन लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह पुरानी घास मंडी के निकट पहुंचा तो सामने से आ रहे सांड़ में उस पर हमला कर दिया।



सांड़ ने युवक को दो बार उछाल कर सड़क पर पटक दिया। व्यापारियों ने मुश्किल से सांड़ को वहां से भगाकर युवक को बचाया। युवक पर सांड़ के हमले की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। घायल मनोज नगर स्थित कपड़े की दुकान पर नौकरी करता है। वहीं, नगर के व्यापारियों ने प्रशासन से सांड़ों को पकड़वाने की मांग की है।

### दुष्कर्म पीड़िता के फोटो वायरल, तीन पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला निवासी युवती से 2023 में दुष्कर्म हुआ था, जिसका न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। मुकदमे के आरोपी पीड़िता व उसके परिजनों पर मुकदमे में फैसले का दबाव बना रहे हैं। जब पीड़िता व उसके परिजन फैसले के लिए तैयार नहीं हुई, तो आरोपियों ने युवती के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिस पर पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली में तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा नगर निवासी शिवम, अंकुश एवं अरुण पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



गजरौला में जीत का जश्न मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

# केंद्र में सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

संवाददाता, गजरौला

- भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**अमृत विचार :** केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में मोदी को चुना है, क्योंकि जनता जानती है कि भाजपा सरकार ही देश का विकास कराने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने जनता को तमाम लुभावनी घोषणाओं से बहलाने की कोशिश की। मगर जनता ने साबित कर दिया कि भाजपा ही उनकी पहली पसंद है। इस दौरान कार्यकर्ता भाजपा का झण्डा लहराते रहे। बुधवार को नगर के इंदिरा चौक से प्रारंभ हुई धन्यवाद यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर समाप्त हुई। इस अवसर पर भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, मनमोहन सिंह सेन, डॉ. राजीव शुक्ल, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष राम रतन सिंह जाटव, तेजपाल सिंह, देवेश शर्मा, सोनू कश्यप, हिमांशु त्यागी, विपिन सागर, वेदप्रकाश प्रधान, राजीव राजपूत, विवेक, उमेश कश्यप, डॉ. उत्तम सिंह प्रजापति, चंद्रपाल सिंह पाल, अंकुश पाल कार्यकर्ता रहे।



बिजली अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी। ● अमृत विचार

# विधायक ने विद्युत आपूर्ति में सुधार के दिए निर्देश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चरमरा गई है। तहसील क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों की बैठक कर विधायक ने निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए हैं।

विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी ने बुधवार को कैंप कार्यालय पर तहसील क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक ने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप होने पर नाराजगी जताई। विधायक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आपूर्ति मिलनी चाहिए। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी उपभोक्ता विद्युत बिल सही कराने आए तो उससे वसूली नहीं होनी चाहिए। अगर शिकायत मिली तो वह खुद मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत करेंगे। बैठक में एक्सईएन, एसडीओ हसनपुर, एसडीओ उझारी, एसडीओ रहरा सहित समस्त जेई मौजूद रहे।

## लूट की सूचना देने के बाद सेल्समैन ने कराई बाइक चोरी की रिपोर्ट

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना के गांव निरयावली भूड़ की देशी शराब की दुकान पर सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सोहत गढ़ी निवासी बबलू सेल्समैन है। उसने पुलिस को सूचना दी थी कि मंगलवार रात दुकान से घर जा रहे थे। निरयावली भूड़ व जिझारपुर गांव के बीच चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और 72 हजार 300 रुपये की नकदी, मोबाइल तथा बाइक लूट कर फरार हो गए। सैदनगली थाना अध्यक्ष निशांत राठी, आदमपुर थाना अध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह के अलावा पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत तथा एसओजी की टीम ने मौका मुआयना किया था। सेल्समैन ने कुछ देर बाद लूट की घटना को खारिज करते हुए बताया कि वह रास्ते में रूका तो चार लोग बाइक ले गए। थाना प्रभारी शौकेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट कर ली गई है।

# नीट में गड़बड़ी की हो सीबीआई जांच

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** समाजवादी छात्र सभा ने नीट में गड़बड़ी का संदेह होने पर सीबीआई जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी उर्फ गोलू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम भगत सिंह को सौंपा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट यूजी के परिणाम घोषित कर फर्जीवाड़ा किया गया है।

मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संशय है। नीट यूजी के दिन भी देश में अलग-अलग संस्थानों में व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आईं हैं। जिससे यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नीट के परिणाम में एक ही सेंटर से कई टॉपर्स होने से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर कई तरह के संदेश उत्पन्न हो रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में आमिर मंसूरी, कासिम मकरानी, इशान त्यागी, अंकित त्यागी, रोबिन त्यागी, शिवम शर्मा, सलीम चौधरी, शोएब चौधरी, इकबाल हमीद, अंशु त्यागी मौजूद रहे।



हसनपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**ज्ञापन दिया**

- समाजवादी छात्र सभा के सदस्यों ने की कार्रवाई की मांग
- छात्र सभा के सदस्यों ने लगाया लापरवाही का आरोप

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशानी

**रहरा, अमृत विचार :** रहरा में बुधवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री से अधिक रहा। लोगों में स्वास्थ्य से जुड़ी दिक्कतें बढ़ रही हैं। इसी वजह से लोग धूप से बचने के लिए घरों के भीतर ही ज्यादा समय बिता रहे हैं।

बिजली विभाग बिना किसी फाल्ट के ही बिजली कटौती कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार बिजली घर के चक्कर काटने के बाद भी बिजली की व्यवस्था सही नहीं हो रही है। जिससे लोगों को गर्मी में रहना पड़ रहा है। बुधवार सुबह से शाम तक लोग गर्मी से लोग बेहाल हो गए। धूप के कारण बाहर निकलने में परेशानी हुई और लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए हैं। दोपहर में सड़कें सूनसान रहीं और बाजारों में भी लोग बहुत कम दिखाई दे रहे हैं। सुबह दस बजे तक और शाम को छह बजे के बाद ही लोग बाजारों से खरीदारी कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी पांच दिन गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रहे दानिश अली ने कही लोगों के बीच रहने की बात

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** अमरोहा के पूर्व सांसद दानिश अली ने वरिष्ठ सपा नेता राहुल कौशिक के आवास पर बैठक कर चुनाव में सहयोग के लिए गठबंधन कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वह आगे भी अमरोहा की जनता के बीच रहकर सेवा करेंगे। बुधवार को बस्ती रोड स्थित अवंतिका में हुई बैठक में पूर्व सांसद दानिश अली ने कहा कि चुनाव में हार जीत होती रहती है, जनता का फैसला सर्वोपरि है। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर चुनाव लड़ाया है, उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी वे सबके बीच में रहकर अमरोहा की जनता की सेवा करेंगे। राहुल कौशिक ने कहा कि देश की जनता ने अपना मत इंडिया गठबंधन के पक्ष में दिया है।

जो कमी इस बार रह गई थीं, उन्हें दूर किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति चौधरी भूपेंद्र सिंह, जिपं सदस्य सरदार महाराज सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, चौधरी राजेंद्र सिंह, आसिम हुसैन साबरी, जितांबर सिंह यादव, चेतन सिंह, रविंद्र सिंह, अशोक यादव, वरुणजीत सिंह, कुलदीप सिंह देवल, अनिल प्रधान, अरुण यादव, सचिन यादव, नावेद अली, कामिल मंसूरी मौजूद रहे।



गजरौला में बैठक करते पूर्व सांसद दानिश अली। ● अमृत विचार

# स्कूलों में बच्चों के दिमाग को परखेगा 'माइंड स्पार्क'

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों के छात्रों का बौद्धिक स्तर परखने के लिए जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने एडू लैब में नए सॉफ्टवेयर माइंड स्पार्क को लांच किया है। इसके लिए स्कूलों में काम कर रहे ट्रेनरों की तीन दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हो गई

बुधवार शाम गजरौला में हाईवे किनारे स्थित होटल स्वागत में चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में एडू लैब के संबंध में जानकारी दी गई। जेबीएफ टीम के राजेंद्र बिष्ट ईआई संस्था से आई टीम ने ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया। मुख्य अतिथि जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि एडू लैब प्रोजक्ट के माध्यम से जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन साक्षरता को बढ़ावा व सुधार करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि जेबीएफ द्वारा संचालित एडू लैब कई राज्यों के 55 स्कूलों में चलाई जाएंगी। गजरौला विकासखंड के 16 परिषदीय स्कूलों में एडू लैब का संचालन किया जा रहा है। कार्यशाला में ईआई टीम से रंधीर, वेदांत, रीता, गणेश, किशोर, जेबीएफ से आदित्य, जया, चंदन प्रसाद, हर्षला, सहजल, आदर्श, दीनू, सायली, निकिता, बूंदी सिंह, नवनीत, राहुल, नूरमसीह, मोनू मौजूद रहे।



कार्यशाला में बोलते जन संपर्क अधिकारी सुनील दीक्षित।



प्रदर्शन करते तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य। ● अमृत विचार

# भ्रष्टाचार के विरोध में अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन द्वारा बुधवार को नायब तहसीलदार के विरुद्ध उनके न्यायालय के सामने प्रदर्शन किया गया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसीलदार कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों, वादकारियों एवं जनता का शोषण कर रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे अन्याय को किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा। बार अध्यक्ष गंगासरन ने कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन को गति दी जाएगी एवं बार एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से शीघ्र ही जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारीयों एवं शासन तक समस्याओं को पहुंचाएगा। बुधवार को बार अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार भारत प्रताप के कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बार अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित गुप्त, शिवचरन सिंह, दिनेश गुप्ता, श्यौराज राणा, हरिओम शर्मा, राजेंद्र सिंह,, सुनील भटनागर, चौधरी गजेंद्र सिंह, नरेशपाल सिंह, आफताब आलम, रामचंद्र, फतेह सिंह, केशवराव प्रजापति, रमेश चंद्र, कपिल देव, शिवकुमार राणा, नईम अहमद, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, वीर सिंह त्यागी, चंद्रसेन रहे।

**बैठक** अवशेषों के निस्तारण के लिये पर्याप्त व्यवस्था करें स्थानीय निकाय

# बकरीद पर बिजली, पानी की हो बेहतर व्यवस्था : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने ईद उल अजहा (बकरीद) पर व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने मुस्लिम कमेटी के सदस्यों से सुझाव लिए और निर्देश दिए कि शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए और उनसे कड़ाई से निपटा जाए। कहीं पर किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बकरीद को लेकर बैठक में कहा कि ईद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये बेहतर इंतजाम किए जाएं। कहा कि सभी उपजिलधिकारी/सीओ थानों में पीस कमेटी की बैठक करें। ईद पर अवशेष बाहर न फेंके जाएं। कहीं समस्या है तो उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को अभियान चलाकर ढीले और जर्जर तारों की मरम्मत कराकर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिए। कहा कि अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर प्रत्येक उपकेंद्र पर रहना चाहिए। एक कंट्रोल रूम बनाएं, जिसमें 24 घण्टे स्टाफ की तैनाती हो। कोई कहीं दिक्कत है तो पहले से ही ठीक कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां कुर्बानी होनी है, वहां पर पर्याप्त सफाईकर्मी तैनात करें। अवशेषों के निस्तारण के लिये पर्याप्त व्यवस्था करें, साफ सफाई बेहतर हो। चिह्नित कुर्बानी स्थलों पर मांस एवं अवशेषों को ढकने की व्यवस्था हो। अवशेषों को चिह्नित स्थान पर ही डाला जाए। नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु बाहर न दिखाई दें यह सुनिश्चित करें। वहीं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह कहा कि जिले में भाई-चारे एवं आपसी सहयोग ईद मनाई जाए। कहा कि ईद को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से की जाएं।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी साथ में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व अन्य अधिकारी।

# पालिका के खोदवाए गड्ढों में करें अवशेषों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- ईद उल अजहा को लेकर पालिका कर्मचारियों को ईओ ने दिए निर्देश

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर नगर पालिका द्वारा की जा रही सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने पालिका के कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए।

बुधवार को नगर पालिका के ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईद उल अजहा 17 जून को मनाया जाएगा। तीन दिन तक मनाए जाने वाले इस त्योहार में प्रथम दिन ईद की नमाज ईदगाह एवं नगर की प्रमुख मस्जिदों में होगी। उन्होंने कहा कि नगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि चूना छिड़काव की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ईदगाह मार्ग पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। चूने का छिड़काव कराया जाएगा। इसके अलावा पानी का भी छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने कहा की कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन तक जारी रहेगा। डंपिंग ग्राउंड में तीन बड़े गड्ढे करवाए गए हैं। जिन में नगर से एकत्र किए पशुओं के ओज का निस्तारण होगा।

कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए नगर क्षेत्र को चार जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में एक सफाई निरीक्षक, सफाई नायक के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली, टेम्पो, रिक्शा ठेला तैनात किए गए हैं। नगर पालिका के नलकूपों पर जनरेटर की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन आदि मौजूद रहे।

### गैस वेल्डिंग की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

**सैदनगली, अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी विक्की पुत्र चरन सिंह मंगलवार रात अपनी गैस वेल्डिंग की दुकान को बंद करके घर चला गया। इसके बाद रात में चोरों ने गैस वेल्डिंग की दुकान के तालों को तोड़ा और गैस वेल्डिंग मशीन, सिलेंडर चोरी कर ली। बुधवार सुबह विक्की ने जब दुकान खोली तो वहां का नजारा देखकर सन्न रह गया। पीड़ित विक्की ने बताया कि चोर उसका करीब 50 हजार रुपये से अधिक के सामान को चोरी करके ले गये हैं। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### तीन घंटे विद्युत आपूर्ति ठप

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार सुबह नौ बजे नगर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि 33 केवीए की लाइन की अंडरग्राउंड विद्युत लाइन को ओपन किया जा रहा है, जिसके कारण आपूर्ति बाधित हुई है। दोपहर करीब 12 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारु हुई। तब नगर वासियों ने राहत की सांस ली।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.
TENDER NOTICE
On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Bareilly Zone) invites online percentage rate bids in two bid system for-
1-NIT No-1064/NIVIDA/GM/RNN/2024, Date-06-06-2024, e-tender Construction of Community Health Cente Badhapur Distt, Bijnor, Last date of submission of offers upto 2:00 PM on Dated 04-07-2024, all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

## एक नजर

### महिला ने लगाया मारपीट व कपड़े फाड़ने का आरोप

**असमोली, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली निवासी अशोक की पत्नी मुन्नी ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। मुन्नी ने मंगलवार की शाम चार बजे गांव के ही चार लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने व कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया। कहा कि चारों लोग लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को वोट करने से नाराज रहते हैं और चुनाव के बाद से ही धमकी देते हैं। मुन्नी ने तहरीर देकर चारों लोगों व उनके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### उल्टी दस्त व बुखार से महिला की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव चंदुनगला निवासी जसवीर की पत्नी सुधा 20 वर्ष पिछले एक माह से अपने मायके थाना क्षेत्र के गांव जैतौरा सागरपुर निवासी नेकपाल अपने पिता के घर रह रही थी। बुधवार को गर्मी अधिक होने की वजह से सुधा को अचानक से उल्टी दस्त हो गए। उल्टी दस्त के बाद सुधा को बुखार भी आ गया। जिससे सुधा की हालत और बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजन उपचार के लिए सुधा को लेकर रजपुरा निजी अस्पताल लेकर आ गए। दोपहर तक हालत में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर ने सुधा को रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने नगर पंचायत बबराला में स्थित निजी अस्पताल में सुधा को उपचार के लिए भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान सुधा की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर जसवीर और उसके परिजन भी ससुराल आ गया और बिना पुलिस को सूचना दिए सुधा के शव को गंगाघाट राजघाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

### एसपी ने बहजोई में किया पैदल भ्रमण

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बुधवार देर शाम को बहजोई कस्बे में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही लोगों से संवाद किया। पैदल भ्रमण पर निकले पुलिस अधीक्षक ने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहार को लेकर किसी तरह की अफवाह का शिकार न बनें। कोई अफवाह फैलाने का प्रयास करे तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

---

### दो दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ों लोगों से की ऐंठी रकम, झारखंड की कंपनी ने 2000 रुपये लेकर बनाए थे सदस्य

# ऋण देने के नाम पर लाखों की ठगी, दफ्तर बंद कर भागी कंपनी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** झारखंड की कंपनी ने समूह बनाकर ऋण देने का झांसा देकर पहले तो एजेंट बनाए फिर इन एजेंटों के माध्यम से सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर ली। ऋण देने का नंबर आया तो कंपनी के लोग दफ्तर बंद करके फरार हो गए। जब लोगों को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने डीएम कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही है।

झारखंड की एक कंपनी ने समूह के आधार पर ऋण देने का दावा कर रोडवेज बस स्टैंड के निकट चांदनी चौक मार्केट में अपना दफ्तर बनाया था। जहां पर कंपनी के कर्मचारियों के जरिए 2000 रुपये लेकर सदस्य बनाए। उन्हें रसीद भी दी और बताया गया कि उन्हें 50000 का ऋण एक महीने बाद दिया जाएगा।

दो दर्जन से अधिक गांव के 3500 लोगों को कंपनी ने सदस्य बनाया और 10 जून को ऋण देने का वादा किया। 10 जून को जब लोग ऋण लेने के लिए कंपनी के दफ्तर पहुंचे तो उस पर ताला लटका था। काफी देर इंतजार करने के बाद वह वापस लौट गए। लगातार दफ्तर के चक्कर काटते रहे। लेकिन दफ्तर नहीं खुला तो लोगों को एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है।वह बुधवार को शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंच गए। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर को शिकायती पत्र दिया और कार्रवाई की मांग उठाई। अपने रुपए भी वापस कराने की बात कही।


शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ठगी के शिकार लोग। ● अमृत विचार

#### युवकों को कर्मचारी बनाकर फंसाया अपने जाल में

बहजोई,अमृत विचार : झारखंड की कंपनी ने सबसे पहले लोकल स्तर पर गांव के रहने वाले 100 से अधिक लोगों को कर्मचारियों के रूप में जोड़ा और अलग-अलग स्थान पर 10 से अधिक लोगों ने लाखों रुपए कलेक्शन कर के ऋण देने के नाम पर कंपनी को रुपए लाकर दे दिये। सदस्यता शुल्क के रूप में 215 रुपए प्रति सदस्य जमा कराए गए थे। जबकि 2000 समूह में जमानत राशि के रूप में भी जमा कराए गए थे। कंपनी ने शिकार बनाया और ठगी कर कर फरार हो गए।

#### पूरे मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बहजोई, अमृत विचार :** इस पूरे मामले की शिकायत जैसे ही डीएम दफ्तर पर पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर से की गई तो पूरे मामले को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस इस पूरे मामले में अब जांच कर रही है। कि किस कंपनी ने क्या-क्या प्रलोभन देकर आम व्यक्ति को ठगने का काम किया। पुलिस अब इस पूरी जानकारी में जुट गई है कि कौन लोग इस कंपनी के संचालन करता थे। किन लोगों ने कंपनी के नाम पर पूरे मामले में भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाकर उनके रुपए हड़पने का काम किया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि पूरे मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

---

# कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका, नोकझोंक

### बिना अनुमति यात्रा निकाल रहे थे धन्यवाद यात्रा,कार्रवाई की चेतावनी पर हुए वापस

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जनपद की संभल विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने धन्यवाद यात्रा शुरू की तो कुछ ही दूरी पर पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने बिना अनुमति धन्यवाद यात्रा नहीं निकालने की बात कही तो पुलिस और कांग्रेसियों के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई। पुलिस ने धन्यवाद यात्रा निकालने पर कार्रवाई की बात कही तो कांग्रेसी वापस लौट गए।

उत्तर प्रदेश की जनता द्वारा प्रचंड बहुमत देने पर धन्यवाद यात्रा निकालने को लेकर कांग्रेसियों ने तैयारी की थी। बुधवार को चौधरी सराय चौराहा पर पीएसी और पुलिस बल मुस्तैद हो गया। तरीन कैंपस से धन्यवाद यात्रा शुरू हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ता जनता का धन्यवाद करते हुए आगे बढ़ने लगे। जैसे ही धन्यवाद यात्रा चौधरी सराय चौराहे पर पहुंची तो पुलिस ने रोक लिया। चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने कांग्रेसियों से कहा कि उनके पास यात्रा को लेकर प्रशासन की अनुमति नहीं है, ऐसे में इसे नहीं निकाला जा सकता। कांग्रेसियों ने भी अनुमति को लेकर अपनी बात रखी। इस बीच पुलिस और कांग्रेसियों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाल पवन कुमार भी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। कोतवाल ने भी कांग्रेसियों से बिना अनुमति धन्यवाद यात्रा नहीं निकालने की बात कही। कांग्रेसी आगे बढ़ने को तैयार हुए तो कोतवाल ने कहा कि अगर यहां से आगे यात्रा निकलती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिसके बाद कांग्रेसी लौट गए। कोतवाल पवन कुमार ने कहा कि कांग्रेसियों के पास धन्यवाद यात्रा निकालने की अनुमति नहीं थी, इसलिए उन्हें रोका गया।


यात्रा रोके जाने पर पुलिस ने नोकझोंक करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- संभल विधानसभा क्षेत्र में तरीन कैंपस से शुरू हुई थी यात्रा

#### पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप

**संभल अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने पुलिस पर हिटलरशाही पर उतरकर यात्रा रोकने और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया। जनता के जब्बे को सलाम करते हुए उन्हें धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता निकले थे। पुलिस ने आभार व्यक्त नहीं करने दिया। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में धन्यवाद यात्रा निकलेगी इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, कल्पना सिंह, मुशीर खान तरीन, मोहम्मद अब्बास राणा, डीके वाल्मीकि, दाऊद पाशा, अकील अहमद, रोहित सैनी, नजारुल हसन, मौअज्जम हुसैन, अक्षय ठाकुर, कलीम खान, बब्बू खान, सत्येंद्र पाल, इरफान अली, मोहम्मद शफी सैफी, इफ्तिखार कुरैशी, जितेंद्र कुमार सैनी, राहत जान, मोहम्मद कासिम, उरवा तुर्की, हाजी रईस, फिरासत अली आदि रहे।

### बुखार पीड़ित महिला की रक्तस्त्राव से मौत

**संभल, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में बुखार पीड़ित महिला को झोलाछाप ने दवा दी तो दवा के सेवन से महिला को इतना रक्तस्राव हुआ कि उसकी मौत हो गई।

एक गांव निवासी ग्रामीण की एक माह की गर्भवती पत्नी को पिछले तीन दिन से बुखार आ रहा था। परिजन महिला का उपचार आसपास में झोलाछाप से करा रहे थे। बुधवार को झोलाछाप डॉक्टर से दवा लेकर महिला घर पहुंची। दवा खाने के बाद महिला को रक्तस्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर परिजन महिला को लेकर निजी अस्पताल संभल आ गए।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उपचार कराने के लिए महिला को लेकर मुरादाबाद जा रहे थे कि रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन महिला का शव लेकर घर आ गए और बिना कानूनी कार्रवाई किए ही महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

---

## सार-संक्षेप


सिरसी में ट्रॉफी लेती बिलारी की विजेता टीम ● अमृत विचार

### बिलारी की टीम ने जीती क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के मुहल्ला शर्की रेलवे ग्राउंड पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का मुकाबला मंगलवार को रात हुआ। जिसमें बिलारी टीम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी कब्जा ली। फाइनल मैच का टॉस जैन क्लब के कप्तान हुसैन मेहंदी ने जीता। जैन क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। शुरुआत काफी खराब रही और तीन विकेट खो दिए। बल्लेबाज जहीर की 35 रन की पारी से जैन क्लब ने दस ओवर में आठ विकेट पर 95 रन बनाए। बिलारी के गेंदबाज सार्थक और अभिषेक ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलारी की टीम ने एक विकेट खोकर छह ओवर में ही नौ विकेट से जीत दर्ज कर ट्राफी जीत ली। बिलारी टीम की ओर से अभिषेक ने 46 रन और रोहित ने 25 रन बनाए। अभिषेक मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज रहे। मुख्य अतिथि चौधरी हसन आरिफ और शबीह अब्बास ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। एम्पायरिंग बबलू और मुस्तफा ने कमेंट्री जौहर अब्बास ने की। इस दौरान अबु तालिब, शारिक, छोटे, शबी, बली, शबी अब्बास, मनसब अली आदि रहे।


सांसद आदित्य यादव का जन्मदिन मनाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### सपाइयों ने केक काटकर मनाया सांसद का जन्मदिन

**बबराला, अमृत विचार :** बदायूं से समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद आदित्य यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। विधानसभा क्षेत्र के सपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत कर 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा सरकार बनाने का संकल्प लिया। बुधवार को नगर के रामलीला मैदान में सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने सांसद आदित्य यादव के चित्र के आगे केक काटकर हैप्पी बर्थडे टू यू बोला और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। सपाइयों ने राहगीरों को लड्डू भी बांटे। अमित यादव ने कहा कि सपा सरकार में ही सर्व समाज का हित संभव है। आज किसान, व्यापारी, उद्यमी सभी वर्ग परेशान हैं और भाजपा की सरकार से निजात चाहते हैं। बदायूं लोकसभा क्षेत्र में बाकी बचा विकास नए सांसद पूरा करेंगे। सपा नेता शरद यादव ने कहा कि सपा की नीतियों व विचारधाराओं को अपनाकर ही देश व प्रदेश का भला हो सकता है क्योंकि समाजवादी विचारधारा में सभी को बराबरी व समानता का अधिकार मिलता है। शशिकांत वार्ष्णेय ने भी विचार रखे। इस दौरान जिला मंत्री विभोर अग्रवाल, लकी उस्मानी, येनेंद्र शर्मा, अंकुश गुप्ता, राहुल गिरी, राजेंद्र यादव, राजीव यादव, वीर सिंह, अक्षय यादव, अनुराग यादव, रविन्द्र सिंह, राजा यादव आदि रहे।

### गर्मी में लोगों को ठंडा शर्बत पिलाकर पहुंचाई राहत

**संभल, अमृत विचार :** विकास खंड संभल की ग्राम पंचायत चितावली में भीषण गर्मी के बीच सफाई कर्मचारी जसराम सिंह ने गांव में साफ सफाई के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शिविर लगाकर ग्रामीणों और राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाने का काम किया। गांव चितावली, हसनगढ़, नगलिया कामगार, मिलक पंसुखा, ज्ञानपुर, हाजीबेड़ा आदि के ग्रामीणों ने शिविर की सराहना की। इस दौरान गौतम, राजीव कुमार, जुम्मा, अंकुल, रोहन, रविंद्र, पुष्पेंद्र, रॉबिंस, शिवा, दीपक, सत्यम, अंकित, शीशपाल, बंटी, रविंद्र, गंगासरण, संदीप, अरुण, वरुण, सपना, मनु, प्रवाह, कैलाशो, ईशु, रोहित, अंकित, जसराम सिंह आदि का सहयोग रहा।

---

## बजरंग दल ने आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी जाते समय श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इस तरह की गतिविधि पर पूर्ण नियंत्रण के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने को केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग उठाई।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नई तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा कि श्रद्धालुओं पर हमले से पूरा देश आहत है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है।

धारा 370 हटने के बाद उम्मीद जागी थी लेकिन लगता है कि उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि इस तरह के तत्वों का संरक्षण देने वाले या आंतरिक व विदेशी तत्वों पर भी कठोर कार्रवाई की जाए। ऐसा केंद्र सरकार सुनिश्चित करे। इस दौरान अमित वार्ष्णेय, अतुल गुप्ता, संजीव शर्मा, संतोष गुप्ता, शशांक वार्ष्णेय, वैभव गुप्ता, ऋषभ ठाकुर, अभिषेक, सुधांशु शंखधर, शक्ति शंखधर, सजल सिंघल, , प्रांशु जैन आदि रहे।



आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन करते बजरंग दल कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की
- कठोर कदम उठाने को केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग उठाई

### अनियंत्रित हुई कार की टक्कर से ग्रामीण घायल

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में ग्रामीण अनियंत्रित कार की टक्कर लगने से गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने चालक को पकड़ लिया और ग्रामीण को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाली क्षेत्र के ही मुहल्ला आलम सराय निवासी नरेश बुधवार की सुबह 11 बजे हर रोज की तरह बकरियों को लेकर चराने के लिए लेकर जंगल की ओर जा रहा था। नरेश बकरियों को लेकर जैसे ही मुहल्ला मंडी किशनदास सराय के नजदीक टीले पर पहुंचा। पीछे से आ रही कार अचानक से अनियंत्रित हो गई और कार ने नरेश में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नरेश उछलकर रास्ते के किनारे दूर गिरकर घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने टक्कर मारकर भाग रहे चालक को पकड़ लिया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर नरेश को रेफर कर दिया।

## लोन देने के नाम पर किसानों से रुपये वसूलने का आरोप

संवाददाता, संभल

- प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में गांव लखौरी जलालपुर में स्थित बैंक कर्मचारियों पर लोन देने के नाम पर किसानों से रुपये वसूलने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर समस्या का समाधान कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन शंकर के युवा जिलाध्यक्ष कामेंद्र चौधरी ने बुधवार को कहा कि संभल विकासखंड के गांव लखौरी जलालपुर में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक लोन देने के नाम पर किसानों से अवैध रुप से वसूली की जा रही है। विरोध करने पर बैंक के कर्मचारी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जो किसान रुपये देने में असमर्थता जताते हैं। बैंक के कर्मचारी ऐसे किसानों को टरकाते रहते हैं। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर बैंक के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष संजय गुप्ता से इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराने की मांग की।

युवा जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से समस्या का समाधान कराने के लिए दस दिन का समय दिया गया है। समाधान नहीं होने पर भाकियू शंकर के कार्यकर्ता रणनीति बनाकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संभल मिंकू चौधरी, कुलदीप शर्मा, अंकुर शर्मा, डॉ. राजू सैनी, सुखपाल गुर्जर, राजपाल कश्यप सहित आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्र में सैकड़ों बच्चे आज भी मजदूरी करने को विवश

संवाददाता, बबराला/संभल

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**

- प्रयासों के बाद भी बाल श्रम पर नहीं लग पा रही लगाम

**अमृत विचार :** बच्चों को मजदूरी से आजाद करवा कर शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, लेकिन क्षेत्र के सैकड़ों बच्चे आज भी शिक्षा के उजाले से दूर मजदूरी करने को मजबूर हैं। कूड़ा बीनने या मजदूरी करना मानो उनकी नियति है। बावजूद इसके प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।

बाल श्रम पर रोक के लिए 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम में नियोजित करने वालों पर कार्रवाई और बच्चों के पुनर्वास का प्रावधान है। इसके बावजूद दुकानों और होटलों में कम उम्र के बालक काम करते दिख जाते हैं। श्रम विभाग इन पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। केंद्र सरकार की ओर से कचरा बीनने और भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों के पुनर्वास लिए मिशन वात्सल्य योजना कार्यक्रम संचालित है। लेकिन गुन्नौर इलाके तक इस योजना की पहुंच नहीं है।

नगरीय क्षेत्र में जहां तहां बचपन कूड़े के ढेर में रोटी तलाशते दिख जाता है वहीं, दुकानों, गैराज और अन्य प्रतिष्ठानों में बाल श्रमिक कार्यरत हैं मगर ऐसे संस्थानों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। क्षेत्र में श्रम विभाग द्वारा इस तरह कोई अभियान भी नहीं चलाया जाता है। बाल संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी जोखिम भरे काम करने वाले 14 से अधिक और 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों को चिन्हित करना है। जबकि 14 वर्ष तक के बालकों से श्रम करवाने पर कार्रवाई की जिम्मेदारी श्रम विभाग की है मगर ऐसी कार्रवाई यहां अरसे से नहीं सुनी गई है, जिसमें किसी बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया हो।

#### ढ़ाबों से लेकर दुकानों तक बाल श्रमिक

**बबराला,अमृत विचार :** बाल श्रम उन्मूलन को लेकर सरकार ने कई कार्यक्रमों की शुरुआत की है। फिर भी खेत खलिहानों से लेकर होटलों, चाय की गुमटी या किराना दुकानों पर बाल श्रमिकों को काम करते देखा जा रहा है। यही नहीं कई बच्चे कूड़े की ढेर पर अपना बचपन तलाशते देखे जाते हैं। बाल श्रम उन्मूलन के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई गई हैं। यहां तक कि उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जगह-जगह आवासीय विद्यालय खोले गए हैं। बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाकर दोषी लोगों को दंडित करने का प्रावधान भी बना, लेकिन इसका अपेक्षित परिणाम सामने नजर नहीं आ पा रहा है।

---

## नए सत्र में बच्चों का पंजीकरण परिषदीय स्कूलों में कराएं

संवाददाता,बहजोई

- बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर की जा रही तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों का शत प्रतिशत पंजीकरण करने व समय से पुस्तक वितरण करने के निर्देश दिए ।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बीएसए ने की जा रही तैयारी की बिंदुवार जानकारी दी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विद्यालय के नवीन सत्र व बच्चों के पंजीकरण पुस्तक वितरण के विषय में जानकारी ली।

डीएम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से संपर्क करते हुए बच्चों के पंजीकरण की प्रगति में सुधार लाएं। कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों के पुस्तकों के वितरण को लेकर डीएम ने जिला बीएसए से कहा कि 18 जून से 30 जून तक पुस्तकों के वितरण का शत प्रतिशत सत्यापन करा लें। सत्यापन में रेंडम आधार पर 10 प्रतिशत बच्चों का सत्यापन कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक एआरपी रेंडम रूप से 10-10 विद्यालयों का सत्यापन एवं खंड शिक्षा अधिकारी न्यूनतम पांच-पांच विद्यालयों का सत्यापन प्रत्येक दशा में कर लें।

24 जून तक रिपोर्ट कार्यालय को प्रेषित की जाए। डीबीटी के विषय में भी जानकारी प्राप्त करते हुए 24 जून तक डीबीटी के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, डीडीओ राम आशीष, डीआईओएस वेदराम, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओ बृजेश कुमार, एसीएमओ डॉ कुलदीप आदिम सहित आदि मौजूद रहे।


**आयोजन** रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई-संभल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

## गरीबों की सहायता के लिए अधिवक्ता कराएं सेमिनार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल के शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में हड़ताल कम करने के साथ-साथ गरीबों की सहायता के लिए सेमिनार आयोजित कराने की बात कही गई।

पुरानी तहसील परिसर में रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री डीपी यादव, विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट जज प्रेम सिंह यादव, अध्यक्ष राजस्व अधिवक्ता बार एसोसिएशन बोध लाल शुक्ला, भोलानाथ यादव, बालकृष्ण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका यादव, पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव, रामकेश आर्य, चारों धर्मगुरु, किसान यूनियन के पदाधिकारी रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता इलाहाबाद भोलानाथ यादव ने लाइब्रेरी के लिए 50 हजार रुपये का अनुदान दिया। बोध लाल शुक्ला ने कहा कि हड़ताल कम करने और गरीबों की सहायतार्थ सेमिनार का आयोजन किया जाए। जिससे गरीबों को फायदा पहुंचे। हड़ताल के स्थान पर अपनी कलम लेखनी का प्रयोग करके सुशासन एवं न्यायिक अधिकारियों का दृढ़तापूर्वक विरोध करना चाहिए। जिससे न्याय पालिका में सुधार हो सके। पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव ने कहा कि वकालत को वकालत के नजरिये से ही देखा जाए। कार्यक्रम में पर्यावरण शुद्धि के लिए लोगों को पौधे दिए गए। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने पौधरोपण के लिए नर्सरी कुरकावली से 50 पौधे लगाने का सहयोग दिया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। समापन एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश पाल यादव ने किया। संचालन मीर सहाय ने किया।


रेवेन्यू बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में सदस्यों को शपथ दिलाते अधिवक्ता।

#### सीओ के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी बार एसोसिएशन की एक बैठक जिला न्यायालय के बार रूम में हुई। जिसमें कोतवाली पुलिस व सीओ की कार्यप्रणाली पर अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त किया। बैठक में सीओ प्रदीप सिंह का अधिवक्ताओं के प्रति जो रवैया है, उनकी निंदा की गई। कहा कि सीओ ने कुछ समय पहले एक अधिवक्ता के परिवार पर मुकदमा दर्ज कराने में भूमिका निभाई थी। अब दो अन्य अधिवक्ता साथियों पर पुन: मुकदमा लिखाने में भूमिका निभा रहे हैं। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने सीओ चन्दौसी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। बताया कि गुरुवार की सुबह अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल बहजोई जाकर पुलिस अधीक्षक से उक्त संबंध में वार्ता करेगा। मगर समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### किसान की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** जमीन के विवाद में किसान हरिराम उर्फ हरी सिंह की पीटकर हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। बुधवार सुबह प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने टीम के साथ नगरा तिराहे से हत्यारोपी विजय पाल पुत्र धनपाल और महेश चंद्र पुत्र नन्हें को गिरफ्तार कर लिया।

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम KABINDER SINGH था अब बदल कर SARDAR KAVINDER SINGH S/o JAIPAL SINGH R/o H.N.16 CHANDER NAGAR NEAR GURUDWARA POST CIVIL LINE MORADABAD रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

## एक नजर

### पुलिस ने कहा,बकरीद पर नई परंपरा नहीं डालें

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने बुधवार को गांव बनियाखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय में ईद उल फितर को लेकर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। उप निरीक्षक अजीत सिंह तथा देवेंद्र कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों से बकरीद को त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि जिस स्थान पर कुर्बानी होती आयी है। उसी स्थान पर करें। नई परंपरा डालने का प्रयास न किया जाए। ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवशेषों को इधर उधर न फेंका जाए। गड्ढे में डालें और उसे दबा दें। इस दौरान ग्राम प्रधान नईम खान समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं बकरीद का त्योहार

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन पुलिस चौकी परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने ईद उल अजहा का त्योहार लोगों से शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। कहा कि अवशेषों को तय स्थान पर ही डालें। असामाजिक तत्वों की बातों पर ध्यान न देकर पुलिस को सूचना दें। थाना प्रभारी संत कुमार ने कहा कि ईद उल अजहा पर नई परंपरा न डालें। कुर्बानी खुले में न करें। अगर कोई व्यक्ति तय स्थान से अलग अवशेषों को डालता मिले तो उसे टोकें और अवशेषों को तय स्थान पर डलवाएं। इधर-ऊधर की बातों पर ध्यान न दें और न ही असामाजिक तत्वों की बातों पर ध्यान दें। किसी तरह की अफवाह फैलने पर पुलिस को सूचना दें। जिससे समय रहते ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जेई की मौत

**सहसवान(बदायूं), अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रक ने बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर बाइक सवार जूनियर इंजीनियर को टक्कर मार दी। हादसे में जेई की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी ओमवीर (28) पुत्र तोताराम राष्ट्रीय जल जीवन मिशन कार्यक्रम में जूनियर इंजीनियर थे। मंगलवार देर शाम वह काम निपटाकर बाइक से गांव जा रहे थे। बदायूं-मेरठ राजमार्ग के गांव मिचोना की मढ़ैया के पास पहुंचे। बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में ओमवीर की बाइक तकरीबन 30 मीटर तक घिसटती गई।

# कुबेर खैनी की फैक्ट्री पर जीएसटी की टीम का छापा

## आवास, फैक्ट्री और ट्रांसपोर्ट पर की जा रही जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महानिदेशक जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय गाजियाबाद (डीजीजीआई) की टीम ने बुधवार को मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर के टी-प्वाइंट के निकट स्थित कुबेर खैनी की फैक्ट्री पर छापा मारा। टीम तीन जगह बंट गई। फैक्ट्री स्वामी के आवास, फैक्ट्री व ट्रांसपोर्ट पर चेकिंग की। देर रात तक टीम जांच पड़ताल करती रही। वहीं संबन्धित अफसर मीडिया कर्मियों से बात करने से परहेज करते रहे।

नगर के घंटाघर निवासी एक मैंथा व्यवसायी की मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में टी-प्वाइंट के निकट कुबेर खैनी की फैक्ट्री है। यहां पूर्व में भी जीएसटी सेंट्रल की टीम छापा मार चुकी है। बुधवार की सुबह ही महानिदेशक जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय गाजियाबाद (डीजीजीआई) की टीम की कई गाड़ियां कुबेर फैक्ट्री पहुंचीं। यहां से एक टीम घंटाघर स्थित फैक्ट्री स्वामी के आवास पर पहुंची। टीम में महिला अधिकारी व कर्मचारी थे। आवास व फैक्ट्री में बंद कमरे में जांच पड़ताल चलती रही। वहीं शाम चार बजे एक टीम आजाद रोड स्थित ट्रांसपोर्ट पर पहुंच गई। जहां कुबेर खैनी का कच्चा माल (तेल) से लदा एक कैंटर पहुंचा तो टीम ने पकड़ लिया। कैंटर में तेल से भरी केन थीं। टीम ने सभी केन को गाड़ी से उतरवा कर जांच शुरु कर दी। रात साढ़े आठ बजे तक जांच चलती रही।


कुबेर खैनी का कच्चा माल चेक करती जीएसटी की टीम।

● मीडिया कर्मियों से बात करने से परहेज करती रही टीम, देर रात तक चलती रही जांच पड़ताल

> जीएसटी चोरी के मामले में कुबेर फैक्ट्री पर छापा मारा गया है। जांच पड़ताल जारी है। जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी।
> –बल्देव खंडूरी, सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर, जीएसटी गाजियाबाद।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# 20 जून को कोतवाली का घेराव करेगी भारतीय किसान यूनियन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान तहसील गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में कहा है कि संगठन के पदाधिकारी रामेश्वर पुत्र राजाराम निवासी बरई में रहते हैं। जबकि उनका दूसरा मकान इस्लामनगर मार्ग स्थित एआर कोल्ड स्टोरेज के पास है। 8 मई की रात चोर उनके मकान में बनी दुकान में कूमल लगाकर 80 क्विंटल गेहूं चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर दी गई थी। घटना के एक माह बाद भी पुलिस ने घटना का खुलासा नहीं किया है। आरोप है कि विवेचक चोरी का खुलासा करने के बजाय पीड़ित को गुमराह कर रहा है। बताया कि अगर एक सप्ताह में पुलिस ने चोरी गया गेहूं बरामद नहीं किया तो 20 जून को यूनियन के पदाधिकारी कोतवाली का घेराव करेंगे। ज्ञापन देने वालों में कौशल क्रांतिकारी, रजत यादव महामंत्री, राशिद, शबाब, रामेश्वर, आदि रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर हरिद्वार में होगा चिंतन

● भाकियू टिकैत का राष्ट्रीय चिंतन शिविर 16 से 18 जून तक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का राष्ट्रीय चिंतन शिविर 16 से 18 जून तक हरिद्वार में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में देश भर से किसानों की भागीदारी रहेगी। शिविर में जनपद संभल के किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने के लिए भी चिंतन किया जाएगा।

प्रदेश प्रमुख महासचिव/प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश बिजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जनपद संभल के कार्यकर्ता भारी संख्या में 15 जून की शाम चन्दौसी रेलवे स्टेशन से ट्रेन से हरिद्वार रवाना होंगे। किसानों की समस्याओं पर राष्ट्रीय शिविर में चिंतन होगा। बताया कि जनपद में भारी तादात में अवैध खनन मानक के विपरीत हो रहा है। जिलाधिकारी को बार-बार अवगत कराने के बाद भी राशन ग्रामीणों तक नहीं पहुंचाया जा रहा। राशन डीलरों का उक्त राशन ठेकेदार शोषण कर रहे हैं। जनपद में राशन वितरण में गल्ला माफिया हावी हैं। प्रत्येक गांव में प्रति कार्ड एक यूनिट काट कर राशन दिया जा रहा है। ग्राम सादातबाड़ी, उधरनपुर, सिसौना डांडा में चकबन्दी में भारी धांधली हुई है। उसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जाए। जनपद में जिले से लेकर तहसील व ब्लाक में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। चिंतन शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत एवं शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठकर के संभल जनपद की समस्याओं पर चिंतन किया जाएगा और राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करके कुम्भकर्णी नींद में सोए जनपद के अधिकारियों को जगाया जाएगा।

# हादसे में बाइक सवार की मौत, भाई घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़



**अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के डारनी के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। मृतक जनपद रामपुर का निवासी था।

जनपद रामपुर के थाना ढकिया के गांव ओसी निवासी गुड्डू 35 वर्ष पुत्र नाजिर व उसका छोटा भाई शाहिद शादियों में मांगने का कार्य करते हैं। बुधवार को दोनों भाई बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव रहोली शादी समारोह में जा रहे थे। जब बाइक सवार दोनों भाई थाना क्षेत्र के गांव डारनी के पास पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में गुड्डू की मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा।


सीएचसी में विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### सीएचसी पहुंचे परिजन, मचा कोहराम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ के डारनी मार्ग पर हुए हादसे में गुड्डू की मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई शाहिद घायल हो गया। सीएचसी में विलाप कर रही मृतक की पत्नी गुलाबो ने बताया कि मंगलवार को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इस बात से नाराज होकर गुलाबो अपने मायके थाना हयातनगर चली गई थी। बुधवार की शाम पति की हादसे में मौत की सूचना मिलने पर महिला बेसुध हो गई।

> थाना क्षेत्र के डारनी मार्ग पर हादसे में युवक की मौत हो गई। जबकि उसका भाई घायल हुआ है। ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> –संजीव बालियान, थाना प्रभारी

## सार-संक्षेप



ब्लड बैंक में रक्तदान करता समिति का सदस्य। ● अमृत विचार

### शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अनूद अनाविया वेलफेयर सोसाइटी की ओर से बुधवार को सीता रोड स्थित नीलम ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान के इस महादान में लोगों ने स्वेच्छा से बढ़चढ़ कर भागीदारी की। कुल 25 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि ये रक्त जरूरत पड़ने पर गरीबों को निशुल्क दिया जाएगा। सचिव फैजान अली ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए। जिससे ह्रदय रोग होने की संभावना कम हो जाती है। सभी को एक दूसरे के काम आकर मानवता का परिचय देना चाहिए। इस अवसर पर अल्ताफ, अनिल, चंद्रकेश, फैजान अली, प्रेमपाल, वीरेश, गौरव शर्मा, नवनीत आदि का सहयोग रहा।


रघुनाथ आश्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। ● अमृत विचार

### चित्रकला प्रतियोगिता में वंश सक्सेना ने बाजी मारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय परिसर में एक माह का समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के 18वें दिन बुधवार को सबरंग अन्नी ने प्रतिभागी बच्चों से भगवान श्री गणेश जी का चित्र बनवाया। बच्चों ने कागज पर गणपति महाराज की आकृति उकेर कर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। हीरा लाल ने बच्चों को भगवान श्री गणेश जी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रतियोगिता में 56 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें वंश सक्सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अलंकृता रस्तोगी द्वितीय व पूर्णिमा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। पारुल वार्ष्णेय ने विजेता बच्चों ने पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजीव लोचन शर्मा, चिंटू शर्मा, इंद्रपाल वार्ष्णेय, आशुतोष, प्रमोद कुमार गांधी, विनेश शर्मा, प्रमोद गुरु, दिनेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### तहसील परिसर में भी नहीं मिल रहा ठंडा पानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील परिसर में चार वाटर कूलर लगे हैं। जिसमें एक खराब है व अन्य से सादा पानी निकल रहा है। जिससे भीषण गर्मी में अधिवक्ता व वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील पहुंचने पर वादकारी इधर-उधर ठंडे पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। कई बार शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं होने पर अधिवक्ताओं में रोष है। तहसील परिसर में नगर पालिका ने कुछ वर्ष पहले भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं व वादकारियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर चार वाटरकूलर लगवाए थे। ताकि गर्मी में इन्हें ठंडा पानी मिल सके। अधिवक्ता कई बार खराब वाटरकूलरों को दुरुस्त कराने की मांग कर चुके हैं। इसके बाद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

### धर्मकांटा की कोठरी में कूमल लगा कर चोरी

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली के निकट मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर बीती रात चोरों ने धर्मकांटा की कोठरी में दो कूमल लगा कर चोरी की। चोर यहां से इनवर्टर-बैटरी ही ले जा सके। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव अकरौली निवासी फरजंद अली पुत्र मो. जान का गांव के बाहर मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर मलिक के नाम से धर्मकांटा है। रोजाना की तरह मंगलवार की रात करीब 10 बजे फरजंद धर्मकांटा बंद कर घर चले गए। बुधवार की सुबह जब मौके पर पहुंचे और कोठरी का ताला खोला तो भौंचक्के रह गए। कोठरी की पीछे वाली दुकान में दो कूमल लगे थे। एक कूमल के आगे सीमेंट के कट्टे रखे थे। जिससे चोर कोठरी में प्रवेश नहीं कर सके। दूसरा कूमल लगा कर प्रवेश किया और एक इनवर्टर, एक बैटरी व अन्य सामान ले गए। पुलिस छानबीन कर रही है।

### नाले में गिरी गाय,रस्सी बांधकर जेसीबी से निकाला

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में अचानक गाय नाले में जर गिरी। सूचना मिलने पर पुलिस व नगरपालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जेसीबी से नाले की सफाई कराकर रस्सी बांधकर गाय को बाहर निकाला। कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी चौराहे के पास बुधवार की सुबह 11 बजे गाय संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे नाले के पास घूम रही थी। भीषण गर्मी की वजह से प्यास लगी तो पानी पीने के लिए गाय नाले में उतर गई। गहराई अधिक होने की वजह से पानी पीने के बाद गाय कड़ी मशक्कत करने के बाद भी नाले से बाहर नहीं निकल सकी। दोपहर एक बजे के आसपास सूचना मिलने पर पुलिस व नगरपालिका कर्मी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और नाले से कूड़ा कचरा निकालकर नाले में उतरे नगर पालिका के कर्मचारियों ने रस्सी बांधकर जेसीबी से खींचवाकर गाय को नाले से बाहर निकाला।

# उपचार के लिए सीएचसी में लगी मरीजों की कतार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गर्मी के चलते टायफाइड व डायरिया के मरीजों में प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। गंभीर मरीजों का उपचार वार्ड में किया जा रहा है। रोजाना 800 से अधिक मरीज उपचार कराने सीएचसी पहुंच रहे हैं। वहीं चिकित्सक गर्मी में अधिक से अधिक पानी का सेवन करने व एहतियात बरतने की सलाह मरीजों को दे रहे हैं।

पहले टायफाइड व डायरिया के 25 से 30 मरीज ही रोजाना उपचार कराने पहुंच रहे थे। अब इनकी संख्या में वृद्धि होने से रोजाना करीब 50 मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। जबकि खांसी, जुकाम व बुखार के अन्य मरीज भी आ रहे हैं। यही हाल निजी हॉस्पिटलों का भी है। वहां भी उपचार कराने वाले मरीजों की भीड़ लगी हुई है।


चन्दौसी सीएचसी में लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

● रोजाना की अपेक्षा सोमवार को भारी संख्या में पहुंचे मरीज, अधिकांश डायरिया से पीड़ित

चिकित्सकों का कहना है गर्मी में शरीर में पानी की कमी हो जाती है। जो रोगों को उत्पन्न करती है। इसलिए गर्मी में ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें। दिन व रात को हल्का भोजन करें। बाजार की तली-भुनी खाद्य सामग्री बिल्कुल न खाएं। धूप होने पर घर से बाहर जाने से बचें। बच्चों व बुजुर्गों को गर्मी से बचाएं। बीमार होने पर चिकित्सक के अनुसार ही दवा का

> इस समय भीषण गर्मी के साथ-साथ धूप व लू का प्रकोप बना हुआ है। ज्यादा तर लोग डायरिया व टाइफाइड की चपेट में हैं। इस समय ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन कर बीमारियों से बचा जा सकता है।
> –डॉ. हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

### 44 डिग्री पहुंचा तापमान भीषण गर्मी में उबले लोग

**संभल, अमृत विचार :** बुधवार को 44 डिग्री सेल्सियस पारा पहुंचने पर प्रचंड गर्मी में लोग परेशान हो गए। तमाम जतन करने पर भी राहत नहीं मिल सकी। सड़कें सुनसान रहीं तो बाजारों में व्यापारी ग्राहकों का इंतजार करते रहे। सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो लोग पसीने में तरबतर हो गए। दोपहिया वाहन चालकों को लू के थपेड़ों ने परेशान किया तो वह चेहरे को कपड़े से ढककर निकले। पैदल गुजरने वाले लोगों ने भी तेज धूप से बचने के लिए कपड़े का सहारा लिया। सरकारी कार्यालयों पर सन्नाटे का माहौल दिखा। दोपहर में पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो घरों में पंखे और कूलर भी खास राहत नहीं दे सके। हालात यह रहे कि शाम को छह बजे भी तेज धूप के कारण बाजारों में रौनक का माहौल नहीं बना। सिर्फ बहुत जरूरी काम के लिए ही लोग घरों से निकले।

# पुलिस को ठेंगा दिखा रहे बदमाश, हो रहीं वारदातें

● घटनाओं को अंजाम देकर बदमाश लाखों का माल समेट चुके हैं

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में एक माह में आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के घरों में नकब लगाकर व तमंचे के बल पर लूट चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर बदमाश लाखों रुपये का माल समेट चुके हैं। घरों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस से अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिसकी वजह से थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर सोत निवासी आदेश कुमार के गांव से मिलक जाने वाले रास्ते के किनारे स्थित निजी स्कूल में चोर 15 मई की रात दीवार फांदकर घुस गए थे। चोरों ने स्कूल में रखी फोटो स्टेट मशीन, कंप्यूटर सिस्टम, नकदी व मंदिर का दानपात्र और रसोई में रखा गैस सिलेंडर चोरी किया था। 26 मई की रात को नकाबपोश बदमाशों ने गांव तेलीपुरा निवासी आजम से मनोटा रतनपुर मार्ग पर गांव भैसोड़ा के पास तंमचे के बल पर 60 हजार से अधिक रुपये लूट लिए थे। थाना क्षेत्र के गांव खाबरी भोला निवासी होमगार्ड राजवीर के मकान को चोरों ने 8 जून को निशाना बनाया था और नकदी व जेवर सहित चार लाख रुपये का सामान लेकर भाग गए थे। 11 मई की रात थाना क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी खेम सिंह के मकान की दीवार में नकब लगा लिया। चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर नकदी, जेवर सहित पांच लाख का माल समेट लिया था। इसी रात को पड़ोसी गांव मछारी निवासी मौसम अली, छिद्दा खां, रिफाकत और बाबू के मकान की दीवार में नकब लगाया था।

# ओवरब्रिज के लिए निर्माण सामग्री आना शुरू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण शुरू होने का इंतजार अब खत्म होता नजर आ रहा है। दूसरे दिन बुधवार को रेलवे फाटक के आसपास क्षेत्र में बैरियर लगा कर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया। रोडवेज बसों के अलावा छोटे चार पहिया वाहन ही निकल सके। वहीं ओवरब्रिज निर्माण एजेंसी सेतु निगम की ओर से निर्माण सामग्री आना आरंभ हो गई है।

बता दें कि मंडी समिति रेलवे क्रासिंग 36बी पर पंद्रह साल से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी। शासन से स्वीकृति मिलने व निर्माण के लिए धनराशि आवंटित होने के बाद कुछ अटकलों के चलते निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पा रहा था। रेलवे बड़ौदा हाउस के अलावा वन विभाग और बिजली विभाग से एनओसी मिलने के बाद निर्माण कार्य को हरी झंडी मिल गई है। बुधवार को निर्माण एजेंसी की ओर से ट्रकों आदि से सीमेंट आदि छिटपुट मेटेरियल आना आरंभ हो गया है। वहीं मेटेरियल से लदे वाहनों के आने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो सके। इसके लिए बुधवार को भी यातायात पुलिस का रूट डायवर्जन जारी रहा। सीओ तिराहा, गुमथल चौराहा, संभल तिराहा पर बैरियर लगा कर पुलिस कर्मी तैनात रहे और भारी वाहनों को दूसरे रास्ते से गुजारा। सिर्फ रोडवेज बसों के अलावा अन्य छोटे चार पहिया व दोपहिया वाहन ही निकल सके।



गुमथल चौराहा पर लगे बैरियर के पास तैनात पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

● रोडवेज बसों के अलावा भारी वाहनों का किया रूट डायवर्ट

> सेतु निगम की टीम ओवरब्रिज के लिए निर्माण सामग्री लेकर पहुंच रही है। बुधवार को भी कुछ निर्माण सामग्री आई है। जैसे-जैसे सामग्री आएगी। उसी हिसाब से वाहनों का रूट डायवर्ट किया जा रहा है।
> –अनुज मलिक, यातायात प्रभारी

# गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास निर्माण शुरू

**संभल अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। जिससे किसानों में खुशी का माहौल बना है। भाकियू असली ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। अब काम शुरू होने पर इसे किसानों की जीत बताया जा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर 50 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था। कई अधिकारियों ने भी किसानों से बात की थी। ठोस आश्वासन मिलने पर ही धरना समाप्त हुआ था। भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया कि अंडरपास निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह किसानों की बड़ी जीत है। अंडरपास बन जाने से किसानों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवश: कर्म सर्व: प्रकृतिजैर्गुणै:॥

नि:संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

# प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा,तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा,जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल,मिट्टी,हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई,क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है,मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति,193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है,उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं,जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है,जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं,उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रवंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा,जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है,उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में " प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई,उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाए। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है,उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं,जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है,जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं,उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं,उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

## प्रसंगवश

# योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण,प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही,असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

# शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

घरेलू सियासी हालात: किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया,लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं,लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।

कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर सेंसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।

वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए,जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

## सोशल फोरम

# अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है,न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है,जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है,जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ? अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है,जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं,किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

–फेसबुक वॉल से

# मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट,उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा,लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है,किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है,'सीयराम मय सब जग जानी। करहु प्रनाम जोरि जुग पानी'।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं,इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान,हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई,अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए ,जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

# नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं,लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं,जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं,इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में,नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए,लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए,लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है,लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

## एक नजर

### ढकिया नरू से अभनपुर तक का मार्ग क्षतिग्रस्त

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी से 4 किलोमीटर दूर सिरसी रोड अभनपुर गांव के पास चौधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान का बीते वर्ष निर्माण कार्य कराया था। जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाई गई थी। प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। इसीलिए आनन फानन में सड़क को बनवा दिया गया था। समय बीतने के साथ ही सड़क की हालत बेहद खराब हो गई। इस दो किलोमीटर लंबे मार्ग की हालत जर्जर हो गई है। कई जगह पर बजरी उखड़ी पड़ी है तो कहीं-कहीं सड़क में गड्ढे हैं। ग्रामवासियों ने ब्लॉक में एवं तहसील में कई बार शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई।

### अनिल शर्मा बने जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार शर्मा को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, संजय यादव, ओमकार सिंह, देवेन्द्र विश्नोई, पंकज भदौरिया, शाक़िर सैफी, नवदीप शर्मा व सत्यम वर्मा मौजूद रहे।

# विद्युत आपूर्ति न होने से सूख रही फसल, आक्रोश

## भाकियू कार्यकर्ताओं व किसानों ने विद्युत उपकेंद्र कार्यालय पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विद्युत आपूर्ति सुचारु न होने से किसानों की फसल खेतों में पानी के अभाव में सूख रही है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सुरजन नगर विद्युत उपकेंद्र पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। बाद में ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर स्थित सुरजन नगर चौकी के सामने कार्यकर्ताओं ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जाम लगने से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री धनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सूरजन नगर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच कर उपकेंद्र के गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन करते हुए पुलिस चौकी के निकट ठाकुरद्वारा-सूरजननगर मार्ग पर रास्ता जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि बीते 15 दिन से ट्यूबवेल कनेक्शन उपभोक्ताओं को मात्र 24 घंटे में एक-डेढ़ घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल व पशुओं का हरा चारा सूखने के कगार पर है। जबकि शासनादेश 10 घंटे विद्युत आपूर्ति के करने के दिए गए हैं। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मात्र एक डेढ़ घंटा विद्युत आपूर्ति कर रहे हैं। इसी को लेकर किसानों ने उपकेंद्र के जेई सतपाल यादव का घेराव कर उन्हें खरी खोटी सुनाई। इसके बाद किसानों द्वारा सूरज नगर चौकी के सामने जाम लगा दिया सूचना पर एसडीओ उमाशंकर, नायब तहसीलदार अंकित गिरी मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटा चली वार्ता के बाद क्षेत्र के किसानों को सवेरे 5:00 बजे से 11:00 तक व शाम 4:00 से 8:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति देने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। इस दौरान किसान यूनियन के जिला महामंत्री गनेंद्र शर्मा, ओंकार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, नारायण सिंह, शोभित कुमार, गुरु प्रताप सिंह, राम मोहन, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।


ठाकुरद्वारा के गांव सुरजन नगर में प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर धरना देते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता।

### भाकियू (टिकैत) ने बिजलीघर का घेराव किया

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत संबंधित मांगों को लेकर एसडीओ का घेराव किया। साथ ही मांगे न मानने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर एसडीओ विद्युत का घेराव किया। भारतीय किसान यूनियन( टिकैत) के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि जरगांव फीडर, मुबारकपुर फीडर, ईस्ट फीडर के किसानों को मुश्किल से तीन-चार घंटे विद्युत सप्लाई मिल पा रही है। धरना स्थल पर नायब तहसीलदार, कोतवाली बिलारी पुलिस सहित विद्युत उपखंड अधिकारी प्रणव चौधरी ने आश्वासन दिया कि वार्तालाप के बाद 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान शुभम राठी, आशु बालियांन, जयवीर सिंह, रणवीर यादव, भानु यादव, रणजीत सिंह, ओम प्रकाश, हनीम अहमद, सतपाल, रामवीर सिंह, वीर सिंह, राजपाल यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



धन्यवाद यात्रा निकालते चौधरी अहसान खान व अन्य। ● अमृत विचार

### कांग्रेसियों ने धन्यवाद यात्रा निकाल कर आभार जताया

**कुंदरकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता पर कांग्रेसियों ने धन्यवाद एवं आभार यात्रा निकाल कर क्षेत्रीय लोगों का शुक्रिया अदा किया। साथ ही इंडिया गठबंधन को लेकर जनता से भविष्य में सहयोग की अपील की। बुधवार को जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान के नेतृत्व में कुंदरकी विधानसभा के ब्लॉक कुंदरकी में धन्यवाद एवं आभार यात्रा निकाली गई। जो ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय कर्बला से प्रारम्भ हो कर पैंठ बाजार होते हुए मेन बस्ती पहुंची। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर पूरे देश में धन्यवाद यात्राएं निकालीं जा रही हैं। लोकसभा सम्भल से गठबंधन प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क को भारी मतों से जिताने के लिए हम लोगों का आभार व्यक्त करने आये हैं। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष दाऊद खान, शौकत नेताजी, नगर अध्यक्ष बिलारी मोहम्मद फारुख, सगीर खान, अयाज़ अहमद एडवोकेट, रामसिंह आर्य, शकूर सैफ़ी, इरफान खान, डॉ अनवर हुसैन, बग्गा चौधरी, शाकिर कुरैशी, वाहिद खान आदि मौजूद रहे।


स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सेवानिवृत्त जज व अन्य।

### चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

**बिलारी, अमृत विचार :** सिरसी रोड अभनपुर गांव के पास चौधरी चरण सिंह स्मारक एवं शिक्षण संस्थान का उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज व अधिवक्ताओं ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। बुधवार को अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना चौधरी, जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष सुनील लाठर सहित इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता भोलानाथ यादव, उत्तर प्रदेश रिवेन्यू कोड 2006 की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक कुमार यादव, प्रेम सिंह सेवानिवृत्ति न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं बालकिशन यादव वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने चौधरी चरण सिंह स्मारक स्थल पर पहुंचकर उनकी 51 फीट ऊंची प्रतिमा के आगे नमन किया और पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि दी।

### बैंक प्रबंधक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम खेमपुर सैफुल्लापुर निवासी व्यक्ति ने बैंक प्रबंधक पर भूमि बंधक करने के बाद भी ऋण देने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील कांठ क्षेत्र के ग्राम खेमपुर सैफुल्लापुर निवासी धर्मवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि पीड़ित फूलपुर मिठनपुर समिति का सदस्य है। यह समिति जिला सहकारी बैंक शाखा छजलैट के अंतर्गत आती है। पीड़ित जिला सहकारी के शाखा छजलैट से अपनी भूमि पर ऋण प्राप्त करना चाहता है। बैंक द्वारा प्रार्थी की भूमि बंधक की जा चुकी है। बंधक होने के बाद भी पीड़ित को अभी तक ऋण प्राप्त नहीं हुआ है। आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधक द्वारा पीड़ित से रिश्वत की मांग की जा रही है।

# ट्रक ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा, मौके पर दम तोड़ा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ा

**अमृत विचार :** डिग्री कॉलेज से घर लौट रहे बाइक सवार शिक्षक को तेज रफ्तार ट्रक चालक ने रौंद दिया। जिसमें शिक्षक की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे चालक को पुलिस ने पीछा कर ट्रक सहित पकड़ लिया। शिक्षक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



कोतवाली क्षेत्र के अंगदपुर गांव निवासी शक्ति सिंह (26) कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर दोस्त स्थित एक प्राइवेट डिग्री कॉलेज में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। कॉलेज की छुट्टी होने के बाद वह बाइक से घर जा रहे थे। ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर तालमपुर के पास पीछे से आ रहे तेज ट्रक चालक ने ओवरटेक करते समय बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने ट्रक सहित पकड़ लिया। शिक्षक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों व रिश्तेदारों के साथ-साथ विद्यालय का स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। शक्ति सिंह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था व उसके एक बहन है उसकी शादी 4 साल पहले ही चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पिता नरेंद्र सिंह की भी 12 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

### छात्रा के लापता होने पर पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ की छात्रा दो दिन पूर्व कॉलेज में प्रैक्टिकल देने आई थी। उसके बाद से वह लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा तो छात्रा के पिता ने गांव के ही एक युवक के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हरिया जुमला निवासी व्यक्ति की बेटी 10 जून को डीएसएम डिग्री कॉलेज में प्रैक्टिकल देने आई थी। प्रैक्टिकल के बाद जब वह देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने बेटी की तलाश सगे संबंधियों में की, परंतु कोई सुराग नहीं मिलने पर वह निराश हो गए। वहीं इस संबंध में छात्रा के पिता को पता चला कि उनकी बेटी को गांव के युवक के साथ जाते हुए देखा था। पीड़ित पिता ने थाना में इस संबंध में बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने पर आरोपी युवक के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सभासदों के आरोपों के बाद ठंडे बस्ते में पड़ी नपं अध्यक्ष के विरुद्ध जांच

संवाददाता, कांठ

- केवल एक वार्ड में ही विकास कार्य करने का लगाया था आरोप

**अमृत विचार :** नगर पंचायत बोर्ड की प्रथम बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी 17 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए थे। वहीं 17 वार्डों में से 16 वार्डों के सभासदों ने अध्यक्ष पर केवल अपने निवास के वार्ड में ही विकास कार्य करने के आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। सभासदों के आरोपों की जांच कार्य ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

नगर पंचायत कांठ के प्रथम बोर्ड की बैठक 22 जून 2023 को हुई थी। जिसमें सभी 17 वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए थे। गत 28 मई को नगर पंचायत के 17 में से 16 वार्डों के सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर अपने ही वार्ड में विकास करने के गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम कांठ को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में सभासदों ने आरोप लगाया था कि नगर पंचायत वार्ड नंबर 13 में नगर पंचायत अध्यक्ष स्वयं निवास करते हैं। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया था कि नगर पंचायत अध्यक्ष पारित प्रस्ताव को दरकिनार करते हुए केवल अपने वार्ड में विकास कार्य कर रहे हैं। वार्ड नंबर 13 के सभासद वसीम अहमद ने ज्ञापन में हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्शाते हुए सभी वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करने पर सहमति व्यक्त की थी। जिस पर एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभासदों से जांच के उपरांत कुछ दिन का समय मांगते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया था। वार्ड सभासद मनोज कुमार सहित अनेक सभासदों का कहना है कि ज्ञापन दिए हुए लगभग दो सप्ताह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। ज्ञापन देने वालों में चमन सिंह, रुखसाना, मोहम्मद इलियास अंसारी, सोनम कौर, प्रियंका सैनी, मनोज कुमार, जमीला खातून, नदीम अहमद, रिहाना परवीन, पिंकी सैनी, मंजू आदि सभासदों के हस्ताक्षर हैं। सभासदों का कहना है कि एसडीएम अभी जांच पूर्ण होने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं। वहीं एसडीएम का कहना है कि उन्होंने ईओ प्रियंका चौधरी को जांच करने भेजा था। अब वह इस मामले को गंभीरता से लेंगे।

# प्रतिबंधित पशुओं की न करे कुर्बानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी से आगामी त्योहार को आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही खुले में कुर्बानी न करने व साफ-सफाई की अपील की गई।


ठाकुरद्वारा कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक में शामिल अधिकारी व अन्य।

- शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की

नगर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। कहा कि प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। उनके रक्त को नालियों में न बहाएं। साथ ही कुर्बानी की फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें। डिप्टी एसपी राजेश कुमाल तिवारी ने बताया कि कुर्बानी के बाद अवशेषों को गड्ढे में दबाए व सफाई का ध्यान रखे। लोगों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से ईद उल अज़हा के दिन नगर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने का आग्रह किया। बैठक में अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान, लघु उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गौरव चौहान, राकेश दानव, कमलेश कुमार, शाहनवाज खान, सादिक सिद्दीकी, मुख्तियार सैफी, संजीव सिंघल, अबरार सैफी, मुजीबुर रहमान, जरीफ मलिक, इस्लाम कुरैशी, लारिव मंसूरी अब्दुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज बसों का नए रोडवेज बस स्टैंड पर होगा ठहराव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील में पुलिस, प्रशासन एवं रोडवेज परिवहन अधिकारियों की बैठक में नए रोडवेज बस स्टैंड पर रोडवेज बस का ठहराव कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही ऑटो व ई रिक्शा को नए रोडवेज बस स्टैंड पर खड़ा करने का निर्णय लिया गया।

मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर नगर में रोडवेज बस पुराने बस स्टैंड पर खड़े होने से मुख्य मार्ग पर जाम लग जाता है। इस दौरान ई रिक्शा एवं ऑटो चालक भी लापरवाही बरत रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्र वासियों ने शासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से जाम लगने की शिकायत की थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए एसडीम विनय कुमार सिंह, सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार कांठ आनंद कुमार नायक, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार, नायब तहसीलदार योगेश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रियंका सिंह एवं रोडवेज परिवहन विभाग के अधिकारियों की एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि जनता को जाम से निजात दिलाने के लिए पुराने रोडवेज स्टैंड पर रोडवेज बसों का ठहराव रोका जाएगा और नए बस स्टैंड पर रोडवेज परिवहन की बसें खड़ी होंगी। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि अगर रोडवेज का कोई चालक पुराने बस स्टैंड पर रोडवेज बस खड़ी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि गढ़ी एवं नगर कांठ की चौकी पर पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

### ईद उल अजहा को लेकर अधिकारियों ने दिए निर्देश

**छजलैट, अमृत विचार :** ईद उल अजहा को थाना में सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों को ईद की कुर्बानी की गाइडलाइंस के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी और न ही सड़क पर नमाज पढ़ी जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम विनय कुमार, क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार, थाना अध्यक्ष अर्जुन त्यागी और ग्राम प्रधान शमीम अहमद, डॉक्टर जहीर खान, रिजवान, नजरे आलम, शाहिद, बशारत, ऋषिपाल सिंह, रिजवान, जाकिर हुसैन, अफजल, बिलाल, इरफान, परम सिंह, करनसिंह, कमल सिंह आदि उपस्थित रहे।

**विरोध** आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया

# विहिप बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर कश्मीर में हुए आतंकी हमले से नाराज विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकाल कर आतकंवाद का पुतला फूंका व राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार मिश्रा को सौंपा।

बुधवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता एसडीएच इंटर कॉलेज के मैदान में भारी संख्या में एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने 9 जून को कश्मीर में वैष्णो देवी के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों के हमले में मारे गए 10 श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त किया। बाद में जिला संयोजक शंकर राजपूत, जिला विद्यार्थी प्रमुख साजन शर्मा, नगर अध्यक्ष लकी चौहान व जिला सत्संग प्रमुख पंकज कुमार के नेतृत्व में मुख्य मार्गों पर आतंकवाद के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया व जुलूस निकाला। जुलूस ब्लॉक परिसर, पशुपति गेस्ट हाउस, कमलापुरी चौराहा आदि से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा जहां आतंकवाद के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। बाद में सभी कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजय कुमार मिश्रा को सौंपा। इसके बाद तहसील मुख्यालय के गेट पर आतंकवाद का पुतला फूंक कर नारेबाजी की। इस दौरान लकी चौहान, प्रदीप पाल, वरुण राय, सुभाष कुमार, कल्याण सिंह, भूपेंद्र सिंह, साजन शर्मा, सोमपाल सिंह, पंकज सिंह, अरविंद कुमार, अंकुल कुमाल, रिंकू, अनिकेत आदि मौजूद रहे।



तहसील मुख्यालय के गेट पर आतंकवाद का पुतला फूंकते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### मांगों को लेकर भाकियू टिकैत की वार्ता आज

**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की कार्यकारिणी सहकारी गन्ना विकास समिति में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारी और मिल अधिकारियों के साथ निर्णायक वार्ता करेगी।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी यूपी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने बताया कि आज किसान अपनी विभिन्न मांगों जैसे गन्ना सीजन शुरू होने से पहले क्रय केन्द्रों के प्लेटफार्म बड़े करने, किसानों को खाद समिति और स्टोरों से उपलब्ध कराने, विद्युत कटौती बंद करने, पिछले वर्ष लाल सड़न रोग लगने से किसानों के गन्ने में नुकसान का मुआवजा मिलने आदि की मांग की गई थी। इन सभी मांगों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारी और मिल अधिकारियों के साथ गुरुवार को निर्णायक वार्ता की जाएगी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/
एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/
डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/
बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### एमए पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षा फार्म 15 से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमए के सम सेमेस्टर के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म 15 से 23 जून तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 25 जून तक भरे हुए फार्म विभाग में जमा करने होंगे और विभागों को फार्म सत्यापित करने होंगे।

### बीएएमएस के परीक्षा फार्म भी अब 20 तक भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय ने बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष (बैच 2018, 2019 और 2020) की मुख्य एवं पूरक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। फार्म 3 जून से भरे जा रहे हैं। अब छात्र 20 जून तक ऑनलाइन फार्म भरकर 22 जून तक महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।

# दरोगा ने मांगी 5 लाख रुपये की रिश्वत, 50 हजार लेते धरा गया

## जमीन की धोखाधड़ी के मुकदमे से नाम निकालने के लिए मांगी थी घूस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा राम अवतार को कोर्ट में पेश करने के बाद भेजा जेल

**अमृत विचार :** विजिलेंस की टीम ने प्रेमनगर थाने के दरोगा रामऔतार को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरोगा ने थाना किला में जमीन की धोखाधड़ी के दर्ज मुकदमे की विवेचना से नाम निकालने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। दरोगा के खिलाफ विजिलेंस थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम ने दरोगा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

> धोखाधड़ी के मुकदमे से नाम निकालने के बदले में दरोगा ने पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। नरियावल से दरोगा को 50 हजार रुपये लेते गिरफ्तार किया गया है।
> –अरविंद कुमार, एसपी विजिलेंस

थाना किला में दो महीने पहले मिरधान मोहल्ला निवासी हरीश चंद्र अग्रवाल ने जमीन की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में विवेचना में क्यारा, कैंट निवासी रेखा रानी और उत्तराखंड निवासी उमेश उपाध्याय के नाम शामिल किए गए थे। इस मामले में विवेचना से नाम निकालने के लिए पुलिस से साठगांठ की बात सामने आई तो पीड़ित ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी ने मुकदमे की विवेचना प्रेमनगर थाने में तैनात दरोगा रामऔतार को दी। आरोप है कि दरोगा रामऔतार ने मुकदमे से उमेश और रेखा का नाम निकालने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी। दरोगा ने रिश्वत की पहली किस्त देने के लिए उमेश को अपने किराये के मकान पर नरियावल में बुलाया। उमेश ने इसकी शिकायत विजिलेंस के एसपी अरविंद कुमार से की। जिस पर एसपी विजिलेंस ने ट्रैप टीम तैयार की। मंगलवार रात को उमेश ने नरियावल में 50 हजार रुपये दरोगा को दिए तो विजिलेंस टीम ने दरोगा को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के घर की भी तलाशी ली।

### नहाते समय गंगा में डूबे चार बच्चे, एक की मौत

**कछला (बदायूं), अमृत विचार :** कछला गंगा घाट आए आगरा के परिवार के चार भाई-बहन गंगा स्नान के दौरान डूब गए। गोताखोरों और नाविकों ने चार को बचा लिया, एक बच्चे की मौत हो गई। साथ ही एटा निवासी एक अन्य बुजुर्ग भी गंगा में डूब गया। उसे बचा लिया गया। आगरा के थाना एहतमादपुर क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी कृपाल यादव अपनी बहन, भांजे, भांजी समेत 14 लोगों के साथ गंगा स्नान के लिए कछला आए थे। उनका 14 साल का बेटा प्रशांत, 11 साल का बेटा निशांत, 11 साल की भांजी विशाखा और 15 साल का भांजा प्रसव यादव गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर सुनकर गोताखोरों और नाविकों ने गंगा में छलांग लगा दी। विशाखा, प्रशांत, प्रसव को सकुशल बचा लिया लेकिन निशांत लापता हो गए। तकरीबन आधा घंटे बाद निशांत मिला। सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### एमबीबीएस की पूरक परीक्षा के फार्म अब 22 तक भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस द्वितीय और तृतीय प्रोफेशनल भाग एक एवं दो की पूरक परीक्षा 2024 के फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून थी लेकिन छात्रहित में इसे बढ़ाकर 20 जून कर दिया गया है। छात्र 20 जून तक ऑनलाइन फार्म भरकर 22 जून को महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।



## मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नूजल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी/पट्टाधारक / स्वामी का नाम | भूखण्ड/भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम | मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | श्री अनु दुआ पुत्र श्री तिलक राज दुआ, निवासी-म०न०-01, रामगंगा विहार, एक्सटेंशन-4, कृष्णा नगर, दिल्ली-51 | एम.आई.जी.-1 टाईप भूखण्ड सं. एम1-सी/139 | एकता विहार दक्षिणी योजना | (विक्रय विलेख) 13.03.2024 | मौहम्मद आरिफ पुत्र श्री मशकुर अहमद, निवासी-लालबाग, रामगंगा रोड, शहर मुरादाबाद। | — | विक्रेता/क्रेता |
| 2. | श्री गुरूपाल सिंह पुत्र श्री संतोष सिंह निवासी एल 5/378, शहीद उदम सिंह नगर, गली नं0- 3/4, अमृतसर। | एम.आई.जी.-1 टाईप भूखण्ड सं. एम1-सी/187 | एकता विहार दक्षिणी योजना | (विक्रय विलेख) 20.01.2024 | श्री दानिश खान पुत्र श्री अहमद खान मरहूम, निवासी-185, गुईया बाग, नई आबादी, निकट टाईल्स वाली मस्जिद, शहर मुरादाबाद। | — | विक्रेता/क्रेता |
| 3. | श्रीमती सविता बंसल पत्नी श्री मनोज बंसल, निवासी-द्वारा सूर्या हायर पर्चेज प्रा० लि०, सुभाष चौक, धामपुर, जिला- बिजनौर। | एल.आई.जी.-टाईप 'एस' भूखण्ड सं.-ID-97 | नया मुरादाबाद योजना | (विक्रय विलेख) 24.12.2020 | श्रीमती गिरजा देवी पत्नी श्री अनुरोध कुमार, निवासी- ई- 212, पामग्रीन सुपरटैक, होटल होलीडे रेजेन्सी के पीछे, शहर व जिला-मुरादाबाद। | — | विक्रेता/क्रेता |
| 4. | श्री महेश शर्मा पुत्र श्री एस०सी० शर्मा, निवासी-मकान नं० 3193, लाल दरबाजा बाजार, सीताराम, दिल्ली-110006 | भूखण्ड सं.-5बी/152 | नया मुरादाबाद योजना | (विक्रय विलेख) 14.05.2024 | श्री तरबेज अली पुत्र श्री जाहिद अली, निवासी-तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा, जिला-मुरादाबाद। | — | विक्रेता/क्रेता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज करा लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी सम्पत्ति


# इन्वर्टर का तार ठीक करने के दौरान करंट से शिक्षक की मौत

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर में बुधवार की रात को इन्वर्टर का तार ठीक करने के दौरान प्राइमरी शिक्षक करंट की चपेट में आ गया। अचेत होने पर परिजन ने उसे निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे वहां से अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में उस की मौत हो गई।

जगन्नाथपुर निवासी व्यवसायी कमलेश वार्ष्णेय का पुत्र सौरभ (30 वर्ष) बदायूं जनपद के सहसवान क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। स्कूल की छुट्टियां होने पर सौरभ इन दिनों अपने गांव आया हुआ था। बुधवार रात करीब साढ़े 8.30 बजे घर के इन्वर्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई तो वह इन्वर्टर के तार को ठीक करने लगा। इसी बीच करंट की चपेट में आकर वह बेहोश होकर गिर गया। शिक्षक को अचेत होकर गिरता देख परिजनों ने शोर मचाया और बिजली आपूर्ति बंद की। परिजन व पड़ोसी तत्काल सौरभ को लेकर बबराला और गुन्नौर में निजी चिकित्सकों के यहां पहुंचे। हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने तत्काल अलीगढ़ ले जाने की सलाह दी। अलीगढ़ अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बीमारी से तड़पती रही पत्नी बेरहमी से पीटता रहा पति

संवाददाता, रुद्रपुर

- मामला थाना ट्रांजिट कैंप इलाके का
- पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां बीमारी से ग्रसित पत्नी तड़पती रही और निर्दयी पति उपचार करने के बजाय उसे बेरहमी से पीटता रहा। जब पत्नी का धैर्य टूटा तो उसने पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जनपद रोड फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैंप निवासी अनीता ने बताया कि पिछले काफी समय से वह रसौली की बीमारी से ग्रसित है। बीमारी के कारण वह तड़पती रहती है। आरोप था कि पति से कई बार इलाज कराने की गुहार लगाई। बावजूद पति मायके वालों से उपचार कराने की बात कहकर टालमटोल करता रहा। ज्यादा दबाव बनाने पर पति घर से चला गया और चार दिन बाद यानी सात जून की रात्रि एक बजे घर लौटा और आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप था कि पति ने बीमारी में तड़पने के बावजूद भी उसे कभी लात घूंसों तो कभी लोहे की राड से बेरहमी से पीटा। इससे वह बेहोश हो गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब मकान मालिक मौके पर आए और परिवार को घटना की सूचना दी। इसके बाद मायके वालों ने उसका उपचार करवाया। पीड़िता का आरोप था कि बीमारी से ग्रसित होने के बाद भी बेरहम पति ने उसने पीटकर जान से मारने की कोशिश की।



## कार्यालय ग्राम पंचायत शहबाजपुर वि.ख. बनियाखेड़ा जिला-सम्भल

पत्रांक- मीमो / ग्रा.पं./ विकास कार्य/ निविदा/ कुटेशन/ 2024-25 दिनांकः 12.06.2024

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शहबाजपुर वि०ख० बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल मे वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.24 से 20.06.24 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20.06.24 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति वैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 420 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रत्ति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुतल | |
| 14 | मिटटी दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 16 | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/ समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर / बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी. सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइंट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मी. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेन्ट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण | नग/ फीट | |
| 33 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | वालपुटटी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/ फिट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | आर्यन सीट / Roof सीट | प्रति किलो | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |
| 42 | कटर | प्रति नग | |
| 43 | फोगिंग मशीन | प्रति नग | |
| 44 | कुर्सी | प्रति नग | |
| 45 | मेज | प्रति नग | |
| 46 | कैमरा | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शहबाजपुर
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत शहबाजपुर
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत नसीरपुर नरौली वि.ख. बनियाखेड़ा जिला-सम्भल

पत्रांक- मीमो / ग्रा.पं./ विकास कार्य/ निविदा/ कुटेशन/ 2024-25 दिनांकः 12.06.2024

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नसीरपुर नरौली वि०ख० बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल मे वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.24 से 20.06.24 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20.06.24 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति वैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 420 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रत्ति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुतल | |
| 14 | मिटटी दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 16 | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/ समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर / बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी. सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइंट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मी. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेन्ट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण | नग/ फीट | |
| 33 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | वालपुटटी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/ फिट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | आर्यन सीट / Roof सीट | प्रति किलो | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |
| 42 | कटर | प्रति नग | |
| 43 | फोगिंग मशीन | प्रति नग | |
| 44 | कुर्सी | प्रति नग | |
| 45 | मेज | प्रति नग | |
| 46 | कैमरा | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नसीरपुर नरौली
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत नसीरपुर नरौली
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुमथल वि.ख. बनियाखेड़ा जिला-सम्भल

पत्रांक- मीमो / ग्रा.पं./ विकास कार्य/ निविदा/ कुटेशन/ 2024-25 दिनांकः 12.06.2024

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुमथल वि०ख० बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल मे वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ प्लस, अन्त्येष्टि स्थल एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/ कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 13.06.24 से 20.06.24 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स मे सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20.06.24 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अपराह्न 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/ कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी. की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति वैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 420 एम.एम. बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. बिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम. एम. सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एम.एम. रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रत्ति कुंतल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुतल | |
| 14 | मिटटी दूरी सहित | प्रति घन मी. | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 16 | बाल पेटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/ समोशन 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिवोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर / बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी. सी. बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइंट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मी. | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेन्ट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा, लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत उपकरण | नग/ फीट | |
| 33 | आर. सी. सी. पिलर | नग/बैग | |
| 34 | वालपुटटी | बैग | |
| 35 | पी.वी.सी. पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली. | |
| 37 | प्लाईबोर्ड | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/ फिट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुंतल | |
| 40 | आर्यन सीट / Roof सीट | प्रति किलो | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |
| 42 | कटर | प्रति नग | |
| 43 | फोगिंग मशीन | प्रति नग | |
| 44 | कुर्सी | प्रति नग | |
| 45 | मेज | प्रति नग | |
| 46 | कैमरा | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गुमथल
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत गुमथल
वि0ख0 बनियाखेड़ा, जनपद सम्भल

## सार-संक्षेप

### पूजा पाल पर टिप्पणी मामले में 7 के खिलाफ रिपोर्ट



**प्रयागराज, अमृत विचार :** कौशांबी चायल विधानसभा सीट की सपा विधायक पूजा पाल पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पूजा पाल पर लोक सभा चुनाव को लेकर तमाम तरह की गलत पोस्ट की गयी है। इस मामले को लेकर पूजा पाल ने टिप्पणी करने वाले के खिलाफ शिकायत की है। इस मामले में 7 लोगों के खिलाफ धूमनगंज थाने नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे प्रकरण की जांच पुलिस कर रही है। सपा विधायक पूजा पाल का आरोप है कि सोशल मीडिया पर सपा छोड़कर भाजपा मे शामिल होने की बात को लेकर तमाम तरह की टिप्पणी की गयी है। पूजा पाल ने इस मामले में धूमनगंज थाने में मोनू यादव, रविराज यादव, सोनू, सेवराज सिंह, पंकज निषाद, और आदर्श के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की स्क्रीन शॉट के साथ शिकायत की थी। जिसके बाद इन सभी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### लखनऊ में आज से भीषण लू के संकेत, यलो अलर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तीन दिन बाद बुधवार को भी लू ने बेहाल किया। इससे रात में भी गर्मी बढ़ गई है। न्यूनतम तापमान बढ़कर 30 .6 डिग्री पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 44 .8 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी चार दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है। लगातार चल रही लू के कारण मौसम विभाग ने लखनऊ में यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि लगातार चार दिनों से लू चल रही है। बुधवार को 25-30 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से लू चली। अभी चार दिनों तक मौसम में कोई बदलाव होता नहीं दिख रहा है। बाराबंकी, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया और आसपास भी यलो एलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान कानपुर देहात का 47 .5 डिग्री रहा। दूसरे स्थान पर प्रयागराज का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस रहा।

### एमएसएमई पार्क स्थापित करने पर दें जोर: सचान

**लखनऊ, अमृत विचार :** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक्सप्रेस-वे के आसपास की भूमि को चिह्नित करते हुए एमएसएमई पार्क स्थापित किए जाने पर जोर दें। साथ ही अन्य जिलों में भी खाली पड़ी जमीनों की उपायुक्त उद्योग द्वारा तेजी से सूची बनायी जाए। ऐसे में निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने में असानी होगी। इस कड़ी में मंत्री ने निर्देश दिए कि राजकीय औद्योगिक स्थानों में रिक्त एवं अक्रियाशील भूखंडों को चिन्हित करते हुए नये उद्यमियों, निवेशकों को आवंटित करने की कवायद हो। राकेश सचान ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉफ्रेसिंग से एमएसएमई विभाग की समीक्षा के मौके पर दिए।

### शाइस्ता की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी हुई तेज़



**प्रयागराज, अमृत विचार :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद करीब सवा साल से फरार अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन की संपत्ति जल्द ही कुर्क कर दी जाएगी। इसकी कवायद पुलिस ने तेज कर दी है। शाहगंज इलाके में स्थित जमीन की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इस प्रापर्टी को जब्त किए जाने के बाद अतीक के परिवार और उसके गैंग को बड़ा झटका लगने की बात कही जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि राजस्व विभाग से रिपोर्ट मिलने के बाद उस प्रापर्टी को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क करने की कवायद तेज कर दी गई है। उधर, हटवा में अशरफ की बीवी जैनब के मकान को भी ढहाने की बात कही जा रही है। बताया गया है कि वक्फ बोर्ड की जमीन पर अशरफ के ससुराल वालों ने कब्जा कर लिया था और उसके बाद मकान बनवाया।

### आप के मंत्री सोमनाथ भारती केस में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट के यहां विचाराधीन मामलों में कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के चलते बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। आम आदमी पार्टी के मंत्री सोमनाथ भारती के केस में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है। लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा व सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के मामले में सुनवाई के लिए 26 जून, वहीं सपा के पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है।

### श्रीराम महायज्ञ से महंत के 86वें जन्मोत्सव का आगाज

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास के 86वें जन्मोत्सव का शुभारंभ बुधवार को हो गया। मुख्य आचार्य इंद्रदेव ने बताया कि रामचरित मानस अष्टोत्तर शत पाठ व श्रीराम महायज्ञ के साथ हुआ। 11 आचार्यों ने प्रायश्चित पूजन के साथ मणिरामदास की छावनी के योग व प्राकृतिक चिकित्सालय परिसर में बने यज्ञमंडप में मुख्य यजमान आलोक सिंह ने संकल्प कर आहुतियां डालने का क्रम प्रारंभ किया। शाम को पांच बजे श्री राम महायज्ञ के माध्यम से देश की उन्नति और सनातन धर्म की रक्षा के लिए आहुति डाली गई। संयोजक मणिरामदास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि जन्मोत्सव को 21 जून तक मनाया जाएगा। जन्मोत्सव में देश भर के धर्म गुरु जुटेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। 14 जून से आठ दिवसीय कथा का भी आयोजन किया जाएगा।

### रामनगरी में रन फॉर योगा आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में गुरुवार से योग महाकुम्भ 2024 का आयोजन हो रहा है। इसमें राष्ट्रीय योग वीर सम्मान समारोह का भी आयोजन होगा। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशीष अवस्थी और यूपी के महासचिव दीपेश ने बताया कि पहले दिन 13 जून को सुबह पांच बजे रन फॉर योगा का आयोजन होगा। जो रामपथ तुलसी उद्यान से लेकर लता चौक धर्म पथ होते हुए राम पैड़ी पर समाप्त होगा। उसके बाद आयुष विभाग के देख रेख में समान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग उत्तर प्रदेश, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा आयोजित रन फॉर योगा का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर गरीशपति त्रिपाठी, इंडोनेसिया से पदश्री सम्मानित उदायना क्षेत्रिय आयुर्वेदि यूनानी अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह विष्णु करेंगे। यह कार्यक्रम योग दिवस के शुभारम्भ पर एक जागरूकता के रूप में किया जा रहा है। इसमें 18 राज्यों के छह साल के बच्चों से लेकर 65 साल तक के बुजुर्ग प्रतिभाग कर रहे हैं। सब मिलाकर करीब 800 लोग हैं। इसमें पारंपरिक और नृत्य दो श्रेणियों में योग चैम्पियनशिप होगी। 14 जून को राष्ट्रीय योग वीर अवार्ड सम्मान समरोह में चार सर्वश्रेष्ठ बच्चों को 21 हजार रुपये की नकद राशि दी जाएगी।

# सरकारी विभागों में 1900 रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

## पदोन्नति को लेकर लंबित पदों पर भी काम शुरू होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचार :** राज्य सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। इस क्रम में पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 और पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में भी 154 पद रिक्त हैं जबकि 289 पद भरे हुए हैं।

दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। ऐसे में फिलहाल लगभग 1900 रिक्त पदों पर भर्ती होनी है। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियो एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। यहां उन्होंने योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी करने का निर्देश देते हुए लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा। शासन की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र जारी किया जाए।

### लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए

शासन ने मोबाईल वेटेनरी यूनिट की कार्यप्रणाली में मिल रही शिकायतों पर विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए।

## हाईकोर्ट ने दी न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को दो न्यायिक अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए दो न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इरफान अहमद विशेष न्यायाधीश, एंटी करप्शन यूपीएसईबी, लखनऊ को अपर निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण और शोध संस्थान, लखनऊ में तथा मोहम्मद राशिद विशेष न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना को निबंधक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, लखनऊ में प्रतिनियुक्ति दी गई है। रामकिशोर (चतुर्थ) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लखनऊ का विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन यूपीएसईबी, लखनऊ के रूप में कार्यक्षेत्र बदला गया है और ज्योत्सना सिंह (प्रथम) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करते हुए विशेष न्यायाधीश, कुशीनगर, पडरौना के रूप में उन्हें पॉक्सो के मामलों को देखने की जिम्मेदारी दी गई है।

# सात साल से नियुक्ति विभाग में जमे विशेष सचिव हटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बुधवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. दो माह की छुट्टी पर गई हैं। विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर सात साल से तैनात धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया है।

यह कुर्सी काफी समय से खाली चल रही थी। वहीं, विशेष सचिव नियुक्ति का अब पूरी तरह कार्यभार विशेष सचिव खनन विजय कुमार संभालेंगे। उनके पास अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति का अतिरिक्त प्रभार था। अध्ययन अवकाश से लौटे डा. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बनाया गया है। आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाना है। एक दर्जन से अधिक जिलों के डीएम को भी हटाए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डा. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है। केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

### आईएएस अभिषेक सिंह की वापसी पर रोक

इस बीच, 2011 बैच के आईएएस अभिषेक सिंह के नौकरी में दोबारा आने के प्रयास पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा अभिषेक सिंह की सेवा में पुन: वापसी के प्रार्थना पत्र पर मांगी गई आख्या व सहमति को अस्वीकृत कर दिया है और अपनी संस्तुति भेज दी है।

# भर्ती घोटाले में डीआईओएस से 4 घंटे में पूछे 30 सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** फर्जी भर्ती घोटाले में बुधवार को एसआईटी ने बड़े अधिकारियों को थाने बुलाकर पूछताछ की। तत्कालीन डीआईओएस-द्वितीय से एसआईटी ने चार घंटे की पूछताछ के दौरान 30 सवालों पर जवाब मांगे। जानकारी के अनुसार एसआईटी इस मामले में तत्कालीन डीआईओएस द्वितीय की भूमिका संदिग्ध मान रही है। मामला 9 फर्जी शिक्षको की भर्ती का है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले की आंच बड़े अधिकारियों तक पहुंच रही है। मामले की जांच कर रही एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम) ने तत्कालीन डीआईओएस-द्वितीय मुन्नीलाल को बुलाया था। टीम ने उनसे पैनल भर्ती प्रक्रिया, मामले का सत्यापन न होना, पैनल में शामिल 9 नामों में से दोनों नियुक्तियां बालिका विद्यालय में ही होना, नियुक्ति के दौरान कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की भूमिका व उच्च अधिकारियों की भूमिका से संबंधित तीस सवाल पूछे। टीम से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि पूर्व डीआईओएस मुन्नीलाल कई सवालों के सीधा उत्तर देने से बचते रहे। उन्होंने कई बार प्रकरण पुराना होने की बात कही। ऐसे में टीम ने अब उन्हें दोबारा बुलाने की बात कही है।

### पूर्व डीआईओएस से भी हो सकती पूछताछ

पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह ने भी एसआईटी इस मामले में जल्द पूछताछ कर सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण के दौरान वह यहां तैनात थे। ऐसे में उनसे पूछताछ से अहम खुलासे भी हो सकते हैं।

## आपूर्ति में गड़बड़ी पर दो अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी पर दो अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश दिये, साथ ही, दो अभियंताओं को कड़ी चेतावनी दी। अध्यक्ष बुधवार को शक्ति भवन में बिजली आपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने प्रयागराज क्षेत्र (प्रथम) व फतेहपुर के अधीक्षण अभियंताओं को आरोप पत्र देने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने राजस्व वसूली कम होने, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने व उपभोक्ताओं को बिल उपलब्ध कराने में खामियां पाये जाने पर अधिशासी अभियंता कौशांबी व अधिशासी अभियंता खागा को सख्त चेतावनी दी। अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न हो रहे बिजली संकट को दूर करने के लिए कारगर उपाय किये जायें।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार को आवेदन 15 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शासनादेश जारी, निदेशालय ने जारी किया आवेदन से लेकर चयन तक शेड्यूल

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार मिल सके, इसके लिए आवेदन 15 जून से शुरू हो जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। शिक्षक अपना आवेदन www.prernaup.in पर कर सकेंगे। इसके लिए चयन समितियों को भी गठित कर दिया गया है।


सभी आवेदनों का जनपद स्तरीय चयन समिति अभिलेखीय आधार पर 15 से 25 जुलाई तक सत्यापन करेगी। इसके बाद फिर दो शिक्षकों का चयन करके बाद में पोर्टल के माध्यम से जिला स्तरीय समिति की ओर से राज्य चयन समिति को भेजना होगा। राज्य चयन समिति 26 जुलाई से 10 अगस्त तक पुनर्मूल्यांकन के साथ शिक्षकों का चयन करेगी। इस बारे में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए सभी जनपदों के अध्यापक आवेदन कर सकते हैं। सत्यापन के दौरान इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा कि सत्यापित किया गया कोई भी अध्यापक अध्यापिका आपराधिक पृष्ठभूमि का न हो।

### ये अध्यापक कर सकते हैं आवेदन

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए वहीं शिक्षक आवेदन कर सकते हैं, जिनकी स्कूल में 100 प्रतिशत उपस्थिति हो। इसके साथ ही सेवानिवृत्त होने में पांच साल से कम समय है तो आवेदन मान्य नहीं होगा। प्राथमिक विद्यालयों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 105 से कम एवं कम्पोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राएं से कम नामांकन न हो। संविदा शिक्षक एवं शिक्षामित्र इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है। साथ ही अवकाश प्राप्त, सेवा निवृत्त शिक्षक, शैक्षिक प्रशासक, विद्यालय निरीक्षक एवं प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्थाओं के प्रशिक्षक इस पुरस्कार के लिए अर्ह नहीं है।

# दहेज के मामलों में पूर्ण धारणा के आधार पर निर्णय करना अनुचित: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न और पत्नी की हत्या के आरोपी की सजा को रद करते हुए कहा कि यह न्यायिक मर्यादा है कि एक न्यायाधीश किसी मामले का निर्णय खुले मन से करे, न कि किसी पूर्व धारणा के आधार पर। अपने निष्कर्षों को उचित ठहराने के लिए मनमाने ढंग से साक्ष्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करना न्यायिक पीठ को शोभा नहीं देता है।

कोर्ट ने आगे यह भी माना कि महिला द्वारा अपने पति पर बिक्री रद्दीकरण कार्यवाही को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए आत्मदाह करने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने साजिद की अपील स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें वर्ष 2019 में अपर सत्र न्यायाधीश, हापुड़ द्वारा आईपीसी की विभिन्न धाराओं और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दोषसिद्धि और 10 वर्ष की सजा को चुनौती दी गई थी।

मृतक महिला के पिता ने प्राथमिकी में आरोप लगाया कि सास, ससुर, पति साजिद और देवर बार-बार मृतका से चार पहिया गाड़ी और दो लाख के अतिरिक्त दहेज की मांग करते थे, साथ ही 200 गज के प्लॉट को लेकर भी विवाद चल रहा था। ट्रायल कोर्ट ने मामले में पति को दोषी ठहराया और शेष आरोपियों को बरी कर दिया। अपील पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि पीड़िता ने शादी के 15 सालों के दौरान अपने पति और ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग के बारे में अपने माता-पिता या पुलिस को कभी नहीं बताया। गवाहों और साक्ष्यों से यह भी पता चलता है कि पति ने अपनी पत्नी के नाम पर 200 गज का एक प्लॉट खरीदा था, जिसे पत्नी ने अपने पिता की सहायता के उद्देश्य से कथित तौर पर किसी और को गुप्त रूप से बेच दिया था।

रिकॉर्ड से पता चलता है कि दंपति शादी के बाद से परिवार से अलग रह रहे थे, इसलिए ससुराल वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज मांगने का कोई सवाल नहीं उठता है। कोर्ट ने पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर माना कि मृतका के शरीर पर मिट्टी के तेल की कोई गंध नहीं थी। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि महिला और उसके पिता ने पिता द्वारा दो प्लॉट खरीदे जाने और उसके पति द्वारा उन प्लॉटों को हड़पने के कथित प्रयासों के बारे में झूठी कहानी गढ़ी थी। पिता और बेटी ने मामले के तथ्यों में हेरा-फेरी की है, जिससे उनकी पूरी गवाही अविश्वसनीय प्रतीत होती है, इसलिए कोर्ट ने पति की अपील स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट के दोषसिद्धि और सजा के फैसले को रद कर दिया।


## वर्ग पहेली-99

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।
5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।
8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।
9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश, न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।
10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड
11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।
2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।
4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।
5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है
6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।
7. खनखन करने वाली चीज़।



### वर्ग पहेली -98 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ट | ■ |
| 3 सिं | ■ | 4 छु | ■ | ■ | क | ■ |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | ■ | 7 खुं |
| त | ■ | मु | ■ | 8 चा | फं | द |
| ■ | 9 पि | न | पि | न | ■ | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | र |

## सुडोकू-12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 4 | | | 7 | |
| | 4 | | 3 | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | | 9 | | 8 | |
| | | 5 | | 1 | | | 3 | |
| 4 | 1 | 7 | | | | 2 | 9 | 6 |
| | 8 | | | 6 | | 4 | | |
| | 3 | | 4 | | | | 2 | 9 |
| | 2 | | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | | 5 | | | | 1 |

### सुडोकू - 11 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05.08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष:** आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं, लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

**वृष:** आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मिथुन:** आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

**कर्क:** आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

**सिंह:** आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

**कन्या:** आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे, वह आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक:** आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

**मकर:** आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

**मीन:** आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
प्रेम दीवाने — सुबह : 10.03
हिरासत — रात : 07.00

**&pictures**
खूंखार — सुबह : 10.43
जर्सी — रात : 08.00

**Sony Pix**
स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज — सुबह : 10.40
इट — रात : 09.00

**Zee Cinema**
रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.09
मायोन — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
रंगीला — सुबह : 11.46
क्वीन — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1080 बोल्ड 1110 डीएमओ 820।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से 105 चना देसी : 60से 70 चना काबली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### 2023-24 में सूक्ष्म ऋण देने में एनबीएफसी एमएफआई सबसे आगे

**कोलकाता।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक वितरित किए गए सूक्ष्म ऋण का लगभग 40 प्रतिशत एनबीएफसी-एमएफआई द्वारा दिया गया। ऋण वितरण में अनुसूचित बैंकों का हिस्सा 33 प्रतिशत रहा। सूक्ष्म वित्त संस्थानों के निकाय माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (एमएफआईएन) ने कहा कि एनबीएफसी-एमएफआई देश में सूक्ष्म ऋण के सबसे बड़े प्रदाता हैं। 31 मार्च, 2024 तक सूक्ष्म ऋण देने वाली इकाइयों का कुल ऋण पोर्टफोलियो 4.33 लाख करोड़ रुपये था।

### मोबाइल प्रौद्योगिकी से की जाएगी पशुधन गणना

**नई दिल्ली।** सरकार सितंबर-दिसंबर की अवधि में मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 21वीं पशुधन गणना करेगी। इसका उद्देश्य देश भर में विभिन्न पशु प्रजातियों के बारे में विस्तृत आंकड़ा जुटाना है। सरकार ने बुधवार को कहा कि पशुधन गणना में सभी गांवों और शहरी वार्डों को शामिल किया जाएगा।

# मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

**अब** जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना:** तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।


रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार।

**100 दिन के एजेंडे को समझना:** स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

**बुनियादी ढांचा विकास:** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

**डिजिटल परिवर्तन:** डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

**कृषि सुधार:** किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

**निष्कर्ष :** मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालांकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएं वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

**ध्यान दें :** इस लेख में उल्लिखित स्टॉक केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और इन्हें वित्तीय सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने में जोखिम शामिल है और कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले गहन शोध करना या परामर्श आवश्यक है।

**वित्तीय समावेशन:** वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

**क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं:** उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

**1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश:** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

**मध्यम अवधि का निवेश:** अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

**दीर्घकालिक निवेश:** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

**2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश:** इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

**मध्यम अवधि का निवेश:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

**दीर्घकालिक निवेश:** प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5जी तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, कंपनी को निरंतर विकास से लाभ होगा।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,750 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,750-54,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,600 |
| चांदी पक्की | 883 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,050 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## सोने की कीमत में 250 और चांदी में 800 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

## अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

## चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

## जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

- इरडा ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों के लिए लागू किया नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा-यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।



# दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि




किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।

अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

### न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

# ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन माझी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

भुवनेश्वर, एजेंसी

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए। ●

यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य लोग शामिल हुए।

सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली।

## चंद्रबाबू ने संभाली आंध्र की कमान, पवन कल्याण बने उपमुख्यमंत्री

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभांलेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।


मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

## एक नजर

### येदियुरप्पा ने की पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग करते हुए राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। श्री येदियुरप्पा ने 12 जून को दायर की गई याचिका में तर्क दिया गया है कि शिकायत में अपराध के किसी भी तत्व का अभाव है। यह मामला 14 मार्च का है, जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### ठाणे में एक रसायन कारखाने में लगी आग

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में बंद पड़े एक रसायन कारखाने में बुधवार को सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि आग से अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग के साथ-साथ कारखाने की एक इकाई में विस्फोट भी हुआ है। उन्होंने कहा कि कारखाने से निकल रहे धुएं को दूर से देखा जा सकता था। यह कारखाना अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है।

## लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से किया सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा-यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा-हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा-यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या कोई प्राथमिकी दर्ज की है।

## केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने जमानत के लिए हाईकोर्ट का किया रुख

**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने नियमित जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया है। जमानत याचिका के 14 जून को उच्च न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है। कुमार को 31 मई को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। तीस हजारी की एक निचली अदालत ने सात जून को यह कहते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था कि वह गंभीर और संगीन आरोपों का सामना कर रहे हैं और ऐसी आशंका है कि वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

## मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, कई अन्य अस्पताल में भर्ती

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

## कोर्ट नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर आज करेगी सुनवाई

- अलग-अलग दायर तीन याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को तीन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जो मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा 'नीट-यूजी 2024' से संबंधित हैं। इनमें से एक याचिका शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला ने दायर की है।

उच्चतम न्यायालय की अद्यतन कार्यसूची के अनुसार, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के आयोजन से जुड़ी



याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। 'फीजिक्स वाला' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को कथित तौर पर मनमाने तरीके से कृपांक दिए जाने के खिलाफ सर्वोच्च अदालत का रुख किया है। न्यायालय ने अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और जे. कार्तिक द्वारा अलग-अलग दायर दो याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

### कोई पेपर लीक नहीं हुआ है: एनटीए

एनटीए अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि नीट-यूजी परीक्षा में 63 विद्यार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने के मामले सामने आए, जिनमें से 23 छात्रों को अलग-अलग अवधि के लिए परीक्षा देने से प्रतिबंधित कर दिया गया, लेकिन उन्होंने दोहराया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पवित्रता से समझौता नहीं किया गया है और कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले शेष 40 अभ्यर्थियों के परिणाम रोक दिए गए हैं।

### फीजिक्स वाला ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है।



# इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

इंग्लैंड vs ओमान
रात 12 :30 बजे

नॉर्थ साउंड, एजेंसी




अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

# उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

मैच : रात 8 :00 बजे



बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



# करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी

मैच : सुबह 6 :00 बजे

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

## खेल डायरी

### पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन



**कोच्चि।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### 2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया





**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

### साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज



**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

# भारत मैच जीता, अमेरिका ने जीते दिल

## 19वें ओवर में भारत ने अमेरिका को 7 विकेट से हराया, सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक

न्यूयॉर्क, एजेंसी




अर्शदीप के नौ रन पर चार विकेट के बाद सूर्यकुमार यादव नाबाद (50) और शिवम दुबे नाबाद (31) रनों की जुझारु पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंच गया, लेकिन अमेरिका की टीम एक समय टीम इंडिया पर भारी पड़ती नजर आई।

111 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने 15 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये थे। विराट कोहली (शून्य) रोहित शर्मा (3) रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को सौरभ नेत्रवलकर ने आउट किया। आठवें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में ऋषभ पंत (18) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में नाबाद 50 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने नाबाद 31 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 67 रनों की साझेदारी हुई। भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

इससे पहले नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप का शिकार बने। स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितीश कुमार ने 23 गेंदों में सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। कोरी एंडरसन (15), हरमीत सिंह (10) और जसदीप (2) रन बनाकर आउट हुए। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने आठ विकेट पर 110 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट लिए। हार्दिक ने दो और अक्षर को एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| अमेरिका 110/8 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 0 | 0 | 0/0 |
| स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर | 24 | 30 | 0/2 |
| एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप | 2 | 5 | 0/0 |
| अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक | 11 | 22 | 0/1 |
| नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप | 27 | 23 | 2/1 |
| कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक | 14 | 12 | 1/1 |
| हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप | 10 | 10 | 0/1 |
| शैडली वैन नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |
| जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज) | 2 | 7 | 0/0 |


अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

| भारत 111/3 (18.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै हरमीत बो सौरभ | 3 | 6 | 0/0 |
| विराट कोहली कैच एंड्रीज बो सौरभ | 0 | 1 | 0/0 |
| ऋषभ पंत बोल्ड अली खान | 18 | 20 | 1/1 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 50 | 49 | 2/2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 | 35 | 1/1 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : सौरभ 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शैडली वैन 4-0-25-2, एंडरसन 3-0-17-0

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |



# नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में

नॉर्थ साउंड, एजेंसी



जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।



मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

# बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

# दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन



भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया



**लिस्बन।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

### द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

# कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।



बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

# अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

# गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

### घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।



इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

### मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

### हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गंधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

## एक नजर

### कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

**किंशासा।** पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

### फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

**पेरिस।** फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है। हार्डी ने 2024 में घोषणा की कि वह फिर कभी नहीं गा सकेंगी।

### हंगरी के प्रधानमंत्री से मिलेंगे नाटो प्रमुख


**मॉस्को।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग बुधवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है।

# उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए : सेना

## पूर्व में इजरायली हमलों में मारे गए थे हिजबुल्लाह के चार सदस्य

यरूशलम, एजेंसी

- अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर जाकर गिरे
- गोलाबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया



इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया। उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर गिरे। सेना ने कहा कि विवरण की जांच की जा रही है। अब तक, इजरायल की ओर से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। नवीनतम गोलाबारी के जवाब में, इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया। ऊपरी गैलिली क्षेत्रीय परिषद ने निवासियों से अतिरिक्त गोलीबारी का हवाला देते हुए बाहरी गतिविधियों को केवल आवश्यक कार्यों तक सीमित करने का आह्वान किया।

### प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

**मॉस्को।** फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

# कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

**किंशासा।** जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपाने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।



उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण टेलीकॉम देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है। ग्रामीणफोन नॉर्वे की दूरसंचार दिग्गज टेलीनॉर की सहायक कंपनी है। कंपनी पर धन शोधन का भी आरोप है।न्यायाधीश हुसैन ने कहा कि अभियोजन पक्ष पहले ही अपनी दलीलों को साबित कर चुका है, जिसमें पैसों को अवैध रूप से विदेश भेजने के आरोप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमे पर सुनवाई 15 जुलाई से शुरू होगी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# यूक्रेन को मिलेगी एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

### अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पिछले महीने के अंत में अमेरिका से पैट्रियट प्रणाली मांगी थी। मिसाइल प्रणाली भेजने का यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के रक्षा विभाग से जुड़े नेता यूक्रेन की सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपनी मासिक बैठक की तैयारी में जुटे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को ब्रसेल्स में बैठक की मेजबानी करेंगे।

# नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।



सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।



पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

### पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

**लाहौर।** पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

# हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक मुसलमान पहुंचे मक्का

मक्का, एजेंसी

- 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज यात्रा की थी

इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे।

सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था जबकि कोविड वैश्विक महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। फलस्तीनी मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मक्का पहुंचने वाले हज जायरीनों में 4,200 फलस्तीनी लोग भी शामिल हैं। मक्का की विशाल मस्जिद में मंगलवार को हज जायरीनों की भारी भीड़ दिखाई और उन्होंने काबा के चारों ओर सात बार घूमकर एक अनुष्ठान पूरा किया।

## बॉलीवुड हलचल

# निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव , विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

# अजय फिर मचायेंगे धमाल



**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे ।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

# फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

**खगोल विज्ञान** विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

# तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल

- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

### आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।



ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।